नई दिल्ली
सोमवार, 28 जुलाई 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 104
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 37.0
न्यून. 28.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 अंकिता ने 3 हजार मीटर स्टीपलचेज में जीता रजत पदक

# पीएम मोदी ने 'मन की बात' में की देशभर की सफाई पहलों की सराहना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पीएम ने स्वच्छता के अनूठे तरीकों के उदाहरण दिए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें एपिसोड में एक बार फिर 'स्वच्छता' पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'स्वच्छ भारत मिशन' जल्द ही अपने 11 साल पूरे करने जा रहा है, लेकिन इसकी ताकत और जरूरत आज भी उतनी ही बनी हुई है। पीएम मोदी ने कहा, कभी-कभी कुछ लोगों को कोई काम असंभव सा लगता है। वे सोचते हैं, क्या यह संभव भी होगा? लेकिन जब पूरा देश एक सोच पर एकजुट हो जाता है, तो असंभव भी संभव हो जाता है। स्वच्छ भारत मिशन' इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें एपिसोड में एक बार फिर 'स्वच्छता' पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि देशभर के शहर और कस्बे अपने-अपने पर्यावरण और जरूरतों के अनुसार स्वच्छता के अनूठे तरीकों को अपना रहे हैं। इस साल देश के 4500 से ज्यादा शहर और कस्बे, इसमें शामिल हुए। 15 करोड़ से ज्यादा लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। उत्तराखंड के कीर्तिनगर के लोग पहाड़ों में कचरा प्रबंधन की नई मिसाल कायम कर रहे हैं। इसी तरह, मंगलुरु में तकनीक की मदद से जैविक कचरा प्रबंधन किया जा रहा है।

▶▶ पढ़ें पेज 9 भी

## ग्रीन रोइंग इनिशिएटिव शुरू किया

अरुणाचल प्रदेश में रोइंग नाम का एक छोटा सा शहर है। एक समय था, जब कचरा प्रबंधन वहां के लोगों के स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी चुनौती थी। वहां के लोगों ने इसकी जिम्मेदारी ली। 'ग्रीन रोइंग इनिशिएटिव' शुरू किया गया और फिर रीसाइकिल किए गए कचरे से एक पूरा पार्क तैयार किया गया। कराड और विजयवाड़ा में जल प्रबंधन की कई नई मिसालें कायम हुई हैं। अहमदाबाद में रिवर फ्रंट की सफाई ने भी सबका ध्यान खींचा है। लखनऊ की गोमती नदी टीम के बारे में बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह टीम पिछले 10 सालों से हर रविवार लगातार सफाई अभियान में जुटी है। छत्तीसगढ़ के बिल्हा की महिलाओं को भी पीएम ने सराहा, जिन्होंने कचरा प्रबंधन का प्रशिक्षण लेकर शहर की तस्वीर ही बदल दी। प्रधानमंत्री ने गोवा के पणजी शहर का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि पणजी में कचरे को 16 श्रेणियों में बांटा जाता है। उसका नेतृत्व भी महिलाएं ही कर रही हैं। पणजी को 'राष्ट्रपति पुरस्कार' भी मिल चुका है।

### भोपाल की सकारात्मक सोच

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने भोपाल की 'सकारात्मक सोच' टीम की सराहना की। पीएम मोदी ने बताया कि यह टीम 200 महिलाओं की है जो 17 पार्कों की सफाई करने के साथ-साथ लोगों में जागरूकता भी फैला रही हैं। शहर के 17 पार्कों की एक साथ सफाई करना और कपड़े के थैले बांटना, उनका हर कदम एक संदेश है। ऐसे ही प्रयासों की बदौलत भोपाल अब स्वच्छ सर्वेक्षण में काफी आगे बढ़ा है।

### पहाड़ों में कचरा प्रबंधन की नई मिसाल

*प्रधानमंत्री ने कई स्थानों के उदाहरण देते हुए बताया, उत्तराखंड के कीर्तिनगर के लोग पहाड़ों में कचरा प्रबंधन की नई मिसाल कायम कर रहे हैं। इसी तरह, मंगलुरु में तकनीक की मदद से जैविक कचरा प्रबंधन किया जा रहा है। अरुणाचल प्रदेश में रोइंग नाम का एक छोटा सा शहर है। एक समय था, जब कचरा प्रबंधन वहां के लोगों के स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी चुनौती थी। वहां के लोगों ने इसकी जिम्मेदारी ली। 'ग्रीन रोइंग इनिशिएटिव' शुरू किया गया और फिर रीसाइकिल किए गए कचरे से एक पूरा पार्क तैयार किया गया। उन्होंने बताया कि कराड और विजयवाड़ा में जल प्रबंधन की कई नई मिसालें कायम हुई हैं। अहमदाबाद में रिवर फ्रंट की सफाई ने भी सबका ध्यान खींचा है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 2000 रुपए से अधिक के लेनदेन पर जीएसटी नहीं



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से कहा गया है कि 2,000 रुपए से अधिक के यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) आधारित लेनदेन पर जीएसटी लगाने की कोई योजना नहीं है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में कहा कि जीएसटी परिषद ने 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने की सिफारिश नहीं की है।

### आरइंफ्रा और आर पावर पर ईडी की पूरी हुई तलाशी



**नई दिल्ली।** रिलायंस समूह की कंपनियों रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर (आरइंफ्रा) और रिलायंस पावर ने रविवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने उनके विभिन्न परिसर में तलाशी का काम पूरा कर लिया है। आरपावर ने स्टॉक एक्सचेंज में दायर अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा, ईडी की कार्रवाई सभी जगहों पर पूरी हो गई है।

### सुप्रीम कोर्ट में आज बीएस 6 कारों पर होगा फैसला!



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बीएस- 6 मानक वाले वाहनों पर लगे प्रतिबंध को लागू न करने की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। पीठ उस याचिका पर सुनवाई करेगी जिसमें चुनौती दी गई है कि पुरानी कारों के लिए जो सख्त उत्सर्जन मानदंड हैं, वही बीएस-6 वाहनों के लिए भी क्यों होने चाहिए। इस पर सुनवाई सोमवार को होगी।

तमिलनाडु के अरियालुर में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर पर बोले

# भारत के दुश्मनों और आतंकियों के लिए दुनिया में कोई जगह सेफ नहीं

एजेंसी ▶▶ अरियालुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु दौरे पर कहा कि आज का भारत अपनी सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा कि अगर कोई भारत की सुरक्षा और संप्रभुता पर हमला करता है, तो भारत उसे उसी की भाषा में जवाब देना जानता है।

इस ऑपरेशन ने साफ कर दिया है कि अब भारत के दुश्मनों और आतंकवादियों के लिए दुनिया में कोई जगह सुरक्षित नहीं है। जब मैं हेलीपैड से यहां आया तो तीन-चार किलोमीटर की दूरी अचानक एक रोड शो में बदल गई और हर कोई ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा कर रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश में एक नई जागृति और एक नया आत्मविश्वास पैदा किया है। दुनिया को भारत की ताकत का अहसास होना चाहिए।

▶▶ पढ़ें पेज 9 भी

### चोल साम्राज्य विकसित भारत के लिए प्राचीन रोडमैप जैसा

*पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश में एक नई जागृति और एक नया आत्मविश्वास पैदा किया है। दुनिया को भारत की ताकत का अहसास होना चाहिए*





**काशी से लाया गया गंगाजल चोल साम्राज्य की विरासत को करता है सम्मानित**

**चोल राजाओं के कार्य एक भारत, श्रेष्ठ भारत के महायज्ञ को नई ऊर्जा, नई शक्ति और नया उत्साह देते हैं**

### चोल साम्राज्य हमें प्रेरित करता है कि हमें विकसित भारत बनाना है

पीएम मोदी ने कहा कि चोल काल में भारत ने जो आर्थिक और सैन्य ऊंचाइयां हासिल कीं, वे आज भी हमें प्रेरित करती हैं। उन्होंने प्राचीन भारत के राजाओं की दूरदर्शिता को रेखांकित करते हुए कहा कि राजराजा चोल ने एक शक्तिशाली नौसेना का निर्माण किया, जिसे राजेंद्र चोल ने और मजबूत किया। यह हमें बताता है कि अगर हमें विकसित भारत बनाना है, तो हमें अपनी नौसेना, रक्षा बलों को मजबूत करना होगा और नए अवसरों की तलाश करनी होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि काशी से गंगाजल एक बार फिर यहां लाया गया है। उन्होंने कहा कि मैं काशी का जनप्रतिनिधि हूं और मेरा मां गंगा से विशेष जुड़ाव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चोल राजाओं के कार्य और उनसे जुड़ी ऐतिहासिक घटनाएं एक भारत, श्रेष्ठ भारत के महायज्ञ को नई ऊर्जा नई शक्ति और नया उत्साह देती हैं। उन्होंने चोल सम्राटों की विरासत को भारत की एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बताया।

### बृहदेश्वर मंदिर में की पूजा



इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के प्रसिद्ध बृहदेश्वर मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि भगवान बृहदेश्वर के चरणों में पूजा करने का सौभाग्य मुझे मिला। मैंने 140 करोड़ देशवासियों की भलाई और भारत की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की है। मेरी कामना है कि सभी को भगवान शिव का आशीर्वाद मिले। यह मंदिर चोल वंश की स्थापत्य कला का अद्भुत उदाहरण है और पीएम मोदी की यह यात्रा भारत की सांस्कृतिक विरासत के सम्मान का प्रतीक मानी जा रही है।

धामी ने जाना घायलों का हाल

# मनसा देवी मंदिर में करंट फैलने की अफवाह से भगदड़,8 की मौत

एजेंसी ▶▶ हरिद्वार



ट्रस्ट ने कहा एक श्रद्धालु के फिसलने से हुई भगदड़

हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर मार्ग पर रविवार सुबह भगदड़ मचने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में 22 घायल हैं और पांच लोग गंभीर घायल हैं, 23 लोग सामान्य हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी भी हरिद्वार पहुंचे और अस्पताल में घायलों का हाल जाना। सीएम ने मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश दिए हैं। मनसा देवी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि इस दुखद घटना में मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार मनसा देवी ट्रस्ट द्वारा प्रदान किए जाएंगे। मृतक के परिजनों और घायलों को उनके घर तक ले जाने के लिए ट्रस्ट द्वारा वाहन की व्यवस्था की जाएगी। करीब नौ बजे के आसपास मंदिर की चढ़ाई कर रहे श्रद्धालुओं के बीच किसी ने करंट लगने की अफवाह फैला दी, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। देखते ही देखते लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे। चीख-पुकार के बीच कई श्रद्धालु दब गए। भगदड़ की वजह मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी के अनुसार एक व्यक्ति का फिसलना था न कि बिजली का तार टूटना। स्पष्ट किया कि यह बिजली का करंट लगने की घटना नहीं थी।

### शिवालिक पहाड़ियों के ऊपर बना है मनसा देवी मंदिर

*मनसा देवी मंदिर हरिद्वार में शिवालिक पहाड़ियों पर बिल्व पर्वत पर स्थित है। यह हर की पौड़ी से लगभग 3 किमी दूर स्थित है और यहां 1.5 किमी की चढ़ाई वाले रास्ते से या रोपवे के माध्यम से पहुंचा जा सकता है।*

केरल में बोले संघ प्रमुख डॉ. भागवत

# भारत को सोने की चिड़िया नहीं शेर बनना है, शक्ति भी जरूरी

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत रविवार को केरल में थे। उन्होंने शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित शिक्षा सम्मेलन ज्ञान सभा में हिस्सा लिया। अपने संबोधन के दौरान मोहन भागवत ने कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हमें फिर से सोने की चिड़िया नहीं बनना है बल्कि हमको शेर बनना है। मोहन भागवत ने कहा कि दुनिया शक्ति की ही बात समझती है और शक्ति संपन्न भारत होना चाहिए।

**भारतीय शिक्षा सेवा और त्याग की सीख दे रही :** मोहन भागवत ने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

केंद्रीय मंत्री गड़करी का बयान

# सरकार निकम्मी होती है, चलती गाड़ी को पंक्चर करने में माहिर

एजेंसी ▶▶ नागपुर



अपनी बेबाकी के लिए मशहूर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में एक कार्यक्रम में फ्रीबीज यानी 'मुफ्त की योजनाओं' पर भी चोट की। उन्होंने कहा कि सबको फोकट का कुछ चाहिए, मैं नहीं देता फोकट में कुछ। मेरे 4 साल के अनुभव के बाद मुझे ये समझ आया कि सरकार, बहुत निकम्मी होती है। कॉर्पोरेशन के भरोसे कोई काम नहीं होता। चलती गाड़ी को पंक्चर करने का एक सपर्टीज्म इनके पास होता है। नागपुर में स्टेडियम बनवाने की चाहत को लेकर उन्होंने जो रवैया देखा, उन्हीं अनुभवों के आधार पर वे ये सब बोल रहे थे। गडकरी ने कहा कि मैं नागपुर में खेलों ▶▶ शेष पेज 5 पर

# 13 साल बाद मातोश्री पहुंचे राज ठाकरे



**उद्धव को दी जन्मदिन की बधाई**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में ठाकरे बंधुओं की नजदीकी लगातार बढ़ रही है। रविवार को एक बार फिर मनसे प्रमुख राज ठाकरे, उद्धव ठाकरे को जन्मदिन की बधाई देने मातोश्री पहुंचे। राज ठाकरे करीब 13 साल बाद मातोश्री पहुंचे। उद्धवऔर पार्टी सांसद संजय राउत ने मातोश्री के द्वार पर आकर राज ठाकरे का स्वागत किया। राज ने उद्धव को जन्मदिन की बधाई देते हुए फूलों का गुलदस्ता भी भेंट किया।

केंद्रीय गृह सचिव बोले- मिलेगा पूरा वेतन और सम्मान

# अभियान के दौरान हुए दिव्यांग तो भी सेवा पर रहेंगे जवान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सीएपीएफ के अधिकारी और जवान जो अभियान के दौरान अपने अंग खो देते हैं या किसी स्थायी दिव्यांगता का शिकार हो जाते हैं, वे सेवा में बने रहेंगे। उन्हें एकमुश्त मूल मौद्रिक पैकेज के अलावा उचित पदोन्नति एवं वेतन मिलेगा। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने रविवार को यह जानकारी दी। मोहन यहां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 87वें स्थापना दिवस के अवसर पर बल के जवानों को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अधिकारियों की एक समिति गठित की गई है। उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में समिति अपनी सिफारिशों और योजना को लागू करने के तौर-तरीकों को अंतिम रूप दे देगी। अधिकारी ने कहा कि पिछले दशकों में अभियानों के दौरान आईईडी विस्फोट या इसी तरह की अन्य घटनाओं के कारण सैकड़ों सीएपीएफ कर्मी अपने पैर, हाथ या आंखें खो चुके हैं और स्थायी दिव्यांगता का शिकार हो चुके हैं। अधिकारी ने बताया कि हालांकि ऐसे मामले बहुत कम हैं, जहां किसी जवान या अधिकारी को ऐसी चोटों के कारण सेवा से हटाया गया हो, लेकिन कई जवानों को पदोन्नति नहीं मिलने के कारण परेशानी उठानी पड़ती है, क्योंकि वे संबंधित फिटनेस मानदंडों को पूरा करने में विफल रहते हैं। उन्होंने कहा कि समिति अपने मानदंडों में ढील देने के लिए काम ▶▶ शेष पेज 5 पर

संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा आज, कांग्रेस ने व्हिप जारी किया

# दोनों सदनों में 16-16 घंटे होगी बहस, राजनाथ करेंगे शुरुआत

### पीएम भी चर्चा में हो सकते हैं शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र में सोमवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर 16 घंटे लंबी चर्चा की शुरुआत होगी। इस चर्चा की अगुवाई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दोपहर 12 बजे करेंगे।

इसके बाद मंगलवार से राज्यसभा में भी ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर 16 घंटे की बहस होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी चर्चा में शामिल होने की संभावना है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस चर्चा के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, डिफेंस सेक्रेटरी राजेश कुमार सिंह और तीनों सेना प्रमुखों के साथ कई बैठकें की हैं। चर्चा में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और निशिकांत दुबे भी शामिल होंगे। कांग्रेस ने अपने लोकसभा सांसदों को व्हिप जारी किया है, जिसमें सोमवार से तीन दिनों के लिए सदन में उनकी उपस्थिति अनिवार्य की गई है। इस दौरान पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर बहस होनी है। नीति से जुड़े इन दो मुद्दों पर सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष के बीच तीखी बहस होने की संभावना है।



### तीन मंत्री कर सकते हैं संबोधित

*भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्षी दलों द्वारा लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा के दौरान अपने शीर्ष नेताओं को मैदान में उतारने की उम्मीद है। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए)और विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेता लोकसभा और राज्यसभा में इस बहस के दौरान अपनी बात रखेंगे। कांग्रेस ने व्हिप कर अपने सभी सांसदों को सोमवार से तीन दिनों तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर संबोधित कर सकते हैं। इसके अलावा, यह भी संभावना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं हस्तक्षेप कर सरकार की आतंकवाद के खिलाफ 'सख्त रुख' को सदन में स्पष्ट करें।*

खबर संक्षेप



## बदरपुर में टैक्सी चालक के सिर में मारी गोली, दो आरोपी दबोचे

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के बदरपुर इलाके में रविवार सुबह 24 वर्षीय एक टैक्सी चालक के सिर में गोली मार दी गई। पीड़ित की हालत गंभीर है। इस सिलसिले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर आगे कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार सुबह 6:07 बजे बदरपुर थाने को अपोलो अस्पताल से फोन कॉल आई, जिसमें गौतम सैनी नामक शख्स को गोली लगने के बाद लाये जाने की बात कहीं गई। बदरपुर थाने के एसएचओ और जांच अधिकारी अस्पताल पहुंचे। गौतम सैनी ही हालत नाजुक पाई गई। वह बयान देने की हालत में नहीं था। उसके माथे पर गोली लगी थी। बाद में सैनी को एम्स 'ट्रॉमा सेंटर' ले जाया गया। पीड़ित की हालत गंभीर, लेकिन स्थिर बताई जा रही है। गौतम गुरुग्राम के गढ़ी वाजिदपुर भोंडसी का रहने वाला है। गोलीबारी में शामिल दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हमले के पीछे का मकसद और घटनाओं के सटीक क्रम का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने हिरासत में लिए गए संदिग्धों की पहचान उजागर नहीं की है।

## रिजॉर्ट में निर्माण कार्य के दौरान गिरने से मजदूर की मौत

**नई दिल्ली।** अलीपुर थाना अंतर्गत बकौली स्थित पाम ग्रीन रिजॉर्ट में निर्माण कार्य के दौरान गिरने से एक मजदूर की शनिवार को मौत हो गई। सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल से पुलिस को हादसे की सूचना मिली। मृतक शख्स का नाम मोहन (35) बताया गया है। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार एसआरएचसी अस्पताल में एक मजदूर मृत अवस्था में लाया गया था। सूचना मिलने के बाद अलीपुर चौकी से आईओ एएसआई रविंदर अस्पताल पहुंचे। मृतक शख्स की पहचान मोहन पुत्र फुलेराई निवासी पाम ग्रीन अलीपुर के रूप में हुई। रविंदर को उसका मामा बीरचंद अस्पताल लाया था। शव को आगे की कार्यवाही के लिए बीजेआरएम अस्पताल भेज दिया गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि मृतक बकौली स्थित पाम ग्रीन रिसॉर्ट में निर्माण कार्य कर रहा था। निर्माण कार्य करते समय वह गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## घर में आग लगने से महिला की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली की भगत सिंह कॉलोनी में एक घर में रविवार सुबह आग लगने से 40 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान मंजू जैन के रूप में हुई है। न्यू उस्मानपुर थाने की पुलिस मामले में जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार आग लगने की सूचना सुबह करीब सात बजे मिली। सूचना मिलने के बाद दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि आग घर के भूतल पर लगी थी। मंजू जैन को इमारत से निकालकर जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

### उत्तम नगर इलाके में दिया था वारदात को अंजाम

# हत्या कर शव जलाने के केस में भगौड़ा अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

उत्तम नगर थाना एरिया में हुए एक नृशंस हत्याकांड में वांछित अपराधी को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान छिपाने के लिए उसके शव को जला दिया गया था। मुकदमे के दौरान आरोपी अदालती कार्यवाही से बचता रहा। इसलिये न्यायालय द्वारा उसे भगौड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया था। पुलिस गिरफ्त में आये आरोपी शख्स का नाम अंताज अंसारी बताया गया है। 33 वर्षीय आरोपी मूलरूप से सिवान, बिहार का रहने वाला है और दिल्ली में ओम विहार फेज 5, उत्तम नगर में रहता था। इसने शराब पीने के दौरान हुये झगड़े में अपने ही मकान मालिक की हत्या



कर दी थी। हत्या में इसका एक और साथी शामिल था।

पुलिस के अनुसार आरोपी के पहचान बदलकर पंजाब में छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद हेड कांस्टेबल रविंदर सिंह को उसके पीछे लगाया गया। एक गेस्ट हाउस से आरोपी को पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह उत्तम नगर में रहीम उर्फ सलमान (45) पुत्र अमीरुद्दीन के घर में किराए पर रह रहा था। 25/26 नवंबर 2016 की रात को रहीम, अंताज और उसके एक दोस्त देवेंद्र उर्फ छोटा बल्ले ने अंताज के कमरे में बैठकर शराब का सेवन किया। इनके बीच अचानक झगड़ा हुआ और गुस्से में आकर देवेंद्र और अंताज ने रहीम की छाती पर लोहे की रॉड से वार कर दिया। फिर उन्होंने उसे ईंट से मारा। इसके बाद उन्होंने रसोई के चाकू से उस पर वार किया। जब रहीम की मौत हो गई तो उन्होंने शव को कंबल में लपेटकर उत्तम नगर के मोहन गार्डन स्थित एक खाली प्लॉट में फेंक दिया। उन्होंने दीवारों और फर्श से खून के धब्बे हटाने के लिए कमरे की सफाई की। अगले दिन उन्होंने फिर से शराब पी और यह पुष्टि करने के लिए प्लॉट पर गए कि रहीम मर गया है या नहीं। यह पुष्टि करने के बाद कि रहीम मर गया है, उन्होंने सबूत मिटाने के लिए शव को जला दिया था। इसके बाद आरोपी असम भाग गए, वहां अंताज का चाचा रहता था। आरोपी स्थिति का जायजा लेने के लिए 10 दिन बाद दिल्ली आए थे। चूंकि वे पैसों की तंगी से जूझ रहे थे इसलिए वे दिल्ली में डकैती की योजना बना रहे थे। इसी बीच दोनों आरोपी अपराध शाखा की टीम के हत्थे चढ़ गये थे। उस दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर पिस्तौल तक तान दी थी। इनके पास से दो अत्याधुनिक पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए थे। इस संबंध में 21 दिसंबर 2016 को अपराध शाखा थाने में मामला दर्ज किया गया था। मुकदमे के दौरान आरोपी अदालती कार्यवाही से बचता रहा और बाद में कोर्ट द्वारा इसे भगौड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया था। इसका छोटा भाई भी बलात्कार के एक मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है।

# नरेला में युवक की हत्या का आरोपी व्यक्ति अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की नई दिल्ली रेंज टीम ने इस महीने की शुरुआत में नरेला औद्योगिक क्षेत्र में हुई युवक की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आये आरोपी शख्स का नाम सदागुरु उर्फ बड़का मुर्मू बताया गया है।

पुलिस के अनुसार भोरगढ़ गांव में रेलवे की जमीन के पास 12 जुलाई को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। मृतक के सिर पर चोट के निशान थे। बाद में डैड बॉडी की शिनाख्त उत्तर प्रदेश निवासी बल्लू (23) के रूप में हुई थी। अपराध स्थल के पास कोई प्रत्यक्षदर्शी या सीसीटीवी कैमरा न होने के कारण सुराग नहीं मिल सका था। हालांकि एक टीम ने आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज खंगाले और सुराग जुटाने के लिए मुखबिरों को सक्रिय किया। झारखंड के मूल निवासी 50 वर्षीय सदागुरु उर्फ बड़का मुर्मू को 26 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। उसने अपराध कबूल कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि एक बहस के दौरान उसने लोहे के रॉड से पीट पीटकर बल्लू की हत्या की थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी का अलग अलग नामों का इस्तेमाल करने का इतिहास रहा है। वह पहले भी अपहरण के एक मामले में दोषी ठहराया जा चुका है।

# बब्बर खालसा से जुड़ा एक और हथियार तस्कर किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से कथित रूप से जुड़े और इस साल की शुरुआत में पंजाब में एक थाने पर ग्रेनेड हमले में शामिल रहे 22 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शख्स का नाम करणबीर उर्फ करण बताया गया है। इसे गुरदासपुर से गिरफ्तार किया गया। हाल ही में इसका एक साथी स्पेशल सेल द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस के अनुसार अमृतसर के चनानके गांव के रहने वाले करणबीर को 26 जुलाई को गुरदासपुर से शस्त्र अधिनियम के केस में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि करणबीर पंजाब के बटाला में किला लाल सिंह थाने पर सात अप्रैल को हुए ग्रेनेड हमले का भी मुख्य आरोपी है। डीसीपी अमित कौशिक ने बताया कि इस घटना की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) कर रहा है। अधिकारी ने बताया कि केस से जुड़े एक अन्य आरोपी आकाशदीप उर्फ बाज को



- पंजाब में थाने पर ग्रेनेड हमले में था शामिल
- एक आरोपी हाल ही में चढ़ा था पुलिस के हत्थे

22 जुलाई को इंदौर से गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान आकाशदीप ने ग्रेनेड हमले में अपनी संलिप्तता का खुलासा किया था और बीकेआई से जुड़े अन्य लोगों के नाम बताए। हमले की जिम्मेदारी लेने संबंधी एक पोस्ट सोशल मीडिया पर सामने आई थी, जिसे कथित तौर पर बीकेआई के कार्यकर्ताओं हैप्पी पासिया, मन्नू अगवान और गोपी नवांशहरिया ने साझा किया था। आकाशदीप की निशानदेही पर करणबीर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान करणबीर ने खुलासा किया था कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से विदेश में मौजूद बीकेआई आकाओं के संपर्क में था और उसे आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के निर्देश मिल रहे थे। पुलिस ने बताया कि उसने पिछले साल पश्चिम एशिया के एक देश की यात्रा भी की थी और अप्रैल में हुए हमले के लिए उसे रकम प्राप्त हुई थी।

## बवाना हत्या में शामिल आरोपी कुछ ही घंटों में दबोचा

**नई दिल्ली।** बवाना थाना इलाके के नांगल ठाकरान में शनिवार को हुई 30 वर्षीय मोहित की चाकू घोंपकर हत्या के मामले में पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम यश लोचव (21) निवासी औचंदी गांव बताया गया है। डीसीपी हरेश्वर के अनुसार शनिवार को नांगल ठाकरान गांव के मकान संख्या 45 बी में एक शव मिलने की सूचना बवाना थाने को मिली थी। मृतक मोहित के गले, सीने और पीठ पर चाकू के गहरे जख्म थे। कॉलर राजीव ने पुलिस को बताया कि मोहित उसके दोस्त का भाई था। उन्हें मोहित का शव घर के अंदर बिस्तर पर पड़ा मिला। अपराध की गंभीरता को देखते हुए एसीपी बवाना जोगिंदर सिंह की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया। सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण करने के बाद पुलिस ने यश लोचव को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने हत्या की बात कबूल ली। उसने खुलासा किया कि शुक्रवार को शराब पीते समय अन्य व्यक्तियों के सामने उसके और मृतक के बीच कहासुनी हुई थी। इससे दोनों में नफरत पैदा हुई और उसने मृतक की हत्या करने का फैसला किया। वह उसी रात घर में घुस गया और एक धारदार हथियार से मोहित की हत्या कर दी।

# मेट्रो में सोने के बिस्कुट चुराने के आरोप में दो पकड़े, तीन लाख रुपये बरामद

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो की चलती ट्रेन से 141 ग्राम से अधिक वजन के सोने के बिस्कुट चुराने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से चोरी के सोने के बिस्कुट की बिक्री से कथित तौर पर अर्जित राशि यानी तीन लाख रुपये बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई को अमित संतरा नामक यात्री ने बहादुरगढ़ और शादीपुर स्टेशन के बीच यात्रा करते समय बैग से सोने के बिस्कुट चोरी होने की सूचना दी। अधिकारी ने बताया कि राजा गार्डन मेट्रो पुलिस थाने में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर की गई। जांच टीम ने संदिग्ध का पता लगाने के लिए मेट्रो स्टेशन और ट्रेन के डिब्बों में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड तस्वीरों का विश्लेषण किया। अधिकारी के अनुसार, जांच के आधार पर डाबरी निवासी संदिग्ध सोनू चंद (29) को 23 जुलाई को पकड़ा गया, जो आदतन अपराधी है। उन्होंने बताया



कि पूछताछ के दौरान, सोनू ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और खुलासा किया कि चोरी का सोना बेच दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि सानू के आवास पर छापेमारी में तीन लाख रुपये नकद बरामद हुए। आशंका है कि यह राशि चोरी की गई वस्तु की बिक्री से प्राप्त हुई थी। पुलिस ने बताया कि आगे की पूछताछ में सोनू के दो सहयोगियों की जानकारी मिली, जिनकी पहचान एक निजी वित्त कंपनी के कर्मचारी जय प्रकाश तिवारी (31) और करोल बाग में सोने की रिफाइनरी के मालिक सुमित शिंदे (21) के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि सुमित को गिरफ्तार कर लिया गया है और वह पुलिस हिरासत में है, जबकि तिवारी को कानूनी प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है। पान विक्रेता सोनू चोरी के कम से कम छह मामलों में कथित तौर पर संलिप्त रहा है। पुलिस ने कहा कि चोरी की बाकी वस्तु का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

# करोल बाग में दंपति ने एक साथ फांसी लगा दी जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के करोल बाग इलाके में रविवार दोपहर एक दंपति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दंपति मूलरूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। इनका एक छोटा बच्चा है जो इस समय अपने गांव में परिजनों के साथ रह रहा है। मृतकों के नाम देबू भौमिक (36) पुत्र सुधांशु भौमिक और उनकी पत्नी मल्लिका भौमिक (32) बताये गये हैं। मिली जानकारी के अनुसार करोल बाग स्थित रैगरपुरा गली नंबर 44 में दोपहर करीब 1 बजे उस समय सनसनी फैल गई जब पता चला कि एक घर में दंपति ने खुदकुशी कर ली है। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लिया। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। दंपति पश्चिम बंगाल के पश्चिम मिदनापुर जिले के ब्लॉक दासपुर के गांव काशीनाथपुर के रहने वाले थे। दोनों पिछले चार महीनों से करोल बाग के इस मकान में आठ हजार रुपये मासिक किराये पर रह रहे थे। जांच में पता चला कि दंपति की 7 साल की एक बेटी है, जिसे उन्होंने अपने पश्चिम बंगाल वाले घर में छोड़ रखा था। देबू भौमिक मजदूरी के आधार पर सोने के आभूषण बनाने का काम करते थे। पुलिस का कहना है कि मौके पर फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया। घटनास्थल की तस्वीरें ली गई और निरीक्षण किया गया। प्रारंभिक जांच में मृतकों के शरीर पर कोई बाहरी चोट या हिंसा के निशान नहीं पाए गए हैं। मौके पर कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# कर्ज नहीं देने पर सहकर्मी की हत्या कर शव सेप्टिक टैंक में फेंका

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के छतरपुर इलाके स्थित एक फार्महाउस में 42 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके सहकर्मी ने 10 हजार रुपये उधार नहीं देने पर कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान चंद्र प्रकाश (47) के रूप में हुई है, जो उसी फार्महाउस में वाहन चालक के रूप में काम करता था। उसे दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के मूल निवासी सीता राम की गुमशुदगी की रिपोर्ट 26 जुलाई को महरौली पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने बताया कि सीता राम पिछले 10 वर्षों से छतरपुर स्थित एक निजी फार्महाउस में घरेलू



सहायक के रूप में काम करता था और मालिक के शहर से बाहर होने के कारण वह वहां अकेले रह रहा था। अधिकारियों को घटना की सूचना तब मिली, जब कर्मियों ने देखा कि फार्महाउस के मुख्य दरवाजे खुले हैं और सीता राम गायब है। चौहान ने बताया कि शिकायत मिलने पर महरौली पुलिस थाने की एक टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान सीता राम का शव फार्महाउस के अंदर स्थित सेप्टिक टैंक में मिला। चौहान के अनुसार, अपराध एवं फोरेंसिक टीमों को तुरंत घटनास्थल पर बुलाया गया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के आधार पर रविवार को महरौली में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) (हत्या) और 238(ए) (साक्ष्य मिटाना) के तहत मामला दर्ज किया गया। चौहान ने कहा कि तकनीकी निगरानी और स्थानीय मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने चंद्र प्रकाश के ठिकाने का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि कड़ी पूछताछ के बाद चंद्र प्रकाश ने अपना अपराध कबूल कर लिया। चौहान ने कहा कि चंद्र प्रकाश ने खुलासा किया कि उसने सीता राम से 10,000 रुपये मांगे थे, लेकिन जब उसने इनकार कर दिया, तो दोनों के बीच बहस शुरू गई। गुस्से में आकर उसने हथौड़ा उठाया और सीता राम के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।" चौहान ने बताया कि अपराध छिपाने के लिए आरोपी ने शव को सेप्टिक टैंक में फेंक दिया और घटनास्थल से फरार हो गया।


**हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : 426, डीएलएफ टावर ए, जसौला, नई दिल्ली-110025
Website : www.hindustantin.biz. Contact No. : +91 11-49998888
CIN: L27109DL1958PLC003006 Fax No. : 011-49998822

**सूचना**

**[निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष (आईईपीएफ) को कम्पनी के इक्विटी शेयरों का अनिवार्य हस्तांतरण]**

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष प्राधिकरण (अकाउंटिंग, ऑडिट, हस्तांतरण और रिफंड) नियमों, 2016 और समय-समय पर संशोधित अनुसार ("दि रूल्स") तथा अधिनियम के अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 ("दि एक्ट") की धारा 124 के अनुसरण में कम्पनी के शेयरधारकों को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी उन सभी शेयरों को जिनका लाभांश पिछले निरंतर सात (7) वर्षों या इससे अधिक अवधि से बिना दावे के बकाया है, को निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष प्राधिकरण ("आईईपीएफ") के डिमैट खाते में जमा करेगी।

कम्पनी द्वारा सम्बन्धित शेयरधारकों को अपने बिना भुगतान किये / बिना दावाकृत लाभांश राशि का दावा करने हेतु व्यक्तिगत रूप से भी सूचित कर चुकी है और इसका दावा करने में विफल रहने पर उनके इक्विटी शेयरों को बिना आगे किसी सूचना के आईईपीएफ डिमैट खाते में हस्तांतरित कर दिये जाएंगे। ऐसे शेयरधारकों के नाम, फोलियो नं. अथवा डीपी आईडी - क्लाइंट आईडी और शेयर(ों) की संख्या जो हस्तांतरित किये जाने हैं, सहित उनका पूर्ण विवरण कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् www.hindustantin.biz पर उपलब्ध है। शेयरधारकों से आग्रह है कि वे अपने शेयर(ों) जोकि आईईपीएफ को हस्तांतरित किये जाने योग्य हैं, का विवरण प्रमाणित कर लें।

यदि ऐसे शेयरधारकों से 25 अक्तूबर, 2025 तक कोई संचार प्राप्त नहीं होता तो कम्पनी नियमों के अनुपालन में इनके शेयर आईईपीएफ के डिमैट अकाउंट में हस्तांतरित करने के लिये बाध्य होगी। सम्बन्धित शेयरधारक जिनके पास भौतिक रूप में शेयर हैं और जिनके शेयर हस्तांतरित किये जाने हैं वे ध्यान दें कि कम्पनी ऐसे इश्यू पर और नियमों के अनुरूप आईईपीएफ के डिमैट अकाउंट को शेयरों के हस्तांतरण के प्रयोजन हेतु उनके द्वारा धारित मूल शेयर प्रमाण-पत्र(ों) के एवज में डुप्लीकेट शेयर प्रमाण-पत्र(ों) को जारी करेगी, मूल शेयर प्रमाण-पत्र जो उनके नाम पंजीकृत है स्वतः निरस्त माने जाएंगे और नॉन-नेगोशिएबल माने जाएंगे।

शेयरधारक आगे ध्यान दें कि इसकी वेबसाइट पर कम्पनी द्वारा अपलोड किये गये विवरण आईईपीएफ को भौतिक शेयरों के हस्तांतरण के प्रयोजन हेतु कम्पनी द्वारा डुप्लीकेट शेयर प्रमाण-पत्र(ों) को जारी करने के सम्बन्ध में पर्याप्त सूचना मानी जाएगी।

शेयरधारक नियमों में निर्धारित प्रकिया का पालन करते हुये ऐसे हस्तांरित किए गए शेयर (ों) के साथ-साथ दावा नहीं किये गये लाभांशों और ऐसे शेयरों पर उपार्जन करते हुये कार्पोरेट लाभ, यदि कोई हों, आईईपीएफ प्राधिकरण से वापस लेने का दावा कर सकते हैं। नियमों के तहत आईईपीएफ को हस्तांतरित किये गये शेयरों और दावा नहीं किये गये लाभांशों के सम्बन्ध में कम्पनी के विरूद्ध कोई दावा नहीं करेंगे।

इस विषय में तथा नियमों के सम्बन्ध में यदि शेयरधारक(ों) के कोई प्रश्न हैं तो वे बीटल फाइनैंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज (प्रा.) लि., कम्पनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट से बीटल हाउस, तृतीय तल, 99, मदनगीर लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, निकट दादा हरसुख दास मंदिर, नई दिल्ली-110062 में सम्पर्क कर सकते हैं अथवा beetalrta@gmail.com पर एक ई-मेल लिख सकते हैं।

कृते हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड
स्थान : नई दिल्ली — हस्ता/- रजत पाठक
दिनांक : 26 जुलाई 2025 — ईवीपी (वित्त) एवं कम्पनी सचिव

सैकड़ों उत्पाद ... एक कैन!


### मुख्यमंत्री और कपिल मिश्रा की उपस्थिति में दिल्ली हाट पीतमपुरा में तीन दिवसीय तीज महोत्सव का समापन

# 'तीज' नारी सशक्तिकरण और सांस्कृतिक चेतना का उत्सव : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय तीज महोत्सव 2025 का भव्य समापन रविवार को दिल्ली हाट, पीतमपुरा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। यह महोत्सव 25 जुलाई को मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटित किया गया था, जिसकी अध्यक्षता कला, संस्कृति, भाषा एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने की थी। तीज महोत्सव नारी सशक्तिकरण,



सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक सहभागिता का प्रतीक बनकर सामने आया। मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों की महिला सांसदों की भागीदारी ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। मौके पर श्रीमती मल्लिका नड्डा भी उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने तीज को केवल एक पर्व नहीं, बल्कि महिला चेतना और सांस्कृतिक आंदोलन का प्रतीक बताया। उन्होंने कार्यक्रम में आई महिलाओं से मुलाकात की और आयोजन की शोभा बढ़ाने के लिए उनका आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मेरी बहनों की उपस्थिति किसी भी कार्यक्रम को सुंदर बना देती है। इतनी बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में मेरी बहनों की उपस्थिति से यह साबित होता है कि तीज को लेकर महिलाओं में कितना उत्साह है। हमने तीज के इस सुन्दर अवसर पर अपनी बहनों के लिए झूले, मेंहदी फ्री लगवाने का इंतजाम किया है। हम हर वर्ष इसी भव्यता के साथ तीज का उत्सव मनाएंगे।कार्यक्रम में दिल्ली के कैबिनेट मंत्रियों के अतिरिक्त दिल्ली के सांसदगण भी उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन को अपना समर्थन दिया। महोत्सव में 100 से अधिक स्टॉल्स, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन, बच्चों के लिए किड्स ज़ोन, रंगोली, मेहंदी, सेल्फी प्वाइंट्स, झूले, स्लोगन और क्विज प्रतियोगिताएं शामिल की गईं। आयोजन का डिजिटल प्रचार 'बुक माय शो' और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के माध्यम से व्यापक रूप से किया गया। मंत्री कपिल मिश्रा ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह निःशुल्क था और इसका उद्देश्य महिला उद्यमिता व रचनात्मकता को मंच देना था। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव दिल्ली को सांस्कृतिक राजधानी के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। महोत्सव का शुभारंभ मशहूर गायक जसबीर सिंह के मनमोहक संगीत से हुआ, जबकि समापन समारोह में जानी-मानी गायिका शिवानी कश्यप ने अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## ‘झाड़ूवाले नेता झुग्गी वालों को भड़काने का रच रहे हैं षडयंत्र’

# झुग्गीवालों को मकान देने की व्यवस्था कर रही है दिल्ली सरकार : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने झुग्गी बस्तियों के विकास के लिए करोड़ों रुपये का बजट निर्धारित किया है। अगर किसी वजह से झुग्गियों को हटाया जा रहा है तो पात्र झुग्गी वालों को मकान देने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि वे लोग सही मायनों में देश की राजधानी के निवासी कहलाएं। यह वादा रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग स्थित फाटक वाली झुग्गी कैंप के लोगों से किया। मुख्यमंत्री ने झुग्गी वालों से आग्रह किया कि वे झाड़ूवालों की बातों में न आएं, क्योंकि जब उनकी सरकार थी, तब उन्होंने झुग्गी वालो का मात्र वोटर समझा और वहां शराब पहुंचाई।



अब जब हमारी सरकार उनके विकास की योजनाएं बना रही हैं तो ये झाड़ूवाले नेता झुग्गी वालों को भड़काने का षड्यंत्र कर रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रविवार सुबह शालीमार बाग स्थित फाटक वाली झुग्गी कैंप पहुंची। दरअसल इस बस्ती को हटाने के लिए रेलवे ने नोटिस जारी किया है, क्योंकि यह झुग्गी बस्ती उसकी जमीन पर बसी हुई है। रेल विभाग आजादपुर रेलवे स्टेशन का विस्तार कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस झुग्गी बस्ती को हटाने को लेकर वर्ष 2020 में सर्वे किया गया था, उस वक्त की आम आदमी पार्टी सरकार ने न कोई निर्णय लिया और न ही रेलवे से बात की। लेकिन हम लोग आपके लिए योजना बनाने में लग गए, ताकि आपको परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों पर संकट आया तो मैं आपसे मिलने आ गई, क्योंकि दिल्ली सरकार बेवजह झुग्गियों को हटाने के पक्ष में नहीं है।

### ‘पुनर्वास के लिए रेल मंत्रालय से करेंगे बात’

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजधानी में विकास कार्यों को गति देने या अन्य वजहों से अगर झुग्गियों को हटाया जाएगा तो सरकार पात्र लोगों के पुनर्वास का रास्ता खोलेगी, ताकि वे भी दिल्ली के विकास से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि वह इस मामले में रेल मंत्रालय से बात करेंगी और यहां के झुग्गी वालों को मकान दिलाने की व्यवस्था करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस झुग्गी कैंप के लोगों को पूरा न्याय मिलेगा। इसके लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने झुग्गी वालों को आश्वस्त किया कि उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 40 वर्षों में दिल्ली की झुग्गियों का कोई विकास नहीं हुआ, चाहे दिल्ली में कांग्रेस की सरकार रही हो या आम आदमी पार्टी की। इन सरकारों ने झुग्गीवालों को मात्र वोटर समझकर उनका दोहन किया और दिल्ली का भौगोलिक चरित्र बिगाड़ने का लगातार प्रयास किया।

# पार्कों का सौंदर्यीकरण शीघ्र किया जाए पूरा : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के पार्कों का सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को पीतमपुरा डिस्ट्रिक्ट पार्क और शालीमार बाग स्थित करनेल वाला बाग का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने दोनों पार्क के निरीक्षण के दौरान जल निकाय (वॉटर-बॉडी) के पुनर्जीवन पर विशेष जोर दिया, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखा जा सके और प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ावा मिले। उन्होंने पार्क में लगे जिम उपकरणों की मरम्मत, विशेषकर दो यूनिटों को तुरंत दुरुस्त करने और म्यूजिकल फाउंटेन को दोबारा चालू करने के निर्देश भी दिए। पार्क की सुरक्षा और संरचनात्मक मजबूती के दृष्टिकोण से उन्होंने मुख्य द्वार के पुनर्निर्माण, बाउंड्री वॉल की मरम्मत, सुरक्षा ग्रिल और लाइटिंग के नवीनीकरण के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही परिसर की स्वच्छता और आगंतुकों की सुविधा के लिए पार्कों में अनावश्यक अतिक्रमण हटाने, बाथरूम की मरम्मत और नियमित देखभाल, पेयजल की व्यवस्था, शॉपिंग स्टॉल्स के पुनर्विकास और पर्याप्त संख्या में बेंच और टेबल लगाने जैसे सुधारात्मक कार्य के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पार्क में योगा प्लेटफॉर्म की मरम्मत, सुरक्षा के लिए सघन पुलिस गश्त और पार्क की लाइटिंग प्रणाली का सुदृढ़ीकरण जल्द से जल्द सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

## उपराज्यपाल ने पुनर्निर्मित धरोहर रोशनआरा क्लब का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली एक विरासतों का शहर है और पिछले तीन वर्षों में, कई विरासत संरचनाओं का पुनर्निर्माण किया गया है और हम भविष्य में और अधिक पुनर्निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने रविवार को पुनर्निर्मित धरोहर रोशनआरा क्लब के उद्घाटन के बाद यह संबोधन दिया। उन्होंने दिल्लीवासियों के जीवन को सुगम बनाने और फिटनेस को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक धरोहर है जिसे उनके निरंतर मार्गदर्शन में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने नया रूप दिया है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर चाँदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल, मॉडल टाउन के विधायक अशोक गोयल, डीडीए के उपाध्यक्ष एन. सरवण कुमार और डीडीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## डेंगू : महापौर ने दिए अधिकारियों को जन जागरूकता अभियान में तेजी लाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में डेंगू और मच्छरजनित बीमारियों पर लगाम कसने के लिए नगर निगम ने कमर कस ली है। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने मच्छरों के प्रजनन रोकने हेतु चलाए जा रहे अभियानों की गहन समीक्षा के बाद अधिकारियों को जनजागरूकता अभियान में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम के जनस्वास्थ्य विभाग ने इस वर्ष अब तक लगभग 6 लाख घरों में मच्छरनाशक दवाओं का छिड़काव किया है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में दोगुने से अधिक है। विभाग का दावा है कि इसी सक्रियता का परिणाम है कि इस वर्ष डेंगू के मामले घटे हैं। वर्ष 2024 में जहां 26 जुलाई तक 284 डेंगू मामले सामने आए थे, वहीं इस वर्ष यह आंकड़ा घटकर 277 पर आ गया है। जनस्वास्थ्य विभाग ने 282 स्थानों पर जैविक नियंत्रण उपाय किए हैं, जबकि पिछले साल यह संख्या 206 थी। साथ ही, घर-घर जाकर मच्छरों के प्रजनन की जांच और नष्ट करने का अभियान भी तेजी से चलाया गया है, जिसकी दर पिछले वर्ष की तुलना में 60 प्रतिशत अधिक बताई जा रही है।

## ‘डेंगू मरीजों के लिए निगम ने आरक्षित किए बिस्तर’

नई दिल्ली। दिल्ली में मच्छरजनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया मरीजों के लिए हिन्दूराव अस्पताल में 70 बिस्तर, स्वामी दयानन्द अस्पताल में 22 बिस्तर और कस्तूरबा अस्पताल में 75 बिस्तर आरक्षित किए गए हैं। स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम उक्त मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार के लिए विभिन्न क़दम उठा रहा है। नागरिकों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए निगम ने विभिन्न अस्पतालों में विशेष व्यवस्थाएं की हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर मरीज़ों का उपचार हो सके। सत्या शर्मा ने बताया कि मच्छरजनित बीमारियों के इलाज हेतु हिन्दूराव अस्पताल, स्वामी दयानन्द अस्पताल और कस्तूरबा अस्पताल को सेंटिनल सर्विलांस अस्पताल घोषित किया गया है। इन अस्पतालों में मरीजों के इलाज के लिए विशेष इंतज़ाम किए गए हैं।

## ‘मन की बात कार्यक्रम अब बन चुका है एक जन आंदोलन’

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरंतर प्रयास करते हैं कि वह अपनी मन की बात कार्यक्रम से देश भर की अच्छी और सकारात्मक पहलुओं और घटनाओं को जन जन तक पहुंचाए। इसलिए उनका कार्यक्रम अब एक जन आंदोलन बन चुका है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद यह बयान जारी किया। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली भाजपा ने रविवार को सभी 14 सभी संगठनात्मक जिलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया जिसको भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व, मुंख्यमंत्री, सांसद, विधायक और प्रदेश पदाधिकारियों ने स्थानीय लोगों के साथ सुना। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और देश के स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, नई दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज की उपस्थिति में पूर्व रिटायर्ड भारतीय सेना अधिकारियों के साथ मन की बात सुना। इस मौके पर सांसद एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद मनोज तिवारी, सांसद एवं प्रदेश महामंत्री कमलजीत सहरावत, बांसुरी स्वराज, सांसद प्रवीण खंडेलवाल आदि ने भी अपने विचार रखे।

## जल्द ही सार्वजनिक होगी वेयरहाउसिंग पॉलिसी, घटेगा प्रदूषण और जाम : सिरसा

नई दिल्ली। दिल्ली में ट्रैफिक जाम और प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ल सरकार जल्द ही अपनी लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग पॉलिसी 2025 लाएगी। इस प्रस्ताव से पहले पॉलिसी पर जनता की राय ली जाएगी। इस बात की जानकारी रविवार को दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी। सिरसा ने बताया कि दिल्ली में हर दिन 10 लाख टन माल का लगभग 1.93 लाख वाहनों के जरिए आवागमन होता है, जिनमें से 21 प्रतिशत वाहन ट्रैफिक से होकर गुज़रते हैं। सबसे ज्यादा 4,132 वाहन बिल्डिंग मटेरियल , 3,995 वाहन टेक्सटाइल, 2,569 वाहन फल-सब्जियां और 2,468 वाहन खाद्य उत्पाद लाते हैं, जबकि फार्मास्युटिकल के 559 और ऑटोमोबाइल 588 वाहन भी ट्रैफिक से गुज़रते हैं। सही वेयरहाउसिंग ज़ोन न होने से ये वाहन शहर के अंदरुनी हिस्सों में आते हैं, जिससे प्रमुख मार्गों पर जाम और प्रदूषण बढ़ता है।

## करावल नगर के सादतपुर में पीएनजी पाइप लाइन बिछाने का हुआ शुभारंभ

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने रविवार को करावल नगर के सादतपुर में पीएनजी सुविधा हेतु गैस पाइप लाइन बिछाने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद के साथ ही स्थानीय जनता, आरडब्ल्यू के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस अवसर पर पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाएगा। पीएनजी आपूर्ति की सुविधा से लोगों का पैसा भी बचेगा और सुरक्षा में भी बढ़ोतरी होगी। सादतपुर क्षेत्र के के, एल, एम, एन ब्लॉक में पाइप लाइन बिछाने के कार्य 4 महीने में पूरा कर लिया जाएगा और 6 महीने में पीएनजी की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। मिश्रा ने कहा कि जल्द ही यह सुविधा करावल नगर विधानसभा क्षेत्र के सोनिया विहार एवं सोनिया विहार एक्सटेंशन, सभापुर, खजूरी खास, बिहारीपुर, शेरपुर, तुकमीरपुर, सादतपुर के ए से लेकर एफ तक सभी ब्लॉक, मिलन गार्डन, दयालपुर ई एवं एफ ब्लॉक, श्री राम कॉलोनी, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, मुकुंद विहार, वेस्ट करावल नगर, अंकुर एनक्लेव, वेस्ट कमल विहार और चांद बाग तक विस्तारित की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### घर में घुसा सांप, परिवार वाले घबराए



**फरीदाबाद।** एक घर में जहरीला सांप घुस गया। घटना शहर की आईपी कॉलोनी की है। यह घटना शनिवार रात करीब 9:30 बजे की है, जब कॉलोनी के हाउस नंबर 80 में रहने वाले राकेश कुमार किसी काम से बाहर निकल रहे थे। उन्होंने गेट के पास एक सांप को बैठा हुआ देखा, जिसकी लंबाई करीब डेढ़ फुट थी। सांप को देखकर वे तुरंत घबरा गए और कॉलोनी की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को इसकी सूचना दी।

### पिता ने जहरीला पदार्थ बच्चों को खिलाया, मौत



**फरीदाबाद।** पल्ला थाना क्षेत्र के रोशन नगर में रहने वाले एक पिता ने कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पहले अपने दोनों बच्चों का पिलाया। फिर खुद भी पी लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया। परिजन का कहना है कि मृतक तीन माह से अपनी पत्नी से अलग रह रहा था। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है। जहर पीने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। रोशन नगर रहता था मोहम्मद निजाम अपने बच्चे दिलशाद और शायमा के साथ रहता था।

### हलवाई से लूटा था मोबाइल, आरोपी धराया



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने ओल्ड फरीदाबाद मार्केट में रात के समय हलवाई से मोबाइल फोन लूटने के मामले में 3 किशोर सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 4 जुलाई की रात को सौरभ निवासी भूड कालोनी के साथ तालाब वाली गली ओल्ड फरीदाबाद में लूट हुई थी, शिकायतकर्ता हलवाई का काम करता है जिसका मोबाइल फोन आरोपी छीन कर ले गए थे।




## डॉ. रितु बीर बनीं मिसेज इंडिया इंटरनेशनल क्वीन 2025, नई दिल्ली में हुआ भव्य ग्रैंड फिनाले

# हरियाणा की शिक्षिका ने आत्मविश्वास, उद्देश्य और सशक्तीकरण के साथ राष्ट्रीय मंच पर बिखेरा जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

देशभर की प्रतिभाशाली विवाहित महिलाओं के लिए प्रतिष्ठित मंच मिसेज इंडिया इंटरनेशनल क्वीन 2025 के ग्रैंड फिनाले का आयोजन नई दिल्ली स्थित द लीला एम्बियंस कन्वेंशन होटल में भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में फरीदाबाद की शिक्षिका डॉ. रितु बीर ने अपने आत्मविश्वास, प्रभावशाली व्यक्तित्व और स्पष्ट विचारों से निर्णायक मंडल को प्रभावित करते हुए प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया।

**खास बातें**

- ग्रैंड फिनाले का आयोजन भव्यता के साथ संपन्न हुआ
- रितु ने प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया
- सौंदर्य प्रतियोगिता की दुनिया में अपनी अलग-पहचान बनाई

### डॉ. रितु वर्तमान में प्रोफेसर है

डॉ. रितु बीर, जो पर्यावरण रसायन शास्त्र में डॉक्टरेट प्राप्त कर चुकी हैं और वर्तमान में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं, ने पारंपरिक सीमाओं को चुनौती देते हुए सौंदर्य प्रतियोगिता की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने नारी सशक्तिकरण, गरिमा और उद्देश्यपूर्ण सौंदर्य को मंच पर आत्मसात कर पेश किया। उनका व्यक्तित्व सुंदरता, बुद्धिमत्ता और करुणा का अद्वितीय समन्वय है, जो प्रतियोगिता की मूल भावना से मेल खाता है। मिसेज इंडिया इंटरनेशनल क्वीन पेजेंट देश के सबसे सम्मानित मंचों में से एक है, जो विवाहित महिलाओं की केवल बाह्य सुंदरता ही नहीं बल्कि उनकी बौद्धिक क्षमता, सामाजिक प्रभाव, नेतृत्व गुण और आत्म.परिवर्तन को भी पहचानता है।

### उपलब्धि माता-पिता और परिवार को समर्पित

खिताब जीतने के बाद अपने उद्गार व्यक्त करते हुए डॉ. रितु बीर ने कहा कि यह ताज मेरे लिए सिर्फ एक सम्मान नहीं, बल्कि हर उस महिला के लिए संदेश है जो किसी भी उम्र, भूमिका या परिस्थिति में होने के बावजूद सपने देखने और उन्हें साकार करने का अधिकार रखती है। मैंने यह यात्रा असमंजस के साथ शुरू की थी, लेकिन मैं कभी अकेली नहीं थी। उन्होंने इस उपलब्धि को अपने परिवार, माता-पिता, बच्चों और विशेष रूप से अपने पति डॉ. प्रदीप कुमार को समर्पित किया, जो मानव रचना यूनिवर्सिटी फरीदाबाद में प्रो वाइस चांसलर और डीन स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एवं स्कूल ऑफ डिजाइन के रूप में कार्यरत हैं। दंपती वर्तमान में फरीदाबाद के सेक्टर.31 में निवास करते हैं।

## 29 जुलाई को सभी पालिका, परिषदों, नगर निगमों व फायर के कर्मचारी काले बिल्ले लगा कर करेंगे प्रदर्शन

# नपा कर्मचारी संघ को मंत्री गोयल ने समय न दिए जाने के विरोध में किया आंदोलन का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने मीटिंग का नही दिया समय, नाराज नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने किया आंदोलन का ऐलान। आंदोलन के प्रथम चरण में मीटिंग का समय न देने, ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी व ऑनलाइन हाजिरी लगाने के विरोध में 29 जुलाई को सभी पालिका, परिषदों, नगर निगमो व फायर के कर्मचारी काले बिल्ले लगा कर करेंगे प्रदर्शन। आगामी 20 व 21 अगस्त को करेंगें क्रमिक भूख हड़ताल। यदि सरकार ने कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो संघ आंदोलन के दूसरे चरण में सरकार के सभी विधायकों को 10 व 11 सितंबर को ज्ञापन देगा, 26 सितंबर को जिला उपायुक्त कार्यालयों पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए जाएंगे।

यदि सरकार ने इसके बाद भी पालिका, परिषद, निगमों व फायर के कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो 18 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा और प्रदर्शन के मंच से हड़ताल का ऐलान करेंगे।

गौरतलब है कि नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी की बैठक कल देर सायं नगर निगम कॉफ्रेंस हॉल में संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के बाद संघ राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने आंदोलन का ऐलान किया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तुषामड, महासचिव मांगेराम तिगरा, मुख्य संगठनकर्ता शिवचरण, अग्निशमन विभाग के प्रधान व संघ के राज्य उप प्रधान राजेंद्र सिंह, उप प्रधान राजेश बागड़ी, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह संगेलिया, उप महासचिव सुनील चिंडालिया उपस्थित रहे।



### कर्मचारियों को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ेंगे

शास्त्री ने चेतावनी दी की मुख्यमंत्री के आवास पर 18 अक्टूबर को किए जाने वाले प्रदर्शन के मंच से हड़ताल जैसा बड़ा फैसला लिया जाएगा। शास्त्री ने सफाई कर्मचारियों की ऑनलाइन हाजिरी व ऑनलाइन ट्रांसफर पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पालिका, परिषद, निगमों के कर्मचारियों की ऑनलाइन ट्रांसफर नहीं की जा सकती क्योंकि पालिका, परिषद, निगमों के सेवा नियम अलग हैं बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी हैं जिनका सफाई मजदूर सेवा नियम व म्युनिसिपल एक्ट 1973 के अनुसार जिला से बाहर तबादला नहीं किया जा सकता सरकार एप पर हाजिरी लगाने व ऑनलाइन ट्रांसफर के बहाने सफाई कर्मचारियों पर उत्पीडन आत्मक कार्रवाई कर रही है जो सामाजिक दृष्टि एवं न्यायिक दृष्टि से उचित नहीं है। शास्त्री ने कहा कि सरकार की इस उत्पीडनात्मक कार्रवाई के खिलाफ पालिका व्यापार कर्मचारियों की मांगों के प्रति उदासीनता के खिलाफ प्रदेश के सभी सरकारी, निगम, बोर्ड, कॉरपोरेशन, यूनिवर्सिटीज, प्राइवेट क्षेत्र में काम करने वाले व गांव के सफाई कर्मचारियों को साथ लेकर कर्मचारियों को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ेंगे।

### 11 साल से एक भी सफाई कर्मी की नियमित भर्ती नहीं हुई

संघ के राज्य प्रधान व महासचिव मांगेराम तिगरा ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए हरियाणा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं उन्होंने कहा कि सरकार ने 11 वर्षों में एक भी सफाई कर्मचारी की नियमित भर्ती नहीं की पिछले 11 वर्षों में 46 प्रतिशत से अधिक महंगाई बढ़ी है लेकिन सफाई कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी नहीं की है, अगर सरकार बढ़ोतरी करती तो सफाई कर्मचारियों का वेतन 26000 से अधिक होता। इसी प्रकार फायर ब्रिगेड के अनुबंधित कर्मचारियों के वेतन में भी बढ़ोतरी नहीं की है तथा उनका विभाग के रोल पर करने में सरकार चलाकी बरत रही है और मंत्री द्वारा 4 अप्रैल को बात करने के बाद आज तक मांगों का समाधान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अब 21 सो रुपए देकर सफाई कर्मचारियों के साथ मजाक किया है। कुछ सरकार के लोग मुख्यमंत्री का स्वागत कर प्रदेश के सफाई कर्मचारियों के जले पर नमक छिड़कने का काम कर रहे हैं। श्री शास्त्री प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा में एक भी मानव रहित मशीन सीवर सफाई करने के लिए नहीं लाई गई है सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद भी सफाई कर्मचारी ही सीवर में उतरकर काम कर रहा है, जिस कारण आए दिन सफाई कर्मचारियों की मौत हो रही है सरकार इस पर चिंतित नहीं है। उन्होंने सरकार को सफाई कर्मचारियों की मौतों का जिम्मेदार बताया। शास्त्री ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय मंत्री के आवास पर 29 जून को प्रदेश के पालिका परिषद निगमो व फायर के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया था।

## समाजसेवी संगठनों ने 22 पौधों को लगाया

# फरीदाबाद में नव प्रयास सेवा संगठन ने पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

रविवार को नव प्रयास सेवा संगठन द्वारा आठवां पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी संगठनों एवं समाज सेवियों के सहयोग से हरियाली तीज के अवसर पर किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम प्याली चौक स्थित पार्क में किया गया। जिसमें संगठन द्वारा 22 पौधों को लगाया गया जिनमें पीपल, बड, नीम, आंवला और जामुन के पौधे थे।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मनोनीत पार्षद जसवंत सैनी, पार्षद सुमन बाला के भाई मोनू, प्रवासी नेता संतोष यादव, युवा नेता सचिन तंवर, लोधी समाज के संस्थापक अध्यक्ष लाखन सिंह लोधी, बघेल समाज के प्रधान चंदन सिंह बघेल, युवा बघेल समाज के प्रधान मुरारी लाल बघेल, पोद्दार सभा के प्रधान राजकुमार खरवार उपस्थित हुए।

इस मौके पर मनोनीत पार्षद जसवंत सैनी ने कहा कि औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में लोगों के जागरूक होने से हरा-भरा लगने लगा है। प्रत्येक वर्ष शहर की सामाजिक संस्थाओं के अलावा आम जन पौधारोपण करता आ रहा है और जल्द ही फरीदाबाद का पूरा स्लोगन ग्रीन फरीदाबाद-क्लीन फरीदाबाद लोगों की जुबान से सुनाई देने लगे है। क्योंकि साल दर-साल फरीदाबाद वासी पौधारोपण व ग्रीनरी में अपना दिल खोलकर सहयोग देने लगे है। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोगी गुरमीत सिंह देओल और भाई हरिओम गोस्वामी का रहे। नवप्रयास सेवा संगठन द्वारा आज यह प्रण लिया कि इस पार्क का सौंदर्य करण संगठन द्वारा ही किया जाएगा। इस मौके पर टीम नवप्रयास से सुनील यादव संस्थापक, अनिल यादव, मनीषा चौधरी, विरेन्द्र सिंह चंदेल, दिवाकर शर्मा, मनोज , राजेंद्र , अशोक, सुनील सेन, कुसुम बिष्ट, मोनिका गुप्ता, अशोक पोद्दार, दीपक नेगी, यशवंत मौर्या सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

# मुफ्त फैटी लीवर व हेपेटाइटिस स्क्रीनिंग कैंप में तीन सौ लोगों ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में रविवार को फैटी लीवर और हेपेटाइटिस को लेकर मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। कैंप में 300 से अधिक लोगों ने अपनी जांच कराई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त किया। अस्पताल गैस्ट्रोएंटोलॉजी विभाग के चेयरमैन डॉ. रामचंद्र सोनी ने बताया कि कैंप में हेपेटाइटिस बी व सी की जांच, लिवर फंक्शन टेस्ट और फाइब्रोस्कैन के माध्यम से लिवर की फैट व खराबी की जांच की गई। इसके अलावा लोगों को गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट से व्यक्तिगत परामर्श दिया गया और डायट विशेषज्ञों ने उन्हें बेहतर खानपान संबंधी सुझाव भी दिए।

डॉ. रामचंद्र सोनी और उनकी टीम डॉ. तनवी सावंत, डॉ.मृदुल चंद्र, डॉ. अर्पण, डॉ. वर्षा ने उपस्थित लोगों को फैटी लिवर और हेपेटाइटिस जैसी बीमारियों के कारण, लक्षण और बचाव के तरीकों को लेकर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि फैटी लिवर की बीमारी शुरू में बिना लक्षण के होती है, लेकिन समय रहते पहचान न हो तो यह



लिवर सिरोसिस या लिवर कैंसर जैसी गंभीर अवस्था में बदल सकती है। हेपेटाइटिस बी और सी वायरस भी लिवर को स्थायी नुकसान पहुंचा सकते हैं, इसलिए नियमित जांच और टीकाकरण जरूरी है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि वे फास्ट फूड, अधिक तेल-मसाले व शराब से दूरी बनाएं, नियमित व्यायाम करें और समय-समय पर लिवर की जांच जरूर कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि जागरूकता ही इन बीमारियों से बचाव का सबसे सशक्त माध्यम है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य लोगों में लीवर संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि समय रहते रोग की पहचान और उपचार संभव हो सके। कैंप में आने वाले अधिकतर मरीजों को फैटी लिवर की शुरुआती अवस्था या जीवनशैली से जुड़ी समस्याएं पाई गईं, जिनका इलाज खानपान व नियमित व्यायाम से संभव है। कैंप के अंत में उन्होंने कहा कि इस तरह के मुफ्त स्क्रीनिंग कैंप का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और उन्हें शुरुआती स्तर पर ही उपचार उपलब्ध कराना है। कैंप में जिन मरीजों में फैटी लिवर या अन्य लिवर समस्याएं पाई गई हैं।

## रेफर मुक्त संघर्ष समिति का धरना 239वें दिन भी रहा जारी

# सरकार के सकारात्मक रूख से स्वास्थ्य सेवाओं में होगा सुधार: संयोजक चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति द्वारा दिए जा रहा धरना 239 वें दिन में प्रवेश कर गया। इस मौके पर रविवार को धरना स्थल पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें धरने के संयोजक सतीश चोपड़ा ने पिछले दिनों सरकार द्वारा दिए गए सकारात्मक संदेश के चलते अब सिविल अस्पताल में जल्द मदर केयर चाईल्ड यूनिट के लिए पुरानी बिल्डिंग को तोड़ने का काम शुरू हो गया है साथ ही आईसीयू में डाक्टरों की संख्या बढ़ाने व छांयसा मेडिकल कालेज में भी आईपीडी सेवाओं को शुरू करने की ओर कदम बढ़ने लगे है।



साथ ही सतीश चोपड़ा ने बताया कि बड़खल एसडीएम त्रिलोक सिंह के नेतृत्व में सीएमओ स्तर पर समस्याओं का हल निकलना शुरू कर दिया गया है।

## हरियाली तीज उत्सव का आयोजन

# तीज त्योहार हमारे देश के परंपरागत एवं संस्कृति की धरोहर: सचिव गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

शहर में हरियाली तीज उत्सव की धूम रही, विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा रविवार को उत्सव का आयोजन किया गया। शनिवार शाम भी कई जगह उत्सव का आयोजन किया गया। ह्यूमन लीगल एंड क्राइम कंट्रोल आग्रेनाइजेशन संस्था की ओर से एनआईटी स्थित बाल भवन में हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने झूला-झूलते हुए तीज व सावन के गीत गाए। महिलाओं ने कार्यक्रम में मेहंदी भी लगाई। हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद सचिव सुषमा गुप्ता ने कहा कि तीज त्यौहार हमारे देश के परंपरागत एवं संस्कृति की धरोहर है। हरियाली तीज का पर्व महिलाओं के लिए बहुत ही विशेष पर्व माना गया है। इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की आरोग्यता और सुखी जीवन की कामना के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। वहीं, कुंवारी



कन्याएं भी अच्छे वर की कामना के लिए इस व्रत को रखती हैं। मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि ऐसा कहा जाता है कि इस दिन माता पार्वती ने अपनी कठोर तपस्या से भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न किया था। वहीं इस दिन वृक्ष, नदियों और जल के देवता वरुण की भी पूजा की जाती है। हरियाली तीज को छोटी तीज और श्रावण तीज के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन महिलाएं झूला झूलती हैं और हाथों में मेहंदी लगाती हैं, नई पोशाक भी पहनती हैं। फिल्म एक्टर रणदीप हुड्डा की माता आशा हुड्डा ने कहा कि तीज का त्योहार हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक मूल्यों को प्रदर्शित करता है।

## राज्य का सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र रहा फरीदाबाद, 1.68 लाख में से 91 फीसदी रही उपस्थिति

# सीईटी-2025 परीक्षा दो पालियों में सफलता पूर्वक संपन्न टेंशन से दूर परीक्षार्थियों में दिखा उत्साह और आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सीईटी-2025 परीक्षा के दूसरे दिन भी फरीदाबाद जिला में दो पालियों में परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। जिला भर के लगभग 163 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई, जिसमें किसी भी प्रकार की असुविधा की सूचना नहीं मिली। रविवार को आयोजित पहली पारी की परीक्षा में लगभग 91.42 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे। प्रातःकालीन पाली में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य भूपेंद्र सिंह व उपायुक्त विक्रम सिंह ने निरीक्षण दौरा किया। इस निरीक्षण की शुरुआत सेक्टर-9 स्थित सेंट एंथनी स्कूल से की गई। दोनों अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर



संतोष जताया। एचएसएससी सदस्य भूपेंद्र सिंह ने व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी केंद्र पर कोई अव्यवस्था नहीं पाई गई। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद प्रशासन की यह तत्परता और समर्पण परीक्षा की पारदर्शिता व विश्वसनीयता को मजबूत करता है। ऐसी ही व्यवस्थाएं राज्य के शिक्षा और भर्ती ढांचे को मजबूती प्रदान करेंगी।

### *सीएम सैनी के दिशा-निर्देशन में परीक्षार्थियों और अभिभावकों को निःशुल्क रोडवेज बस सेवा उपलब्ध करवाई गई*

*उपायुक्त विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद में हरियाणा के अन्य जिलों गुरुग्राम, झज्जर, नूंह, पलवल और रोहतक से भी बड़ी संख्या में परीक्षार्थी पहुंचे हैं, जिससे यह जिला राज्य में सर्वाधिक परीक्षार्थियों वाला केंद्र बन गया है। जिला प्रशासन द्वारा बस परिवहन, ट्रैफिक नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था और शटल सेवा जैसे सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशन में परीक्षार्थियों और अभिभावकों के लिए निःशुल्क रोडवेज बस सेवा भी उपलब्ध करवाई गई है, जिससे उन्हें अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हुई। साथ ही, हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से भी छात्रों को निरंतर सहायता प्रदान की जा रही है। निरीक्षण के दौरान डीसी विक्रम सिंह ने सेक्टर-9 स्थित डीसी मॉडल स्कूल और डिवाइन पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्रों का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों से संवाद कर फीडबैक लिया। परीक्षा के दोनों दिनों में परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे कई अभ्यर्थियों ने हाथ उठाकर प्रशासन की पहल का स्वागत किया और इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया। अभ्यर्थियों ने कहा कि इस बार न बसों की छत पर चढना पड़ा और न ही किसी प्रकार की अफरा-तफरी या असुविधा का सामना करना पड़ा। प्रशासन द्वारा की गई पुख्ता परिवहन व्यवस्था के चलते वे बड़े आराम और समय से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचे और शांतिपूर्वक परीक्षा दी।*

## आईएएस और आईपीएस पद से सेवानिवृत अधिकारियों ने भी ग्रीनाथन में लिया हिस्सा

## लोग लिया सेल्फी पॉइंट, भंगड़ा व जुम्बा का लुत्फ उठाया

# मेडल, ट्रॉफी, सर्टिफिकेट, नकद धनराशि पाकर झूमे प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने रविवार को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के मौके पर आयोजित रन फार ग्रीन गाजियाबाद के तहत आयोजित ग्रीनाथान में शहर के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर 21.1 किलो मीटर की राजनगर स्थित सिटी फारेस्ट पर जुम्बा और भांगडा से सिटी फारेस्ट परिसर गूंज उठा। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समय की सबसे बड़ी आवश्यकता हैं। समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों को जोड़े जाने से ही किसी भी तरह का आयोजन सफल होना संभव है। उन्होंने कहा कि देखा जाए तो केंद्र में मोदी और प्रदेश में योगी जी की सरकार के आने के बाद से पूरे देश में वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि ये गाजियाबाद और आस-पास के लोगों के लिए सौभाग्य का विषय है जो कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा इस तरह का आयोजन रखा है। जिसमें तमाम उम्र के लोगों को हिस्सा लेने का मौका मिला है।

### *आयोजन में सभी उम्र के लोगों ने लिया हिस्सा*

*सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि आयोजन में जिस तरीके से प्रत्येक उम्र के लोगों के द्वारा हिस्सा लिया गया है, उसे देखकर प्रसन्नता हुई। एक वक्त था जब लोग गाजियाबाद में रहने के लिए आते हुए भी घबराते थे, लेकिन पिछले कुछ सालों में गाजिबाद के प्रति लोगों का नजरिया बदला है। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि जरूरत इस बात की है कि लोगों को इस बात के लिए प्रेरित किया जाए कि जिस पेड़ को उनके द्वारा लगाया जाए। भाजपा न के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि प्राधिकरण के द्वारा विकास के कामों को धरातल पर साकार करने के साथ साथ एक नई परिपाटी का भी श्री गणेश किया गया है। प्राधिकरण बोर्ड सदस्य पवन गोयल एवं दूसरे सदस्यों ने भी प्रतिभागियों का हौसला बढाया। इस बीच अतिथियों ने विजेताओं और उप विजेताओं को मैडल,सर्टिफिकेट तथा नगद धनराशि से पुरस्कृत किया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि पूरे जिले में वृक्षारोपण को बढावा दिया जा रहा है।*

**खबर संक्षेप**

## छोटे बच्चों के स्कूलों पर बड़े खतरे, जर्जर भवन



**हाथरस।** झालावाड़ में स्कूल की छत गिरने से स्कूली बच्चों की मौत की घटना ने हाथरस में परिजनों की चिंता बढ़ा दी है, जिनके बच्चे रोजाना जर्जर विद्यालय भवनों में बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। मांग उठ रही है कि जल्द ही जर्जर भवनों में विद्यालयों का संचालन बंद कराया जाए। हादसे की पुनरावृत्ति न हो सके। अधिकारियों के निर्देश पर जिले के करीब 225 जर्जर विद्यालय भवनों को ध्वस्त कराया गया।

## भाजपा सांसद ढुलू महतो सहित पांच आरोपी बरी



**धनबाद।** बाघमारा के डोमन महतो और उनके पिता कन्हाई महतो पर जानलेवा हमला करने के मामले में अदालत ने फैसला सुनाया। एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दुर्गेशचंद्र अवस्थी की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी धनबाद के भाजपा सांसद ढुलू महतो, अजय गोराईं, कृष्णा रविदास उर्फ विनय रविदास, बूढ़ा राय और बिटू सिंह को बरी कर दिया है।

## खेलते समय नाले में गिरी सगी बहनें, 2 की मौत



**बाराबंकी।** यहां रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां घर के पास खेलते समय दो सगी बहनें नाले में गिर गईं। डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के तुलसीपुर हरक्का गांव की है। यहां सुनील वर्मा की पुत्रियों कंचन और सौम्या की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि पैर फिसलने से दोनों नाले में गिर गईं।

# बीएचयू समेत उच्च शिक्षण संस्थानों पर आतंकी हमलों का खतरा

एजेंसी ▶▶ वाराणसी



**केंद्रीय एजेंसी ने जारी किया अलर्ट**

बीएचयू सहित देश के उच्च शिक्षण संस्थानों पर आतंकी हमलों का खतरा मंडरा रहा है। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के हवाले से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों को इस संबंध में सचेत किया है। मंत्रालय का पत्र मिलने के बाद बीएचयू में सतर्कता बढ़ा दी गई है। चीफ प्रॉक्टर की तरफ से सभी अधिकारियों, संकाय-विभाग प्रमुखों और अस्पताल के प्रभारियों को इस संबंध में पत्र जारी किया गया है। शिक्षा मंत्रालय की तरफ से जॉइंट सेक्रेटरी एसई रिजवी ने पत्र में बीएचयू परिसर में भौतिक और साइबर दोनों तरह के हमलों की आशंका जताई है। बताया गया है कि कुछ आतंकी संगठन अपने स्थानीय स्लीपर सेल्स की मदद से उच्च शिक्षण संस्थानों को निशाना बनाने की साजिश रच रहे हैं।

ऐसे में परिसर में सुरक्षा बढ़ाने के साथ ही सिलसिलेवार कई सुरक्षात्मक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। शिक्षा मंत्रालय ने सबसे पहले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के परिचय पत्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। यह भी कि कार्यालय में प्रवेश के समय उनकी जांच हो। साथ ही कर्मचारी पूरे समय आईकार्ड गले में लटकाकर रखें।

### एजेंसियों के संपर्क में रहें कंट्रोल रूम

*मंत्रालय ने बीएचयू को 24 घंटे सक्रिय रहने वाला कंट्रोल रूम स्थापित करने के साथ ही स्थानीय और राष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में रहने को भी कहा है। कंट्रोल रूम से 24 घंटे निगरानी के साथ ही भारतीय नौसेना, कोस्ट गार्ड, सीमा रक्षक बलों, सिविल डिफेंस और स्थानीय पुलिस को भी सूचना नेटवर्क में रखा जाएगा।*

### परिचय पत्र के साथ बैग और सामान की आकस्मिक चेकिंग के निर्देश

*सुरक्षाकर्मियों को समय-समय पर परिचय पत्र के साथ बैग और सामान की आकस्मिक चेकिंग के निर्देश भी दिए गए हैं। मंत्रालय ने परिसर की सुरक्षा चाक चौबंद करने के लिए पुलिस और स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों से भी मदद लेने के निर्देश दिए हैं। साइबर सुरक्षा के क्रम में सूचनाओं के आदान-प्रदान में सतर्कता, वेबसाइट-ईमेल और वाईफाई आदि की फायरवॉल सिक्योरिटी बढ़ाने सहित अन्य निर्देश जारी किए गए हैं। कर्मचारियों के लिए भी 'क्या करें-क्या ना करें' की सूची जारी की गई है। पत्र के बाद बीएचयू परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पिछले दिनों कर्मचारियों के वेरिफिकेशन, वाहन पास आदि के लिए भी बीएचयू प्रशासन ने निर्देश जारी किए हैं। सख्ती से इसका पालन किया जा रहा है।*

**मुख्यमंत्री की कानपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष संवाद बैठक**

### सीएम योगी आदित्यनाथ का अधिकारियों को निर्देश

# कार्यों में पारदर्शिता, प्राथमिकता व समयबद्धता का अवश्य पालन करें

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

*मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं को केवल सरकारी खर्च का विवरण न मानते हुए उन्हें 'जनता के विश्वास की पूंजी' बताया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता प्राप्त योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए उनका पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और सतत निगरानी के माध्यम से समयबद्ध पूरा किया जाए।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर कानपुर मंडल के विधायक व विधान परिषद सदस्यों के साथ एक विशेष संवाद बैठक की। मुख्यमंत्री की मंडलवार संवाद श्रृंखला की कड़ी में कानपुर मंडल के छह जनपदों कानपुर नगर, कानपुर देहात, फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा और औरैया के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक सांसद एवं विधायक से सीधे संवाद करते हुए इसकी शुरुआत की।

उन्होंने उनके निर्वाचन क्षेत्रों की जमीनी परिस्थितियों, जन अपेक्षाओं, विकास कार्यों की प्रगति और प्रशासनिक समन्वय पर विस्तार से फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि यूपी के सतत और संतुलित विकास में कानपुर मंडल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मंडल राज्य की औद्योगिक और शैक्षिक रीढ़ तो है ही, साथ ही साथ यह सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक चेतना और जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता का भी केन्द्र है।

### जनता व शासन के बीच की मजबूत कड़ी हैं जनप्रतिनिधि

**खास बातें**

- कानपुर मंडल में 10,914 करोड़ की लागत से 1,362 विकास कार्य प्रस्तावित



### 1362 निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा

*लोक निर्माण विभाग ने बैठक में मंडल के छह जिलों में जनप्रतिनिधियों की प्रस्तावित कुल 1,362 निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की, जिनकी अनुमानित लागत 10,914 रुपए करोड़ आंकी गई है। इनमें सड़कों, पुलों, फ्लाईओवरों, बाईपासों, इंटर-कनेक्टिविटी, मिसिंग लिंक रोड, सिंगल कनेक्टिविटी, धार्मिक स्थलों के विकास, सुरक्षा तथा लॉजिस्टिक्स से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव सम्मिलित हैं।*

### 5006 करोड़ की लागत से 426 योजनाएं प्रस्तुत की गई

*सबसे अधिक कार्य कानपुर नगर में प्रस्तावित हैं, जहां 5,006 करोड़ रुपए की लागत से 426 योजनाएं प्रस्तुत हुई हैं। फर्रुखाबाद में 2,476 करोड़ की लागत से 308 कार्य, कानपुर देहात में 1,214 करोड़ के 336 कार्य, कन्नौज में 1,076 करोड़ के 98 कार्य, इटावा में 620 करोड़ के 128 कार्य और औरैया में 524 करोड़ लागत से 66 विकास प्रस्ताव सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि संबंधित जनप्रतिनिधियों से विमर्श कर प्रस्तावित कार्यों की प्राथमिकता तय की जाए और समयबद्ध ढंग से कार्यों की शुरुआत सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं को केवल सरकारी खर्च का विवरण न मानते हुए उन्हें 'जनता के विश्वास की पूंजी' बताया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता प्राप्त योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए, उनका पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और सतत निगरानी के माध्यम से समयबद्ध पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग को निर्देशित किया कि नगर विकास विभाग के विकास कार्यों से संबंधित शिलापट्ट पर स्थानीय जनप्रतिनिधि के नाम अंकित किया जाना चाहिए।*

### 24 घंटे के अंदर सम्राट चौधरी को गोली मार दूंगा

# बिहार के डिप्टी सीएम को फोन पर जान से मारने की धमकी



एजेंसी ▶▶ पटना

जिले से इस वक्त की बड़ी खबर आ रही है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को जान से मारने की धमकी मिली है। मोबाइल पर आए मैसेज में लिखा है कि हैलो सर '24 घंटे के अंदर सम्राट चौधरी को गोली मार दूंगा, सच बोल रहा हूं'। ये मैसेज सम्राट चौधरी के एक समर्थक के फोन पर आया है। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने बताया कि अभी डायरेक्ट सूचना नहीं मिली है। फिलहाल तकनीकी अनुसंधान जारी है। शिकायत मिलने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। हालांकि मोबाइल नंबर को ट्रेस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस मामले पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि जिसको जो करना है कर ले, बिहार की जनता जानती है कि हम लोग बिहार के विकास के काम में लगे हुए हैं और आगे भी लगे रहेंगे।इससे पहले एनडीए के सहयोगी केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। वहीं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा को भी दो बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है।

### मंच पर चढ़ने को लेकर भिड़े सपाई

# जमकर धक्का-मुक्की, हंगामा, कपड़े फटे, सबके सामने गाली-गलौज



एजेंसी ▶▶ अलीगढ़

यहां संविधान का सम्मान बनाए रखने के लिए समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस कार्यक्रम में सपाइयों ने अपनी पार्टी के अनुशासन को तार-तार कर दिया। मंच पर चढ़ने को लेकर कार्यकर्ता पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री के सामने ही भिड़ गए। दोनों ओर से जमकर धक्का-मुक्की हुई। इसमें कई कार्यकर्ताओं के कपड़े भी फट गए। पार्टी में वर्षों से चली आ रही गुटबाजी संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस समारोह में सामने आ गई। पूर्व महानगर अध्यक्ष अज्जू इस्हाक, पूर्व विधायक वीरेश यादव और जिला महासचिव मनोज यादव में पूर्व विदेश राज्य मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी के सामने भरे मंच पर गाली-गलौज शुरू हो गई। बाद में दोनों के समर्थकों में जमकर मारपीट हुई। इसमें कई समर्थकों के कपड़े भी फट गए। इस अफरा-तफरी भरे माहौल को देखकर छर्रा पूर्व विधायक राकेश सिंह कार्यक्रम छोड़ कर चले गए। कार्यक्रम स्थल पर करीब आधा घंटा तक हंगामा होता रहा। महानगर कमेटी ने सुबह करीब 11 बजे से कार्यक्रम शुरू करा दिया। कार्यक्रम में भारी संख्या में सपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचे। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने मंच पर लगे बैनर पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धनगर का फोटो न होने का विरोध किया।

### 60 से अधिक एसडीएम बदले गए

# उत्तरप्रदेश: प्रदेश में एक साथ 66 पीसीएस अधिकारियों के तबादले

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी सरकार ने रविवार की रात एक साथ 66 पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इसमें से 60 से अधिक एसडीएम हैं। इसमें से 60 से अधिक तबादले उपजिलाधिकारियों (एसडीएम) के हुए हैं। यह तबादले नगरीय निकायों, राजस्व प्राधिकरणों, और चकबंदी विभाग जैसे विभागों में हुए हैं।

**ये हुए हैं महत्वपूर्ण बदलाव:** इन तबादलों में श्रद्धा पाण्डेय को सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम आगरा बनाया गया है। वर्तमान में उपजिलाधिकारी आगरा थीं। प्रदुमन कुमार को कानपुर देहात से श्रावस्ती में उपजिलाधिकारी के पद पर भेजा गया है। निशा श्रीवास्तव को गोरखपुर से वाराणसी नगर निगम में सहायक नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है।

रवि कुमार सिंह को यूपीडा, लखनऊ में उपजिलाधिकारी के पद पर भेजा गया है। विकास सिंह, विराग करवरिया, बृज मोहन शुक्ला, और प्राची त्रिपाठी को नगर निगम लखनऊ और अन्य प्रमुख पदों पर स्थानांतरित किया गया है।



**लखनऊ को लेकर हुए ये बदलाव:** लखन लाल सिंह राजपूत, संतोष कुमार कुशवाहा व पूर्णिमा सिंह अयोध्या की एसडीएम, रामेश्वर प्रसाद लखनऊ के सहायक नगर आयुक्त, सत्यपाल सिंह लखनऊ के सहायक निदेशक स्थानीय निकाय नि-देशालय, अजय कुमार बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) लखनऊ, शशि कुमार विशेष कार्याधिकारी राहत आयुक्त कार्यालय लखनऊ, विराग करवरिया एसडीएम लखनऊ विकास प्राधिकरण, प्राची त्रिपाठी विशेष कार्याधिकारी राजस्व परिषद लखनऊ, ज्ञान प्रताप सिंह एसडीएम अयोध्या, मोनालिसा जौहरी एसडीएम बहराइच बनाई गई हैं।

### मुस्लिम समाज ने किया स्वागत

# जोगी नवादा में कांवड़ियों के जत्थे पर बरसाए जमकर फूल

एजेंसी ▶▶ बरेली

यूपी के बरेली स्थित जोगी नवादा में दो साल पहले जिस कांवड़ जत्थे में उपद्रवियों की फायरिंग से लाठीचार्ज और बवाल हुआ था, वह जत्था रविवार को धूमधड़ाके के साथ निकाला गया। उस वक्त जत्थे का विरोध करने वाले मुस्लिम समाज के लोगों ने इस बार कांवड़ियों पर छतों से फूल बरसाए। शिवभक्तों ने भी इसके लिए उनका आभार जताया।

पार्षद बनवारी लाल शर्मा के नेतृत्व वाला कांवड़ जुलूस रविवार को जोगी नवादा से निकलकर सकुशल बनखंडी नाथ मंदिर पहुंचा। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने छतों से पुष्पवर्षा की। रास्ते में भी स्टॉल लगाकर कांवड़ियों को फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया और जलपान कराया गया। सुरक्षा के लिहाज से सीओ तृतीय पंकज सिंह, बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय फोर्स के साथ मौजूद रहे। कांवड़ियों पर फूल बरसाने वाले मुस्लिम समाज के लोगों ने इस व्यापक बदलाव का श्रेय सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव को दिया। हाजी इकरार, पूर्व पार्षद उस्मान, जुल्फिकार आदि ने कहा कि सीओ तृतीय ने न केवल दोनों पक्षों के घरों में लगातार बैठकर उनकी गलतफहमी दूर की, बल्कि शिकवे मिटवा दिए। दूसरे पक्ष ने हमारे मोहर्रम जुलूस पर फूल बरसाए तो हमने भी अपनी हैसियत के हिसाब से उनका स्वागत किया। यहां मौजूद सीओ तृतीय ने कहा कि एसएसपी ने उन्हें यह जिम्मेदारी दी थी।

### हिंदू नेता भी पहुंचे स्वागत करने

बाबा बनखंडी नाथ मंदिर से महंत डॉ. बनवारी लाल शर्मा के नेतृत्व में यह जत्था वाहनों से कछला गंगा घाट को रवाना हुआ। इस दौरान मंदिर पर महंत स्वामी सुधीर नारायण गिरी, वन राज्यमंत्री अरुण कुमार सक्सेना, सांसद छत्रपाल सिंह, महापौर उमेश गौतम, रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद्र राठौर, पूर्व महानगर महामंत्री भाजपा हरिओम राठौर ने कांवड़ियों का फूल मालाओं से स्वागत किया।

### रांची विवि के पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन

# विवाद नहीं संवाद की पत्रकारिता कीजिए: द्विवेदी

एजेंसी ▶▶ रांची



रांची विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के पूर्व विद्यार्थियों के संगठन जर्नलिज्म ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'स्पंदन' कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे झारखण्ड के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि समाज, सरकार और प्रशासनिक तंत्र पर नजर रखना मीडिया की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में आज भी महिलाएं खून की कमी और बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। मीडिया समाज के ऐसे तमाम प्रश्नों पर सक्रियता से काम करते हुए सामाजिक दायित्व निभाए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के माध्यम से बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। मुख्य वक्ता की आसंदी से भारतीय जन संचार संस्थान के पूर्व महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी ने कहा कि भारतीय संचार परंपरा में हर संवाद लोक मंगल और संकटों के समाधान के लिए है, जबकि पश्चिम में उपजी पत्रकारिता विवाद, संघर्ष और वितंडावाद पैदा करती है। हमें हमारी पत्रकारिता में भारतीय संचार परंपरा के मूल्यों को स्थापित करना होगा, ताकि मीडिया के संवाद से सुंदर दुनिया बने। प्रो.द्विवेदी ने विभाग के शिक्षकों और विद्यार्थियों को 38 साल के शानदार सफर के लिए बधाई दी। उन्होंने पत्रकारों का आह्वान किया कि वे विवाद की नहीं संवाद की पत्रकारिता करें। साहित्यकार प्रो. ऋता शुक्ल ने कहा कि इस विभाग के मीडिया विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।

# जेपीएससी के पहले अध्यक्ष दिलीप प्रसाद दोषी करार, 2 साल की सजा

एजेंसी ▶▶ रांची

जेपीएससी के पहले अध्यक्ष दिलीप प्रसाद को गबन के 21 साल पुराने केस में दोषी करार देते हुए सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत ने दो साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख रुपए जुर्माना लगाया है। इसी मामले में अभियुक्त सुरेंद्र जैन और सुधीर जैन को भी दो-दो साल जेल की सजा सुनाई गई है। इनपर 50 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। दिलीप प्रसाद के खिलाफ दर्ज केस में पहले मामले (आरसी 6/2013) में यह फैसला आया है। सीबीआई ने साल 2004 में हुए घोटाले को लेकर 2013 में प्राथमिकी की थी।

**पेज एक का शेष**

### भारत को सोने की चिड़िया...

यह जीवन में दूसरों के लिए जीने और त्याग करने की भावना भी सिखाती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो इंसान को कहीं भी अपने दम पर जीने की क्षमता दे। मोहन भागवत ने कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य केवल नौकरी ही नहीं बल्कि व्यक्ति अपने आत्मज्ञान और कौशल के आधार पर जीवन यापन कर सके।

**'इंडिया जो भारत है' सत्य है :** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि योगी अरविंद ने कहा कि सनातन धर्म का उत्थान ईश्वर की इच्छा है और सनातन धर्म के उत्थान के लिए हिंदू राष्ट्र का उदय अपरिहार्य है। ये उनके शब्द हैं और हम देखते हैं कि आज की दुनिया को इस दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इसलिए हमें पहले यह समझना होगा कि भारत क्या है। भारत एक व्यक्तिवाचक संज्ञा है। इसका अनुवाद नहीं किया जाना चाहिए। 'इंडिया जो भारत है' सत्य है। लेकिन भारत भारत है, और इसीलिए लिखते और बोलते समय हमें भारत को भारत ही रखना चाहिए। भारत को भारत ही रहना चाहिए। भारत की पहचान का सम्मान किया जाता है क्योंकि यह भारत है। यदि आप अपनी पहचान खो देते हैं, तो आपके पास चाहे जितने भी अन्य गुण क्यों न हों, आपको इस दुनिया में कभी सम्मान या सुरक्षा नहीं मिलेगी। यही मूल नियम है।

**विकसित, विश्व गुरु भारतयुद्ध का कारण नहीं बनेगा, कभी शोषण नहीं करेगा :** भागवत ने कहा कि विकसित भारत, विश्व गुरु भारत, अब भी युद्ध का कारण नहीं बनेगा, कभी शोषण नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि हम मैक्सिको से साइबेरिया तक गए हैं, हम पैदल चले हैं, हम छोटी नावों में गए हैं। हमने किसी के क्षेत्र पर आक्रमण करके उसे बर्बाद नहीं किया। भागवत ने कहा कि हमने किसी का राज्य नहीं हड़पा। हमने सभी को सभ्यता सिखाई। उन्होंने कहा कि आप भारतीय ज्ञान की परंपरा देखिए, परंपरा का मूल उस सत्य में है। पूरे विश्व की एकता का सत्य।"मोहन भागवत ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करने के पीछे एक छोटा सा उद्देश्य यह है कि आप अपने जीवन में खुद खड़े हो सकें और अपने परिवार को एकजुट रख सकें।

### सरकार निकम्मी होती ....

के लिए 300 स्टेडियम बनाना चाहता हूं, लेकिन अपने चार साल के करियर में मैंने महसूस किया है कि सरकार निकम्मी होती है।

### अभियान के दौरान...

करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि अंग-भंग या किसी अन्य स्थायी दिव्यांगता से पीड़ित अधिकारियों और जवानों को उनकी पदोन्नति और सुविधाएं मिलें, जो उन्हें अन्यथा मिलतीं।

# पिता के साथ सो रहे मासूम को चारपाई से उठा ले गया तेंदुआ

एजेंसी ▶▶ लखीमपुर खीरी

**सुबह खेत में मिला अधखाया शव**

जिले में बाघ के साथ तेंदुए ने दहशत फैला रखी है। दक्षिण खीरी वन प्रभाग गोला वन रेंज के गांव में शनिवार की रात अपने पिता के साथ सो रहे 5 साल के बालक को तेंदुआ खींच कर ले गया। रविवार की सुबह उसका अधखाया शव एक खेत से बरामद हुआ है। वन विभाग की टीम मौके पर है। वन विभाग ने गांव में तेंदुआ होने की पुष्टि की है। ज्ञानपुर गांव में रहने वाला सुशील कश्यप शनिवार की रात अपने 5 साल के बेटे बादल के साथ फसल की निगरानी करने गया था और वही खेत पर बनी झोपड़ी में चारपाई डालकर सो रहा था। उसका बेटा बादल भी पड़ोस में लेटा था।



### आसपास तेंदुए के पद मार्क मिले

*बताया जाता है कि देर रात तेंदुए ने हमला कर दिया और वह चारपाई पर सो रहे बादल को खींच कर ले गया। बेटे की चीख सुनकर जागे पिता ने तेंदुए का पीछा किया। तमाम गांव वाले भी शोर सुनकर तेंदुए के पीछे दौड़े। कुछ देर बाद बादल का एक पैर गन्ने के खेत से बरामद हुआ लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। रविवार की सुबह गांव वालों ने जब तलाश की तो गन्ने के खेत में बादल का शव बरामद हुआ। गोला रेंजर संजीव तिवारी ने बताया कि आसपास तेंदुए के पद मार्क मिले हैं।*

### चंबल के बीहड़ से आए जंगली जानवर की आगरा में दहशत

*आगरा। जिले में जंगली जानवर की दहशत फैल गई है। थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत चंबल के बीहड़ के गांव क्योरी बीच का पुरा में जंगली जानवर ने छह पशुओं को अपना शिकार बना लिया। उसके हमले में छह पशु घायल भी हुए हैं। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ड्रोन की सहायता से जंगली जानवर का पता लगाने में जुटी हुई है। इधर जंगली जानवर के आतंक से ग्रामीण दहशत में है। वे रात-रात भर जागकर लाठी डंडों के सहारे अपने पशुओं की रखवाली करने में जुटे हुए हैं। जानकारी के अनुसार पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत गांव क्योरी बीच का पुरा में शुक्रवार रात को जंगली जानवर गांव में घुस आया। उसने ग्रामीण भोलाराम, मूलचंद व राजेंद्र की एक-एक बकरी, दयाशंकर व लालुक राम का बकरा, सकटू सिंह की भैंस के बच्चे को घायल कर दिया। ग्रामीण रौदास सिंह और शेर सिंह की बकरियां गंभीर रूप से घायल है। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी तत्काल वन विभाग को दी। रेंजर बाह कुलदीप सहाय व वार्डन केसी शेखर वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। ड्रोन की सहायता से जंगली जानवर का पता लगाने का प्रयास किया।*



# किंगडम का ट्रेलर रिलीज पुलिस की वर्दी में दिखे विजय

**मुंबई।** साउथ के अभिनेता विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में विजय एक अंडरकवर जासूस की भूमिका निभा रहे हैं। ट्रेलर में वह अपने भाई के लिए लड़ते हुए नजर आ रहे हैं। इस फिल्म को हिंदी में 'किंगडम' नहीं बल्कि 'साम्राज्य' के नाम से रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की शुरुआत एक आवाज से होती है। इसमें सुना जा सकता है 'तुझे एक इमरजेंसी ऑपरेशन के लिए अंडरकवर जासूस बनना पड़ेगा।' इसके बाद ट्रेलर में विजय को दिखाया जाता है। फिर आवाज आती है तुझे अपनी मां, काम और घर सब छोड़ना पड़ेगा। इसके बाद विजय पुलिस की वर्दी में नजर आते हैं।

लाइफ Style

# दीपिका

## सिनेमा से इतर काम के लिए मिली तारीफ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड स्टार दीपिका पादुकोण लगातार कई उपलब्धियों को छू रही हैं। हाल ही में उन्हें 'द शिफ्ट' की सबसे मशहूर 90+ वुमन शेपिंग कल्चर सूची में शामिल किया गया है। इस लिस्ट में सेलेना गोमेज, एंजेलिना जोली और जोया अख्तर जैसी हस्तियों को शामिल किया गया है।

इस सूची में दुनिया भर की वैश्विक प्रभाव वाली महिलाओं को शामिल किया जाता है। इस लिस्ट में शामिल होकर दीपिका पादुकोण काफी खुश हैं। उन्होंने अपनी खुशी का इजहार इंस्टाग्राम पर किया है। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा 'द शिफ्ट हमारे भविष्य को आकार देने वाली 90 आवाजों का सम्मान कर रहा है। इस सम्मान के लिए आभारी हूं।' दीपिका ने अपनी तस्वीर शेयर करते अपनी कामयाबी के बारे में लिखा है। उन्होंने कहा 'मेरे लिए, सफलता केवल पेशेवर उपलब्धियां नहीं हैं। बल्कि, मैं अच्छी रहूं यह भी मेरी कामयाबी है। मेरे लिए मानसिक स्वास्थ्य, खुद की देखभाल, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की तरह जरूरी है। मैं उन लोगों को प्रेरित करने की कोशिश करती हूं जो सब्र और प्रामाणिकता को अहमियत देते हैं।' इस लिस्ट में दीपिका का नाम सिनेमा से परे उनके प्रभाव को दर्शाता है। दीपिका 'लिव लव लाफ फाउंडेशन' के जरिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए काम करती हैं। इस पहल के जरिए दीपिका ने देश ही नहीं दुनिया में भी दिमागी सेहत के बारे में बातचीत को सामान्य बनाने में मदद की है। दीपिका अब अपनी अगली बड़ी फिल्म के लिए तैयार हैं। वह वह जल्द ही फिल्म 'एए2222xए6' में नजर आने वाली हैं। इसका निर्देशन एटली कर रहे हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# कोचर वीक 2025 के लिए आईं भारत

**दिल्ली।** ब्राजील की मशहूर सुपरमॉडल एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो को इंडिया में स्पॉट किया गया। हाल ही में दिल्ली एयरपोर्ट पर एलेसेंड्रा अपनी बेटी के साथ नजर आईं। दरअसल, एलेसेंड्रा भारत की सबसे चर्चित फैशन शोज में से एक कोचर वीक 2025 में हिस्सा लेने के लिए आई हैं और इसमें भी वो किसी आम मॉडल की तरह नहीं, बल्कि डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की शो-स्टॉपर बनकर रैंप पर उतरने वाली हैं। एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो को मनीष मल्होत्रा ने अपने खास कलेक्शन को पेश करने के लिए इनवाइट किया है और एलेसेंड्रा न सिर्फ वॉक करने वाली हैं, बल्कि शो की मुख्य आकर्षण यानि शो-स्टॉपर भी होंगी।



# निकोलज ने साउथ इंडिया की डिश का लिया आनंद

**मुंबई।** हॉलीवुड सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोंस' के कलाकार निकोलज कोस्टर वाल्डो इन दिनों भारत दौरे पर हैं। हाल ही में उन्हें बेंगलुरू के एक कैफे में देखा गया। यहां उन्होंने साउथ इंडिया की मशहूर डिश का लुत्फ लिया। हॉलीवुड अभिनेता सिंपल ड्रेस जींस और टीशर्ट में नजर आए। निकोलज कोस्टर वाल्डो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कई लोग उनके आस-पास हैं लेकिन उन्हें कोई नहीं पहचान रहा है। इसके बाद एक फैन ने उनका वीडियो बनाया और उनके साथ सेल्फी ली। हालांकि इस बात की उन्हें जानकारी नहीं हुई। वीडियो में देखा जा सकता है कि निकोलज टेबल पर अपने दोस्तों के साथ बातचीत कर रहे हैं। कैफे में अभिनेता ने इडली, डोसा और वड़ा खाया। ये तीनों साउथ इंडिया की मशहूर डिशेज हैं। एक तस्वीर में अभिनेता ने अपने दोस्तों के साथ रेस्टोरेंट के बाहर कई पोज दिए।



# अनीत वेब सीरीज न्याय में आएंगी नजर

**मुंबई।** अनीत पड्डा इन दिनों छाई हुई हैं। अपनी फिल्म 'सैयारा' के साथ वो 'नेशनल क्रश' बन चुकी हैं। अब उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर जोरशोर से चर्चा हो रही है। वो अब ओटीटी पर नजर आ सकती हैं। उनकी वेब सीरीज का नाम 'न्याय' है, जिसकी शूटिंग वो पिछले साल कर चुकी थीं। मोहित सूरी की हालिया रिलीज 'सैयारा' से अनीत पड्डा रातोंरात फेमस हो चुकी हैं। अब उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर नई खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि वो एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कोर्टरूम ड्रामा वेब सीरीज में नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग वो सैयारा से पहले ही कर चुकी थीं। अनीत पड्डा का यशराज फिल्म्स के साथ तीन फिल्मों को लेकर स्पेशल कॉन्ट्रैक्ट है। इसके बावजूद वो वीआरएफ से अलग एक प्रोजेक्ट न्याय में दिखेंगी।



# थामा में दिखेगी वैंपायर-भेड़िए की टक्कर

**मुंबई।** फिल्म थामा में आयुष्मान खुराना एक वैंपायर के रोल में नजर आएंगे। फिल्म में हीरोइन के रोल में रश्मिका मंदाना हैं। अब वरुण धवन भी इस फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। यह फिल्म मैडॉक प्रोडक्शन की है। इससे पहले वह स्त्री 2 और भेड़िया जैसी हॉरर-कॉमेडी फिल्में बना चुके हैं। स्त्री 2 में भेड़िए के किरदार में वरुण धवन ने कैमियो किया। इसी तरह वह फिल्म थामा में नजर आएंगे। फिल्म थामा में वरुण धवन नजर आएंगे। वह आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की इस फिल्म की शूटिंग लगभग 6 दिन कर चुके हैं। इस फिल्म में वह अपने भेड़िए वाले रोल में नजर आएंगे। जबकि फिल्म थामा में आयुष्मान खुराना वैंपायर के रोल में दिखेंगे। फिल्म थामा में वरुण धवन की एंट्री से दर्शकों को वैंपायर और भेड़िए की टक्कर देखने को मिलेगी।

## टीवी मसाला



# इन बच्चों ने सिर्फ डांस नहीं जिंदगी से लड़ना भी सीखा

**मुंबई।** सुपर डांसर 5 एक ऐसा मंच है जहां देश के टैलेंटेड बच्चे अपना हुनर दिखा रहे हैं। इस बार कुछ ऐसे कंटेस्टेंट्स भी इस डांस शो में शामिल हुए हैं जो सोशल मीडिया पर पहले से पॉपुलर हैं। अब वे सुपर डांसर 5 के मंच पर अपना टैलेंट दिखाकर खिताब जीतना चाहते हैं। सिर्फ 13 साल की उम्र में आध्याश्री सोशल मीडिया पर लाखों लोगों की तारीफ हासिल कर चुकी हैं आध्याश्री ने बताया, 'डांस मेरे अंदर अपने आप आ गया था। एक दिन गणपति फेस्टिवल के कॉम्पिटिशन में स्टेज पर चढ़ गई और बिना बताए डांस करना शुरू कर दिया। यहां तक कि मम्मा को भी नहीं पता था।' मुंबई तक का सफर आध्याश्री के लिए आसान नहीं था। वह कहती हैं, 'मम्मी गांव में रहती हैं, शहर की चीजें उन्हें नहीं पता थीं। सब मैंने सिखाया, कहां जाना है? क्या करना है? मम्मी ने मेरे लिए बहुत कुछ किया है, वो मम्मी भी हैं और पापा भी।' सोशल मीडिया पर आध्याश्री की रील्स लाखों बार देखी जाती हैं, इस डांस के पीछे की मेहनत पूरी तरह उनकी है। 10 साल के सोमांश, शांत स्वभाव के लेकिन अंदर से बहुत मजबूत हैं। उनके लिए ये 'सुपर डांसर 5' सिर्फ एक शो नहीं, अपनी मां का सपना पूरा करने का जरिया है। 'जब मैं छोटा था, मम्मी के साथ टीवी पर सुपर डांसर देखा करता था। मम्मी कहती थीं, 'काश मेरा बेटा भी एक दिन ऐसे डांस करे। आज जब मैं इस मंच पर खड़ा हूं, तो लगता है कि उनका सपना पूरा कर रहा हूं।' सोमांश ने बताया कि मम्मी ने उसके लिए सब कुछ झेला, हर मुश्किल खुद पर ली, जिससे बेटे का सपना जिंदा रहे। वह कहते हैं, मैं प्राउड से कह सकता हूं कि मेरी लाइफ में कोई तकलीफ नहीं आई, क्योंकि मम्मी ने सबकुछ पहले ही संभाल लिया था।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' मचाएगा तूफान

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू 29 जुलाई से शुरू हो रहा है। रात 10.30 बजे इसका पहला एपिसोड आएगा। जहां एक बार फिर दर्शक अपनी चेहती तुलसी उर्फ स्मृति ईरानी को देख सकेंगे। हाल में ही खबरें आई थीं कि जेनिफर विंगेट का भी कैमियो देखने को मिलेगा। स्मृति ईरानी ने खुद कभी सास भी कभी बहू का प्रोमो शेयर किया हुआ है। जहां वह लाल साड़ी में बिल्कुल पुराने अंदाज में दिख रही हैं। वह घर की बहू के रूप बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं। इस प्रोमो को देखते ही सबसे पहला कमेंट तो एक फैन का यही है कि आ गई तुलसी अनुपमा का पत्ता काटने. एक ने लिखा, एक बार फिर से इसे देखने में मजा आने वाला है। एक यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि जैसे 2000 के वक्त में वापस पहुंच गए हैं। हर चीज में एक पुरानी यादों की खुशबू और सुकून भरी फीलिंग है। जैसे बचपन की गलियों में फिर से लौट आए हों।'



# सोशल मीडिया को बनाना होगा जिम्मेदार : वाणी

**मुंबई।** वेब सीरीज मंडला मर्डर्स से वाणी कपूर ओटीटी की दुनिया में कदम रख रही हैं। एक बातचीत में उन्होंने अपने किरदार की गहराइयों, मानसिक चुनौतियों, सोशल मीडिया ट्रोलिंग और उससे उबरने के सफर को साझा किया। साथ ही उन्होंने साइबर ट्रोलिंग के खिलाफ सख्त कानून बनाने की भी खुली अपील की। आजकल सोशल मीडिया हर किसी की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। मुझे लगता है कि वहां कुछ नियम होने चाहिए। क्योंकि जो ट्रोलिंग और हेटफुल बातें कही जाती हैं, वो सिर्फ एक्टर्स को नहीं, बल्कि स्कूल-कॉलेज के बच्चों और आम लोगों को भी बहुत परेशान करती हैं। हमें इस बारे में खुलकर बात करनी चाहिए और साथ ही ये भी देखना चाहिए कि कुछ सख्त कानून बनें, ताकि ऐसे लोगों को रोका जा सके जो जानबूझकर दूसरों को दुख पहुंचाते हैं। आगे चलकर हमें सोशल मीडिया को एक जिम्मेदार और सुरक्षित जगह बनाना होगा। हां, कई बार ऐसा होता है। जब आप किसी गहरे रिश्ते में होते हैं, चाहे वो दोस्ती हो या कुछ भी। अगर वो रिश्ता किसी कारणवश टूट जाए, तो सवाल तो मन में उठते हैं। क्या मेरी गलती थी, क्या सामने वाला बदल गया, या हालात ऐसे हो गए थे? हर बार क्लोजर नहीं मिलता। कभी आप वजह जान लेते हैं और कभी बस स्वीकार करना होता है कि अब ये रिश्ता यहीं तक था।

# सैयारा से पहले इन फिल्मों ने तोड़ दिए थे दिल

*मुंबई। अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी है। इस फिल्म में प्यार, यादगार किरदारों, तड़प और दिल टूटने की कहानी को बखूबी पेश किया गया है जिसने दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा है। अगर, आपको मोहित सूरी की सैयारा पसंद आई है तो यकीनन ये फिल्में भी पसंद आएंगी।*

***आशिकी 2:*** *आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर स्टारर यह फिल्म एक दुखद प्रेम कहानी है। इसमें राहुल नाम का एक सितारा है जो अपनी चमक खो रहा है। लेकिन वह आरोही नाम की उभरती हुई स्टार को उसके सपनों को पूरा करने में मदद करता है, जबकि खुद अपने अंदर के संघर्षों से जूझ रहा है।*

***हमारी अधूरी कहानी:*** *यह फिल्म एक दुखद प्रेम कहानी है जो वसुंधा के बारे में है, एक महिला जो एक दर्दनाक शादी में फंसी हुई है। वह आरव के साथ सच्चा प्यार पाती है, लेकिन किस्मत और कर्तव्य उन्हें अलग कर देते हैं। इसमें इमरान हाशमी और विद्या बालन मुख्य भूमिकाओं में हैं।*

***रॉकस्टार:*** *रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी की मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म 'रॉकस्टार' जनार्दन झाखड़ की कहानी है। जनार्दन एक भोला कॉलेज का लड़का है जो प्यार में पड़ने और अपनी सच्ची समझने वाली हीर को खोने के बाद एक परेशान रॉकस्टार में बदल जाता है।*





***सनम तेरी कसम:*** *यह फिल्म एक शर्मीली और पारंपरिक लड़की सरस्वती और एक गलत समझे गए विद्रोही की दिल तोड़ने वाली प्रेम कहानी को दर्शाती है। उनकी गहरी जुड़ाव बहुत देर से खिलता है, जो एक विनाशकारी त्रासदी में समाप्त होता है।*

***गजनी:*** *आमिर खान की फिल्म एक सफल बिजनेसमैन की कहानी है जो शॉर्ट-टर्म मेमोरी लॉस से पीड़ित है और अपनी प्रिय कल्पना (असिन) की हत्या का बदला लेने के लिए सुरागों को फोटो और टैटू के माध्यम से जोड़ता है। ये लव स्टोरी देख आप अपने आंसुओं को बहने से नहीं रोक पाएंगे.*

***फना:*** *आमिर खान और काजोल की मुख्य भूमिकाओं वाली यह फिल्म एक गहन प्रेम कहानी को दर्शाती है। इसमें जूनी, जो एक दृष्टिहीन टूर गाइड है, और रेहान, जो एक आकर्षक व्यक्ति है लेकिन उसका अतीत छुपा हुआ है, के बीच की प्रेम कहानी को दिखाया गया है। उनकी रोमांस की कहानी तब दुखद मोड़ लेती है जब रहस्य सामने आते हैं।*

***रांझणा:*** *यह फिल्म एक जुनूनी और समर्पित युवा की कहानी बताती है जो जोया से गहरा प्यार करता है। उनकी प्रेम कहानी को किस्मत, राजनीति और दिल टूटने की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।*

***तेरे नाम:*** *सलमान खान और भूमिका चावला अभिनीत, तेरे नाम एक परेशान और जुनूनी युवक की कहानी है जिसकी निरजरा के प्रति गहरी प्रेम भावना दुखद मोड़ लेती है, जिससे दिल टूटने और निराशा का सामना करना पड़ता है।*

## अच्छी अदाकारी करने के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया

# चश्मे बद्दूर से किया डेब्यू, अधूरी रही रवि के निर्देशक बनने की ख्वाहिश

*नई दिल्ली। अभिनेता रवि बासवानी को फिल्म चश्मे बद्दूर और जाने भी दो यारो में बेहतरीन काम करने के लिए आज भी याद किया जाता है। फिल्म में अच्छी अदाकारी करने के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया। वह बेहतरीन कॉमेडी के अलावा कैरेक्टर रोल के लिए भी जाने जाते हैं।*



### शुरुआती जीवन और पढ़ाई

रवि बासवानी का जन्म 29 सितंबर 1946 को एक जाट परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा सेंट जॉर्ज कॉलेज मसूरी से पूरी की। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से स्नातक की उपाधि हासिल की। यहां वह केएमसी नाट्य समाज के सदस्य थे।

### हास्य के अलावा सीरियस रोल भी किए

30 साल के करियर में रवि बासवानी ने लगभग 30 फिल्मों में अभिनय किया। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत साल 1981 में रिलीज हुई फिल्म चश्मे बद्दूर से की। उन्होंने फिल्मों में एक हास्य अभिनेता के अलावा सीरियस रोल भी किए हैं। बासवानी ने बंटी और बबली और प्यार तूने क्या किया जैसी फिल्मों में चरित्र भूमिकाएं कीं।

### इन फिल्मों में निभाया दमदार किरदार

**जाने भी दो यारों** : फिल्म 'जाने भी दो यारों' साल 1983 में रिलीज हुई थी। इसमें उन्होंने सुधीर नाम का किरदार निभाया। यह किरदार एक पत्रकार का था। इस किरदार को निभाने के लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। फिल्म में उनका यह किरदार इतना अच्छा था कि इसके लिए उन्हें 1984 में सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया।

**चश्मे बद्दूर** : साल 1981 में रिलीज हुई फिल्म 'चश्में बद्दूर' में रवि बासवानी ने लखन पाल का किरदार निभाया। यह किरदार एक छात्र का था। यह उनकी पहली फिल्म थी। इस फिल्म में अभिनय के लिए उनकी काफी तारीफ हुई। इस फिल्म में फारूक शेख और दीप्ति नवल अहम किरदार में थे।



**कभी हां कभी ना** : साल 1994 में उनकी फिल्म 'कभी हां कभी ना' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने अल्बर्ट गोंजास्विस का किरदार निभाया। इसके लिए भी उनकी काफी तारीफ हुई। इस फिल्म में शाहरुख खान और सुचित्रा कृष्णमूर्ति अहम किरदार में थे।

***छोटा चेतन*** *: इसके बाद साल 1998 में फिल्म 'छोटा चेतन' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने राजा का किरदार निभाया। यह मलयालम भाषा की फिल्म थी। इसमें उनके किरदार को पसंद किया गया।*

***चल मेरे भाई*** *: साल 2000 में आई फिल्म 'चल मेरे भाई' में रवि बासवानी ने एक वेटर का किरदार निभाया। उनके इस रोल की भी काफी सराहना हुई।*

***टीवी में भी किया काम*** *: एक टेलीविजन अभिनेता के रूप में, रवि बासवानी ने कई टीवी धारावाहिकों में अभिनय किया। उन्होंने 1980 के दशक में दूरदर्शन पर लोकप्रिय कॉमेडी धारावाहिक इधर उधर में काम किया। इस धारावाहिक में उन्होंने पाठक बहनों, सुप्रिया पाठक और रत्ना पाठक के साथ अभिनय किया था। इसके बाद वह एक से बढ़कर एक और जस्ट मोहब्बत (1997)' में नजर आए।*

### नसीरुद्दीन शाह के साथ संभाला पद

साल 2004 में जब भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे ने 26 वर्षों के बाद अपने अभिनय पाठ्यक्रम में कुछ बदलाव किए तो रवि बासवानी नसीरुद्दीन शाह के साथ इसके समन्वयक और शिक्षक बने। संस्थान के पाठ्यक्रम को नया रूप देने में इन्होंने भी अहम रोल निभाया। हालांकि, बसवानी ने अगले वर्ष संस्थान से इस्तीफा दे दिया।

### पहली फिल्म का निर्देशन से पहले निधन

रवि बासवानी ने कभी शादी नहीं की। वह जिंदगी भर अकेले ही रहे। 27 जुलाई 2010 को नैनीताल में दिल का दौरा पड़ने से बासवानी का निधन हो गया। वह अपनी पहली फिल्म निर्देशित करना चाहते थे। इसके लिए फिल्म की लोकेशन ढूंढ रहे थे। ऐसे में नैनीताल से दिल्ली जाते समय हल्द्वानी में उनका निधन हो गया। यह काफी दुखद रहा कि वह अपनी फिल्म का निर्देशन करने से पहले ही इस दुनिया को अलविदा कह गए।



## मुख्यमंत्री सैनी ने मन की बात कार्यक्रम सुना, परीक्षा की तैयारी को जमकर सराहा

# सीईटी को पूरे हरियाणा ने पर्व के रूप में मनाया हर व्यक्ति छात्रों की मदद को खड़ा दिखा : नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को बूथ नंबर-28 पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक होता है। सीईटी की परीक्षा के बारे में बोलते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि सीईटी की परीक्षा को पूरे हरियाणा ने पर्व के रूप में मनाया है। परीक्षार्थियों को कोई दिक्कत और परेशानी ना आए इसका पूरा ध्यान रखा गया है। यातायात से लेकर हर तरह की व्यवस्थाएं सरकार ने परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराई है। उन्होंने कहा कि बिना दबाव और खुशनुमा माहौल में हमारे युवाओं ने सीईटी की परीक्षा दी है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नवीन गर्ग, प्रवीण अत्रे, पार्षद सुरेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष टोनी सहित मंडल अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहे। सैनी ने कहा कि पुलिस, रोडवेज, प्रशासन के कर्मचारियों और अधिकारियों ने तन्मयता और निष्ठा से कार्य किया है जिसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि सीईटी की परीक्षा को सफलता पूर्व संपन्न कराने के लिए हमारी टीम ने मिशन मोड पर काम कार्य किया है। एक सवाल पर बोलते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि कोई भी कार्य हो उसमें चैलेंज होता है, लेकिन जब उस कार्य को टीम रूप में किया जाता है तो चैलेंज आराम से पूरा हो जाता है।






### प्रतिभा से अवगत करवाते हैं पीएम : सैनी

मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि "मन की बात" कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के प्रतिभावान लोगों की प्रतिभा, हमारी संस्कृति और महान व्यक्तियों के व्यक्तित्व से देश के लोगों को अवगत कराते हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर महीने के अंतिम रविवार को "मन की बात कार्यक्रम होता है।
इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी विभिन्न क्षेत्रों में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों के प्रेरणादायक कार्यों के बारे में बताते हैं जिससे लोगों को प्रेरणा मिलती है और देश भी आगे बढ़ता है।

### सीएम ने पौधरोपण भी किया

मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भाजपा प्रदेश कार्यालय पंच कमल के प्रांगण में रूद्राक्ष का पौधा लगाया। इस मौके पर उन्होंने संदेश दिया कि हमें पर्यावरण के संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी लोग हर शुभ अवसर पर पेड़ पौधे लगाने का संकल्प लें और खुद भी पौधा रोपण करें और दूसरों से भी कराएं।

### परिवहन मंत्री ने अपने स्टाफ की पीठ थपथपाई, तालियां बजाकर किया उत्साह



*चंडीगढ़। सूबे के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि सीईटी परीक्षा में सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित परीक्षार्थियों ने भी एक उच्च सार्थक भावना के साथ भागीदारी की है और इसी कारण से सीईटी परीक्षा का आयोजन सफल होने जा रहा है क्योंकि सीईटी परीक्षा में लगभग 13 लाख से अधिक बच्चों को दो दिनों की चार शिफ्टों में परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाना/आयोजित करवाना बहुत ही बड़ा दायित्व था। सीईटी परीक्षा आयोजित करवाने के लिए विज ने सुबह 5 बजे से ड्यूटी पर तैनात चालकों की पीठ थपथपाई और तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इसके अलावा, विज ने बताया कि परीक्षार्थियों के खिले हुए चेहरे बता रहे थे कि परिवहन विभाग की व्यवस्थाएं दुरूस्त हैं। विज आज सीईटी परीक्षा को आयोजित करवाने के लिए परिवहन विभाग द्वारा किए गए प्रबंधों को लेकर अंबाला छावनी के बस अडडे पर निरीक्षण करने के उपरांत मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे।*

## खबर संक्षेप

### शिवपुरी के दो निलंबित उपयंत्रियों पर एफआईआर

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निर्देश पर शिवपुरी में दो उपयंत्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। निर्माण कार्य की जांच में 16.13 लाख की गिट्टी-डस्ट कम पाई गई थी, जबकि ठेकेदार ने उपयंत्रियों की मदद से इसका भुगतान ले लिया। नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि नपा के दो उपयंत्रियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। मामले की प्रशासनिक जांच में पाया गया कि 16.13 लाख की गिट्टी-डस्ट कम पाई गई। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को पटवारी रवि प्रकाश लोधी की रिपोर्ट पर नपा में पदस्थ उपयंत्री जितेंद्र परिहार, सहायक यंत्री सतीश निगम और ठेकेदार अर्पित शर्मा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4), 316 (5), 61 (2) एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 एवं संशोधन अधिनयम 2018 की धारा 13(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इस मामले में कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने प्राप्त शिकायतों पर तत्काल एक्शन लेते हुए एडीएम शिवपुरी, नपा सीएमओ की टीमों से भौतिक सत्यापन करवाया था।

### 17 साल के इनामी नक्सली ढेर, दो महिलाएं भी शामिल



**बीजापुर।** जिले के दक्षिण-पश्चिमी जंगल क्षेत्र में चलाए गए एक विशेष सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार इनामी नक्सली मारे गए हैं। मारे गए नक्सलियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। इन सभी पर 17 लाख का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बासागुड़ा और गंगलूर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती घने जंगलों में नक्सली गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना पर डीआरजी बीजापुर द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया। यह मुठभेड़ 26 जुलाई की शाम से शुरू होकर रुक-रुक कर देर रात तक जारी रही। इस मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान 5 लाख का इनामी एसीएम प्लाटून 10 दक्षिण सब जोनल ब्यूरो हुंगा, 5 लाख की इनामी एसीएम प्लाटून 30 दक्षिण सब जोनल ब्यूरो लक्खे, 5 लाख की इनामी एसीएम दक्षिण सब जोनल ब्यूरो भीमे व 2 लाख के इनामी पार्टी सदस्य ब्यूरो कम्युनिकेशन हेड का गार्ड निहाल उर्फ राहुल के रूप में हुई है।

## पर्यटन के क्षेत्र में 12 करोड़ का निवेश करने वाली चार कंपनियों को वितरित किए लेटर ऑफ अलॉटमेंट

# पर्यटन को मिली नई उड़ान, टूरिज्म कॉन्क्लेव में मिले 3000 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### हम विरासत से विकास की ओर मिशन मोड में आगे बढ़ रहे: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रीवा रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में पर्यटन क्षेत्र के लिए एक नई सुबह का आगाज़ हुआ है। पर्यटन श्रेत्र में प्रमुख निवेशकों ने रीवा और शहडोल संभाग में 3000 करोड़ से अधिक के निवेश की इच्छा जताकर इन क्षेत्रों में पर्यटन के विकास की संभावनाओं को रेखांकित किया है। यह दोनों संभागों के लिए आर्थिक समृद्धि और रोजगार के नए द्वार खोलेगा। कॉन्क्लेव में निवेशकों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को दो दिवसीय रीजनल कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। यह कॉन्क्लेव 27 जुलाई को भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि विकास के मायने तभी हैं, जब हम अपनी जड़ों से, अपनी संस्कृति और अपनी विरासतों से भी आत्मीयता से जुड़े रहें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम विरासत से विकास की ओर मिशन मोड में आगे बढ़ रहे हैं। विंध्य क्षेत्र हमेशा से ही मध्यप्रदेश का गौरव रहा है। इस क्षेत्र के विकास में अब कोई भी बाधा नहीं रही। हम यहां की हेरिटेज साइट्स को समुचित तरीके से सहेजकर पूरे विंध्याचल को उसका पुरा वैभव लौटाएंगे।

**खास बातें**

- आर्थिक समृद्धि और रोजगार के नए द्वार खोलेगा रीवा रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव
- सीएम ने होम-स्टे ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल को किया लॉन्च





### सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग देगी



यह निवेश रीवा और शहडोल संभाग की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी, ताकि इन परियोजनाओं को सफलतापूर्वक साकार किया जा सके। इस महत्वपूर्ण पहल से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और हजारों लोगों के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिससे यह क्षेत्र पर्यटन के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा।

### विंध्याचल प्रदेश का हर दिल अजीज हिस्सा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र देश का हृदय प्रदेश है। विंध्याचल प्रदेश का हर दिल अजीज हिस्सा है। यहां की माटी ने देश को नेतृत्व दिया है। यहां के वनों में सफेद शेर खुले में विचरण करते हैं। यह क्षेत्र खनिजों और लौह अयस्क से भरा हुआ है। देश की ऊर्जाधानी (रीवा और सिंगरौली) भी इसी क्षेत्र में है। दिल्ली की मेट्रो ट्रेन यहीं से उत्पादित बिजली से ही चलती है। पूरे देश और प्रदेश को रोशन करने वाले इस क्षेत्र में हम विकास की नई रोशनी लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि रीवा में एयरपोर्ट बनने से इस क्षेत्र के विकास को नए पंख लग गए हैं। रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के बाद रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन यह संकेत है कि हम इस क्षेत्र को पर्यटन के क्षेत्र में आगे लाने के लिए कोई कसर नहीं रखेंगे।

### प्रदेश में इंडस्ट्री और टूरिज्म के क्षेत्र में तेजी से काम शुरू हुआ: शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में इंडस्ट्री और टूरिज्म के क्षेत्र में जिस तेजी से काम करना शुरू किया है, यह पूरे देश के लिए अनुकरणीय है। रीवा का क्षेत्र असंख्य संभावनाओं का क्षेत्र है। रीवा का क्यूटी और बहुती वाटरफॉल नियाग्रा वॉटरफॉल से कम नहीं है। मालदीव जैसा ही अनुभव सरसी आइलैंड में भी आता है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यह सरकार नहीं है, बल्कि इंवेस्टर फ्रेंडली टीम है। पिछले डेढ़ वर्ष के दौरान जितना इन्वेस्टमेंट प्रदेश में आया है वह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को पूरा करने वाली सरकार है। पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि प्राकृतिक दृष्टि से रीवा का वातावरण और भूमि किसी भी पर्यटक को लुभाने के लिए पर्याप्त है। रीवा की कनेक्टिविटी सभी माध्यमों में स्थापित हुई है।

### सीएम डॉ. यादव ने आईआरसीटीसी पोर्टल पर बुकिंग सुविधा लॉन्च की

मुख्यमंत्री ने पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा बुकिंग पोर्टल का आईआरसीटीसी पोर्टल पर बुकिंग सुविधा को लॉन्च किया। यह सेवा प्रदेश के मुख्य शहरों जैसे भोपाल, इंदौर, सतना, रीवा और सिंगरौली के बीच संचालित हो रही है। उन्होंने ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल को लॉन्च किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के पर्यटन ग्रामों में विकसित ग्रामस्टे को डिजिटल बुकिंग प्रणाली से जोड़ते हुए होम स्टे ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल को लॉन्च किया है। इससे स्थानीय होम स्टे अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों के माध्यम से आसानी से बुक हो सकेंगे, जिससे उन्हें अधिक दृश्यता और बुकिंग दर मिलेगी।

### समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया

*प्रदेश पर्यटन बोर्ड और दो प्रमुख डिजिटल मार्केटिंग कंपनियों - बारकोड एंटरटेनमेंट और विक्की डिजिटल के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। यह साझेदारी मप्र की सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन स्थलों की कहानियों को सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म से दर्शकों तक पहुंचाएगी। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में वेंकट भवन के संरक्षण कार्य के लिए संस्कृति विभाग की ओर से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र को लैटर ऑफ अवॉर्ड जारी किया गया है। लगभग 20 करोड़ रुपए से विकास कार्य किए जाएंगे।*

### सीएम ने वन-टू-वन चर्चा की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा की। फ्लाईओला के मैनेजिंग डायरेक्टर राम ओला ने 700 करोड़ के सबसे बड़े निवेश की मंशा जताई, जो इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पर्यटन परियोजनाओं की शुरुआत का संकेत है। आरसीआरसीपीएल और विंध्य प्राइड के दिव्यांश सिंह बघेल ने 500 करोड़ के निवेश की इच्छा जताई। इसी क्रम में अमित दिग्विजय सिंह ने 500 करोड़ और संदड़िया बिल्डर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर अजीत संदड़िया ने 300 करोड़ रुपए के निवेश का इरादा व्यक्त किया।

### इन्होंने निवेश की इच्छा जताई




जंगल कैंप इंडिया के गजेंद्र सिंह राठौर ने 150 करोड़, गौरव प्रताप सिंह और पुष्पराज सिंह ने 100-100 करोड़, राजस्थान फोर्ट एंड पैलेस के मैनेजिंग डायरेक्टर मानवेंद्र सिंह शेखावत ने हेरिटेज प्रॉपर्टी को विकसित करने के लिए 100 करोड़ रुपए, इको पार्क के अनुज और विजय तिवारी ने 80 करोड़, तथास्तु रिसॉर्ट के अनिल अग्रवाल ने 150 करोड़, सिद्धार्थ सिंह तोमर ने 15 करोड़, सिद्धिविनायक कंस्ट्रक्शन के वैभव सिंह कौरव ने 10 करोड़ और कैलाश फुलवानी ने 5 करोड़ के निवेश की इच्छा जताई है। कॉन्क्लेव में मप्र पर्यटन ने राज्य में पर्यटन में निवेश को बढ़ावा देने के लिए चार प्रमुख निवेशकों को लेटर ऑफ अवॉर्ड जारी किए। जारी किए गए एलओए के अनुसार सिद्धार्थ सिंह तोमर भोपाल को रायसेन जिले के ढकना चपना में 4.653 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। उनकी ओर से होटल, रिसॉर्ट के लिए लगभग 5 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। इसी तरह प्रयास पावर भोपाल को विदिशा जिले के नेहरयाई में 2 हेक्टेयर भूमि पर 3.00 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

### चार प्रमुख निवेशकों को लेटर ऑफ अलॉटमेंट

जबलपुर में अफोर्ड मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड नन्हाखेड़ा में 0.405 हेक्टेयर पर 1 करोड़ रुपए का निवेश करेगा, और मेसर्स सिद्धिविनायक कंस्ट्रक्शन, जबलपुर नरसिंहपुर के ग्राम कुमरोड़ा में 3.805 हेक्टेयर पर लगभग 3 करोड़ रुपए का निवेश कर रिसॉर्ट / होटल का निर्माण करेंगे। रीवा में आयोजित कॉन्क्लेव मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका आयोजन 11 से 13 अक्टूबर 2025 तक भोपाल में किया जाएगा।

## बेटी से छेड़छाड़ का विरोध किया, तो आरोपी ने कर दी मां की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम धौंराडांड निवासी कृष्णा राऊत ने थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि 25 जुलाई की शाम 4 बजे के आसपास उसकी पत्नी रेखा राउत घर आ रही थी। इसी बीच लोकेश्वर यादव (21) निवासी नवागांव ने धारदार कुल्हाड़ी से एक के बाद एक वार करके महिला की हत्या कर दी। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए




अस्पताल भेज दिया है, वहीं परिजनों की रिपोर्ट के बाद लैलूंगा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### 20 दिन बाद आरोपी ने महिला पर कुल्हाड़ी से किया हमला

कृष्णा राऊत ने बताया कि 20 दिन पहले रथ देखने के लिए वह अपनी बेटी और दामाद को तमनार के कूशलेंगा से अपने घर लाया है, उसी दिन लोकेश्वर यादव रथ देखने के दौरान उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकत कर रहा था, जिसे उसी समय लड़की की मां ने डांट-फटकार लगाई थी। इसी बात को लेकर लोकेश्वर अपने मन में खून्नस रखे था। 25 जुलाई की शाम उसने मौका मिलते ही धारदार कुल्हाड़ी से एक के बाद एक हमला कर रेखा की हत्या कर दी।

## दोस्तों के साथ जलप्रपात देखने गए युवक को रील बनाना पड़ा भारी, 40 फीट ऊंचाई से गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

बलौदा बाजार जिले के चर्चित धसकुड़ जलप्रपात पर 26 जुलाई को एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जिसका लाइव वीडियो अब सामने आया है। जिले के निखिल साहू (18 वर्ष) अपने दोस्तों के साथ जलप्रपात पर घूमने पहुंचा था। रील बनाने के चक्कर में उसने अपनी जान को खतरे में डाल दिया। मिली जानकारी के अनुसार, निखिल अपने दोस्तों के साथ मस्ती कर रहा था। इसी दौरान उसने एक रोमांचक वीडियो बनाने के लिए झरने की ऊपरी चोटी पर चढ़कर छलांग लगाने का प्रयास किया। जैसे ही वह छलांग लगाने की कोशिश करता है, बैलेंस बिगड़ जाता है और वह सीधे 40 फीट की ऊंचाई से नीचे पत्थरों पर जा गिरता है। इस हादसे में निखिल को गंभीर चोटें आई हैं। उसके दोनों हाथ और कमर की हड्डियों में गंभीर फ्रैक्चर हुआ है।

## कार्यकर्ताओं की शिकायत पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने किया था तलब

# विधायक निर्मला सप्रे भाजपा में, पर विधानसभा में बैठेंगी कांग्रेस के साथ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



बुंदेलखंड के सागर जिले की बीना विधानसभा सीट से विधायक निर्मला सप्रे फिर चर्चा में हैं। वह प्रदेश की ऐसी विधायक हैं, जो किसी दल में नहीं हैं और दोनों प्रमुख दलों भाजपा-कांग्रेस में हैं भी। विधानसभा का चुनाव वे कांग्रेस के टिकट पर जीती थीं, लेकिन लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल हो गई थीं।

इस नाते उन्हें इस्तीफा देकर उप चुनाव का सामना करना चाहिए था, लेकिन पराजय की डर से वे इस्तीफा देने की हिम्मत नहीं जुटा पाईं। ऐसे में वे भाजपा का काम कर रही हैं, लेकिन पार्टी नेता उन्हें भाजपा में नहीं मान रहे हैं। उधर कांग्रेस भी निर्मला को अपना नहीं मानती, उसने उनकी सदस्यता समाप्त करने के लिए विधानसभा और हाईकोर्ट में याचिका लगा रखी है। हालात ये हैं कि कांग्रेस के विरोध के बावजूद विधानसभा में उनकी सीट कांग्रेस के पक्ष में ही होगी, क्योंकि सदन के रिकार्ड में वे कांग्रेस की ही सदस्य हैं।

### बीना क्षेत्र में भाजपाई कर रहे विरोध

बीना क्षेत्र में भाजपा के पूर्व विधायक महेश राय सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उनकी कार्यशैली से नाराज हैं। कार्यकर्ताओं की शिकायत पर उन्हें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भोपाल तलब किया था, लेकिन खंडेलवाल से मुलाकात से पहले सप्रे सीएम हाउस पहुंची और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलकर अपनी सफाई दी। वहीं पूर्व विधायक महेश राय भी अपने समर्थकों के साथ खंडेलवाल से मिलने पहुंचे थे और सप्रे की शिकायत की थी। बाद में सप्रे की खंडेलवाल के साथ बंद कमरे में चर्चा हुई।

### वायरल ऑडियो में धमकाने की शिकायत

हाल ही में सप्रे का एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें वे एक युवक को गालियां देकर बुरी तरह धमका रही थीं। हरकिशन सेन नाम के इस युवक ने इंदौर के परदेशीपुरा थाने में सप्रे के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई है। इधर बीना के स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी इसकी शिकायत हेमंत खंडेलवाल से की थी। शिकायत के मुताबिक हरकिशन सागर जिले के खिमलासा और आसपास के गांवों में चरागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए ज्ञापन दे रहे थे। उन्होंने बीना विधायक से भी शिकायत की, इसके बाद विधायक ने कॉल कर उन्हें धमकाया था। हालांकि सप्रे का कहना था कि ऑडियो उनका नहीं हैं।

### बीना को जिला बनाने का मिला था आश्वासन

*सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ज्वॉइन करने से पहले निर्मला सप्रे को बीना को जिला बनाने का आश्वासन मिला था, लेकिन अब तक यह आश्वासन पूरा नहीं हुआ। निर्मला का कहना था कि वे सदस्यता से इस्तीफा तभी देंगी, जब बीना को जिला घोषित कर दिया जाएगा। यह घोषणा हो भी जाती, लेकिन वरिष्ठ विधायक भूपेंद्र सिंह बीच में आ गए। वे खुरई को जिला बनाने की मांग कर रहे थे। इस मामले को ठंडे बस्ते में डालने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुनर्गठन आयोग की घोषणा कर दी। नतीजा, निर्मला सप्रे अधर में हैं। न वे पूरी तरह भाजपा में हैं और कांग्रेस से तो इस्तीफा ही दे चुकी हैं।*

### स्पा सेंटर के नाम पर चल रहा था देह व्यापार

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में स्पा सेंटर की आड़ में अनैतिक देह व्यापार का बड़ा खुलासा हुआ है। प्रोफेसर कॉलोनी स्थित एक मकान में दबिश देकर पुलिस ने एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह का सरगना कृषाणु दास नाम का व्यक्ति बताया जा रहा है, जो शहर में तीन स्पा सेंटर की आड़ में यह अवैध कारोबार चला रहा था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर टीम ने एक पंटर (फर्जी ग्राहक) को सौदे के लिए मौके पर भेजा। सौदा तय होते ही टीम ने रेड मार कर दो महिलाएं और एक पुरुष को गिरफ्तार किया।

## चिंतन

# इजरायल का फैसला मानवता के हित में

आखिरकार संयुक्त राष्ट्र के दबाव में इजरायल ने गाजा पट्टी के तीन घनी आबादी वाले वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन 10 घंटे के लिए लड़ाई रोकने का ऐलान किया है। मानवीय सहायता की दिशा में यह अहम कदम है। इजरायल ने यह कदम इस क्षेत्र में बढ़ती भुखमरी की चिंताओं को देखते हुए उठाया है। भारत, यूएन, अमेरिका, चीन आदि देश इजरायल से शांति की अपील लगातार कर रहे हैं। लेकिन इजरायल का प्रण वैश्विक आतंकी गुट हमास के खात्मे तक सैन्य एक्शन जारी रखने का है। पिछले 21 महीने से इजरायल की सेना गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ जंग लड़ रही है। इस दौरान गाजा के हालात बद से बदतर होते गए हैं। हमास के आतंकी कुकृत्य के अंजाम गाजापट्टी के निर्दोष नागरिक व बच्चे भुगत रहे हैं। इजरायल की एक ही मांग है कि यदि हमास आत्मसमर्पण कर दे और क्षेत्र को छोड़ दे, तो वह युद्ध समाप्त करने के लिए तैयार है। हमास ने हजरायल के इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। साफ है कि जंग रुकने के आसार निकट भविष्य में नहीं हैं। ऐसे में गाजापट्टी में आमलोगों के हालात खराब ही होते जा रहे हैं। जंग जारी रखने के चलते इजरायल को अंतरराष्ट्रीय आलोचना का सामना भी करना पड़ रहा है, हालांकि इजरायली सेना का तर्क है कि वह अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। ग्लोबल आतंकी गुट हमास ने इजरायल में 7 अक्टूबर 2023 को पिकनिक मना रहे निहत्थे व बेकसूर लोगों पर हमला कर दिया था, जिसमें करीब 1200 लोग शिकार हुए थे। उसके बाद से इजरायल व हमास के बीच लड़ाई जारी है, जिसमें करीब 15 हजार से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। खाद्य विशेषज्ञ महीनों से गाजा में भुखमरी के खतरे की चेतावनी दे रहे हैं क्योंकि इजराइल ने सहायता पर रोक लगा दी थी। हाल के दिनों में गाजा से कमजोर बच्चों की तस्वीरें सामने आई थीं, जिसके बाद इजरायल की वैश्विक आलोचना तेज हो गई। अब इजरायल की सेना के मुताबिक, वह गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए सुरक्षित मार्ग बनाएगीजिसमें आटा, चीनी और डिब्बाबंद खाद्य सामग्री शामिल है। गाजा युद्ध से उत्पन्न मानवीय त्रासदी को झेल रहा है। संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी ने सहायता प्रतिबंधों में ढील देने के इजरायली कदमों का स्वागत किया है, लेकिन कहा कि गाजा में जरूरतमंद सभी लोगों तक सामान पहुंचाने के लिए व्यापक युद्धविराम की आवश्यकता है। इजराइल ने स्पष्ट किया है कि वह इन तीन क्षेत्रों को छोड़कर अन्य इलाकों में हमास के खिलाफ अपना अभियान जारी रखे हुए है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 9 लाख बच्चे भूखे हैं और 70 हजार से ज्यादा बच्चे पहले से ही कुपोषण के लक्षण दिखा रहे हैं। गाजा में 127 लोग भुखमरी और कुपोषण के कारण मर चुके हैं। बहुत से बच्चे भूख से बिलख रहे हैं, महिलाएं अपनी आंखों के सामने बच्चे को मरते देखने के लिए मजबूर हैं, तो आतंकी गुट हमास के आकाओं से पूछा जाना चाहिए कि गाजा के लोगों को इस हालात में किसलिए और क्यों पहुंचाया? इजरायल के बेकसूरों को मौत के घाट क्यों उतारा? क्या सांस्कृतिक विचारधारा और कट्टर धार्मिकता का युद्ध आम आदमी की हत्या कर लड़ा जाएगा? इजरायल की लड़ाई हमास से है, इसलिए उसे गाजा के आम नागरिकों को जरा भी क्षति नहीं पहुंचानी चाहिए। हमास, हिज्बुल्ला, अलकायदा, इस्लामिक स्टेट, अल शबाब, हूती, लश्कर, जैश, टीटीपी, तालिबान जैसे आतंकी गुटों को कट्टरता, रसद, धन और हथियार देने वाले मानवता के इनसे बड़े दुश्मन हैं। भारत गाजा में शांति का पक्षधर है।



युद्ध
राजेश जैन

# थाईलैंड-कंबोडिया का संघर्ष खत्म हो

कंबोडिया और थाईलैंड खतरनाक सीमा संघर्ष में उलझ गए हैं। अब तक 27 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। इस बार भी विवाद की जड़ वही पुरानी है, प्रीह विहेयर मंदिर। हजारों साल पुराना यह मंदिर खमेर साम्राज्य की धरोहर है, लेकिन इस पर मालिकाना दावा थाईलैंड और कंबोडिया दोनों करते हैं। 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने इसे कंबोडिया का हिस्सा माना था, पर थाईलैंड ने यह फैसला पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। इस तनाव को सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की भूमिका अहम हो सकती है। अगर चीन इस संघर्ष में 'शांति-निर्माता' बनकर उभरता है, तो वह दक्षिण-पूर्व एशिया में अमेरिका की साख को और कमजोर करेगा और भारत की रणनीतिक स्थिति पर भी असर डालेगा।

दक्षिण-पूर्व एशिया एक बार फिर अशांत है। कंबोडिया और थाईलैंड खतरनाक सीमा संघर्ष में उलझ गए हैं। अब तक 27 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं।

इस बार भी विवाद की जड़ वही पुरानी है, प्रीह विहेयर मंदिर। हजारों साल पुराना यह मंदिर खमेर साम्राज्य की धरोहर है, लेकिन इस पर मालिकाना दावा थाईलैंड और कंबोडिया दोनों करते हैं। 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने इसे कंबोडिया का हिस्सा माना था, पर थाईलैंड ने यह फैसला पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। वैसे भी 817 किलोमीटर लंबी थाई-कंबोडिया सीमा पर दशकों से विवाद चला आ रहा है। इसकी जड़ें फ्रांसीसी औपनिवेशिक काल के नक्शों में हैं। 1907 में बने नक्शों को थाईलैंड अब भी विवादित मानता है। कंबोडिया का कहना है कि प्रीह विहेयर और ता मुएन थोम जैसे ऐतिहासिक मंदिर उसके क्षेत्र में आते हैं, वहीं थाईलैंड इन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत मानता है। 2008 से 2011 के बीच इसी विवाद पर हुई झड़पों में 34 लोगों की मौत हो गई थी। 2025 की चिंगारी तब भड़की जब एक कंबोडियाई सैनिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। 24 जुलाई को हालात और बिगड़ गए जब ता मुएन थोम मंदिर के पास भारी गोलीबारी और हवाई हमले हुए। अब, जब व्यक्तिगत कटुता, राजनीतिक अस्थिरता और ऐतिहासिक विवाद आपस में गुत्थमगुत्था हो चुके हैं, दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए एक और गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

यह सैन्य लड़ाई दो राजवंशों के बीच की अदावत का विस्तार भी है। यह सीमा विवाद से लेकर दो राजवंशों के बीच की रंजिश की लड़ाई है। जुलाई की पहली तारीख को थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा को कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन को टेलीफोन किया था। इस दौरान तत्करलीन प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न ने कंबोडियाई नेता को 'अंकल' कहकर संबोधित किया था। उस टेलीफोन कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग को हुन सेन ने फेसबुक पर पोस्ट कर दिया, जिसमें पैतोंगतार्न उन्हें अंकल कहकर संबोधित कर रहीं थी और उनके बातचीत के अंदाज से ऐसा लग रहा था कि वो बातचीत को भावनात्मक बनाकर विवाद सुलझाना चाहती थीं। इस दौरान उन्होंने थाईलैंड सेना को भी नजरअंदाज किया, लेकिन ऑडियो फेसबुक पर आते ही बवाल मच गया। प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न को इस्तीफा देना पड़ा और उनके पिता थाकसिन शिनवात्रा ने सार्वजनिक तौर पर कंबोडियाई नेता हुन सेन से संबंध तोड़ने का ऐलान कर दिया। थाकसिन और हुन सेन, अपने-अपने देश के दिग्गज नेता रहे हैं और उनके बच्चे भी एक ही साल के अंतराल में देश की सत्ता में पहुंच गये। एक वक्त था जब थाईलैंड के थाकसिन और कंबोडिया के हुन सेन की दोस्ती काफी मशहूर थी। माना जाता था कि दोनों देशों के बीच विवाद के बावजूद दोनों की दोस्ती की वजह से लड़ाई नहीं होगी और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बनी रहेगी।लेकिन ऑडियो लीक होने के बाद सबकुछ बदल गया। दोनों नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर एक दूसरे के खिलाफ जहर उगले। थाकसिन ने कहा कि वो थाईलैंड सेना को हुन सेन को सबक सिखाने का मौका देना चाहते हैं। जिसपर हुन सेन ने उनके बयान को 'युद्ध की आग भड़काने' वाला बताया। हुन सेन, थाईलैंड की राजनीति में चल रही अस्थिरता का लाभ उठाकर अपने बेटे और वर्तमान



प्रधानमंत्री हुन मानेट की राष्ट्रवादी छवि को मजबूत करना चाहते हैं। वहीं थाकसिन के खिलाफ राजद्रोह का मामला चल रहा है, जिसने उनकी राजनीतिक पकड़ को कमजोर कर दिया है। उनका 2023 में स्वदेश लौटना और मिलिटरी-रॉयल गठजोड़ से समझौता करना भी उनके पारंपरिक समर्थकों में नाराजगी की वजह बना है।थाईलैंड के पूर्व विदेश मंत्री कासित पिरोम्या ने न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा कि दोनों परिवारों की आकांक्षाएं और धन-संपत्ति का सपना साकार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हुन सेन शायद इसे थाकसिन की नाकामी मानते थे। हुन सेन अपने देश पर पूर्ण नियंत्रण रखते थे और वे अपने वादे को पूरा कर सकते थे, लेकिन थाकसिन पिछले 20 वर्षों से थाई समाज पर अपनी चमक और नियंत्रण खोते जा रहे हैं। इसके अलावा थाकसिन ने हाल ही में कंबोडिया की सीमा से सटे इलाकों में कैसीनो और ऑनलाइन स्कैम हब्स के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी थी और खुद एक ऐसे इंटरटेनमेंट कॉम्प्लेक्स की योजना की बात की, जो कंबोडियाई कैसीनो उद्योग को चुनौती दे सकता था। यह कदम हुन सेन के लिए सीधा आर्थिक और रणनीतिक खतरा बन गया, जिससे तनाव और गहरा गया। फिलहाल थाईलैंड ने सीमाएं सील कर दी हैं और कंबोडिया ने भी थाईलैंड से आने वाले आयात जैसे फल, सब्जियां, गैस और फिल्मों पर रोक लगा दी है। कंबोडिया पहले से ही चीन के प्रभाव में है। पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन और वर्तमान प्रधानमंत्री हुन मानेट दोनों को चीन का भरोसेमंद साथी माना जाता है।

यही वजह है कि चीन इस पूरे घटनाक्रम में शांत तो है, पर उसकी मौजूदगी हर स्तर पर महसूस की जा सकती है। दक्षिण कंबोडिया में चीन द्वारा विकसित किया गया रीम नौसैनिक अड्डा अमेरिका और भारत जैसे देशों के लिए चिंता का विषय है। माना जाता है कि ऐसे ठिकाने दक्षिण चीन सागर से लेकर हिंद महासागर तक चीन की सामरिक पहुंच बढ़ा सकते हैं। थाईलैंड लंबे समय से अमेरिका का रणनीतिक साझेदार रहा है और कोबरा गोल्ड जैसे संयुक्त सैन्य अभ्यासों में अमेरिका के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है। लेकिन बीते वर्षों में चीन से उसके आर्थिक और सैन्य रिश्ते भी गहरे हुए हैं। अगर चीन इस टकराव में मध्यस्थ बनता है, तो वह अमेरिका के प्रभाव को तो काफी हद तक कम कर ही सकता है, साथ ही दोनों देशों के साथ व्यापार और निवेश को भी अपनी शर्तों पर आगे बढ़ा सकता है। भारत के लिए यह संघर्ष कई वजहों से चिंता का कारण है। थाईलैंड 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का मुख्य प्रवेश द्वार है, जबकि कंबोडिया 'मेकोंग-गंगा सहयोग' में एक अहम साझेदार। भारत ने दोनों देशों में डिजिटल कनेक्टिविटी, सांस्कृतिक परियोजनाओं और रणनीतिक संवादों पर काम किया है। लेकिन अगर दोनों देशों के बीच यह तनाव लंबा चलता है, तो भारत की कूटनीतिक स्थिति अस्थिर हो सकती है। भारत को संतुलन साधना होगा और दोनों पक्षों से संबंध बनाए रखते हुए अपने हितों की रक्षा करनी होगी। भारत को चाहिए कि वह आसियान के साथ संवाद और सहयोग को और मजबूत करे। क्षेत्रीय मंचों का उपयोग करके सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था पर संवाद बढ़ाना भारत की प्राथमिकता होनी चाहिए। कंबोडिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से आपात बैठक की मांग की है और मामला फिर से अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में ले जाने की तैयारी कर रहा है। लेकिन थाईलैंड ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के अधिकार को नकारते हुए सिर्फ द्विपक्षीय बातचीत पर जोर दिया है। इसके लिए उसने पहले युद्धविराम की शर्त रखी है। इस तनाव को सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की भूमिका अहम हो सकती है। अगर चीन इस संघर्ष में 'शांति-निर्माता' बनकर उभरता है, तो वह दक्षिण-पूर्व एशिया में अमेरिका की साख को और कमजोर करेगा और भारत की रणनीतिक स्थिति पर भी असर डालेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

शिक्षा प्रणाली
सुनील कुमार महला



# भारत के लिए फिनलैंड जैसा शिक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर जरूरी

हाल ही में राजस्थान के झालावाड़ के पिपलोदी गांव में एक सरकारी स्कूल की इमारत का एक हिस्सा गिरने से सात मासूम बच्चों की मौत हो गई, यह बहुत ही दुखद और हृदयविदारक घटना है। वास्तव में झालावाड़ में हुई यह घटना हमारे देश के सरकारी स्कूलों की बदहाली के साथ ही हमारे एजुकेशनल सिस्टम पर गंभीर सवाल भी खड़े करती है। सच तो यह है कि इस हादसे के बाद स्कूल और प्रशासन की भूमिका पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। हादसे के बाद जब बच्चों की मौत हो गई तब शिक्षा मंत्री मदन दिलावर कह रहे हैं कि 2000 स्कूलों को ठीक किया जा रहा है और हादसे के दोषी वे खुद हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या मात्र स्वयं को दोषी ठहराने से इस हृदयविदारक हादसे की भरपाई संभव हो सकती है ? ऐसा भी नहीं है कि जर्जर व खराब हालात वाले स्कूल भवनों के बारे में किसी को जानकारी या सूचनाएं नहीं होती हैं, लेकिन दुखद यह है कि जानकारी होने के बावजूद समय रहते एक्शन नहीं लिया जाता और हादसे हो जाते हैं। आज राजस्थान ही नहीं हमारे देश में हजारों स्कूल ऐसे हैं, जहां स्कूल बिल्डिंग्स को लेकर डर का साया है और बहुत से स्कूल आज भी मरम्मत, रख-रखाव के इंतजार में हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की इमारतें जर्जर हैं, शिक्षकों की कमी है और स्वच्छ पेयजल, शौचालय और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं तक का अभाव है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि हमारे देश की नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में स्कूलों के बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया है। इसमें सभी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराने की बात कही गई है। आज नई शिक्षा नीति के अनुसार स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद नहीं है। इस संदर्भ में हमें फीनलैंड से प्रेरणा लेने की जरूरत है। बता दें कि दुनिया में सर्वश्रेष्ठ स्कूली शिक्षा प्रणाली फिनलैंड की मानी जाती है। दरअसल, फिनलैंड की शिक्षा प्रणाली में बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) आधुनिक, सुसज्जित और छात्रों की जरूरतों के अनुसार बनाया गया है। इसमें आधुनिक क्लासरूम, खेल के मैदान, पुस्तकालय, और तकनीकी उपकरण जैसे कि कंप्यूटर, टैबलेट आदि, आधुनिक लैब, विशेष आवश्यकता वाले छात्रों के लिए सुविधाएं आदि शामिल हैं। फिनलैंड में शिक्षा प्रणाली में बुनियादी ढांचे के लिए सरकार और स्थानीय प्राधिकरण दोनों मिलकर काम करते हैं, और शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए लगातार निवेश करते हैं। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि फीनलैंड में यह सुनिश्चित किया जाता है कि सभी स्कूलों में छात्रों को सीखने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा उपलब्ध हो। कहना ग़लत नहीं होगा कि जब स्कूलों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध होता है तो छात्र सक्रिय, रचनात्मक और आत्मविश्वास से सीखने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। बहरहाल, यहां यह भी उल्लेखनीय है कि फिनलैंड के अलावा, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, और कनाडा जैसे देशों की शिक्षा प्रणालियों को भी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि दुनिया बदलने के लिए शिक्षा ही सबसे ताकतवर हथियार है और अच्छी शिक्षा प्रणाली वाले देश अपने छात्रों को उस जरूरी ज्ञान और कौशल से लैस करते हैं, जिनके जरिए वे ना सिर्फ समाज में योगदान दे पाएं, बल्कि आर्थिक तरक्की भी कर पाएं। बहरहाल, भारत एक विकासशील देश है और हम अपने देश को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने का सपना देख रहे हैं। यह तभी संभव है जब हमारे यहां अपनी शिक्षा प्रणाली को और बेहतर बनाने की ओर कदम उठायेंगे। इसके लिए हमें जमीनी स्तर पर उतर कर पूरी ईमानदारी, इच्छाशक्ति व संकल्प के साथ काम करना होगा। आज जरूरत इस बात की है कि हम हमारे देश के स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर अपना ध्यान केंद्रित करें। वास्तव में होना तो यह चाहिए कि सभी स्कूलों की इमारतों की नियमित व पारदर्शी जांच हो और इसके लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक समिति गठित हो जो स्कूल भवनों के स्ट्रक्चर और सिक्योरटी का समय-समय पर आकलन करती रहे। वैसे भी हाल फिलहाल पूरे देश में मानसून का समय चल रहा है, ऐसे समय में हमारे अधिकारियों और प्रशासन को यह चाहिए कि वे देश के तमाम स्कूली और जर्जर सरकारी इमारतों का हाल जानें कि वे किस हालात में हैं और यदि वे ठीक नहीं हैं तो उनके रख-रखाव के लिए कार्रवाई को समय रहते जवाबदेही के साथ अंजाम दिया जाना चाहिए। इसके लिए स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए और अगर कोई स्कूल असुरक्षित स्थिति में पाया जाता है, तो संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई भी होनी चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।


## अच्छा काम करने आलस छोड़कर तुरंत करें



संकलित
दर्शन

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।

## भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

एक बूढ़ी महिला गौतम बुद्ध के पास पहुंची। उस महिला की बुद्ध के लिए गहरी आस्था थी। दरअसल, उस महिला के बेटे की मृत्यु हो गई थी। महिला बहुत दुखी थी और उसने बुद्ध से कहा कि आप मेरे बच्चे को जीवित कर दीजिए। महिला को लग रहा था कि बुद्ध उसके बेटे का जीवन बचा सकते हैं। बुद्ध ने महिला की बात सुनी और कुछ देर सोचने के बाद उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन तुम्हें किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर सरसों के दाने लेकर आना है, जहां कभी किसी की मौत न हुई हो। जिस परिवार ने किसी की मृत्यु का दुख नहीं देखा है, वहां से सरसों ले आओ। महिला ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। बूढ़ी महिला गांव की ओर चल दी और एक-एक घर में जाकर पूछने लगी। महिला जिस घर में जाती, वहां कहती कि अगर आपके घर में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो तो एक मुट्ठी सरसों के दाने दे दीजिए। गांव के सभी लोगों का यही जवाब रहता था कि हमारे घर में मृत्यु तो हुई है। कुछ लोगों की बढ़ी उम्र में हुई है तो किसी की असमय हुई। जब सभी घरों से ऐसे ही उत्तर मिल रहे थे तो महिला समझ गई कि बुद्ध ने मुझे जरूर कुछ सोचकर ही भेजा है। जब वह लौटकर बुद्ध के पास पहुंची, तब तक वह जान चुकी थी कि एक दिन मौत सबको आनी है। उसका शोक लंबे समय तक नहीं मनाना चाहिए।

## गणेश चतुर्थी उत्सव की तैयारी



महाराष्ट्र के नागपुर में रविवार को गणेश चतुर्थी उत्सव से पहले एक कार्यशाला में भगवान गणेश की मूर्ति की जाँच करता एक कलाकार।

## आज की पाती

### बेईमानी का धन

आज भौतिकवादी और आधुनिक युग में कुछ लोगों को धन की इतनी भूख बढ़ रही है कि वो इसे पाने के लिए किसी भी हद तक गिर रहे हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने कहा है कि, धन एक वस्तु है जो ईमानदारी और न्याय से कमाई जाती है, और इसका विपरीत है अधर्म का खजाना। लेकिन आज बहुत से लोग अमीर बनने के चक्कर में बेईमानी, हेराफेरी, अनैतिकता की राह पर चल पड़ते हैं। ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि गलत तरीकों से कमाई धन-दौलत ज्यादा दिन सुख नहीं दे सकती। कहते हैं कि जैसा खाओ अन्न वैसा हो मन। अगर हम बेईमानी कि कमाई से अन्न खरीद कर खाएंगे या अपने परिवार को खिलाएंगे तो क्या वो अन्न हमारे या हमारे परिवार के लिए उचित भोजन होगा? शायद नहीं। पाप की कमाई से अगर बच्चों का पालन-पोषण किया जाए तो इससे बच्चे पथभ्रष्ट ही होंगे। – *प्रखर जैन, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### सिंगापुर में तेलुगु पढ़ाए जाने का सीएम नायडू का आह्वान



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को सिंगापुर के स्कूलों में तेलुगु को दूसरी भाषा के रूप में पढ़ाए जाने का आह्वान किया। नायडू ने यहां प्रवासी भारतीयों के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया। वह आंध्र प्रदेश को एक आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करने के लिए पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सिंगापुर में हैं। मुख्यमंत्री ने दुनियाभर की बहुराष्ट्रीय कंपनियों के तेलुगु मूल के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) की विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए सीएक्सओ (मुख्य अनुभव अधिकारी) क्लब का भी उद्घाटन किया। एक सामुदायिक नेता के अनुसार, सिंगापुर में तेलुगु मूल के लगभग 40,000 लोग हैं। नायडू यहां 'वन वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल डिजिटल कैंपस' में लगभग 2,000 प्रवासी सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। सिंगापुर में तमिल चार आधिकारिक भाषाओं में से एक है (तीन अन्य-मलय, अंग्रेजी और मंदारिन हैं)। इसके अलावा, हिंदी और पंजाबी भी सिंगापुर के स्कूलों में मातृभाषा के रूप में पढ़ाई जाने वाली भाषाओं में शामिल हैं। भारतीय उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, अपने भाषण में, मुख्यमंत्री नायडू ने सिंगापुर के स्कूलों में तेलुगु पढ़ाए जाने का आह्वान किया।

## ऑफ बीट

### क्या वजन से स्वास्थ्य का आकलन हो सकता है



हमें पढ़ाया गया है कि दुबलेपन का सेहत से और अधिक वजन का बीमारी से संबंध होता है। लेकिन विज्ञान एक ज़्यादा बारीक कहानी कहता है–जहां वजन एक कहीं ज़्यादा जटिल तस्वीर में सिर्फ एक आंकड़ा भर है। तो अगर अकेले वजन ही यह नहीं दर्शाता कि हम कितने स्वस्थ हैं, तो और क्या दर्शाता है? शरीर का वजन स्वास्थ्य के सबसे ज्यादा मापे जाने वाले पैमानों में से एक है। समाज इस पर बहुत जोर देता है और किसी व्यक्ति के वजन की आलोचना को अक्सर स्वास्थ्य संबंधी चिंता के रूप में देखा जाता है। तो वजन असल में कितनी सार्थक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करता है? सीधे शब्दों में कहें तो, व्यक्ति का वजन शरीर द्वारा ग्रहण की जा रही कैलोरी पर निर्भर करता है। समय के साथ वजन में बदलाव कैलोरी की खपत की ओर इशारा कर सकता है। अगर उनका वजन बढ़ रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी जला रहे हैं, उससे ज़्यादा सेवन कर रहे हैं। वहीं, अगर उनका वजन घट रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी ले रहे हैं, उससे ज़्यादा जला रहे हैं। शायद यह समझना ज़्यादा उपयोगी होगा कि वजन हमें स्वास्थ्य संबंधी कौन-सी जानकारी नहीं देता।

## ट्रेंड

### पुण्यतिथि पर नमन



भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक, भारत रत्न, 'मिसाइल मैन' डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन। भारत को परमाणु सम्पन्न बनाने में उनका अतुलनीय योगदान अविस्मरणीय है।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### जनहानि अत्यंत दुखद



हरिद्वार स्थित श्री मनसा देवी मंदिर मार्ग में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मां मनसा देवी से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति, शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। ॐ शांति।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### हार्दिक बधाई



पेरिस, फ्रांस में आयोजित 55वें अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड 2025 में इंदौर के रिद्धेश बेंडाले एवं जबलपुर के स्नेहिल झा को स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई। दोनों की यह सफलता मध्यप्रदेश को गौरवान्वित करने वाली है।
- डा. मोहन यादव, सीएम, मप्र

### हम हर मोर्चे पर लड़ेंगे




दिल्ली की झुग्गियों में रहने वाले सैकड़ों ग़रीब परिवार के छोटे-छोटे घरों को भाजपा सरकार ने बेरहमी से उजाड़ दिया। हम इन उजाड़े गए परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं और हम हर मोर्चे पर लड़ेंगे।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

**अपने विचार**
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# हमारी लोकपरंपराओं में समाज को दिशा देने की ताकत, किले स्वाभिमान के प्रतीक

'मन की बात' में पीएम मोदी के उद्गार




## प्रधानमंत्री ने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में पूरा देश, खेल, विज्ञान और संस्कृति को लेकर बहुत कुछ ऐसा हुआ है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। पीएम ने कहा कि 'यूनेस्को ने 12 मराठा किलो को वर्ल्ड हेरीटेज साइट्स के रूप में मान्यता दी है। इनमें 11 महाराष्ट्र के और एक तमिलनाडु का किला शामिल है। सल्हेर के किले में मुगलों की हार हुई। शिवनेरी में छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म हुआ। खानदेरी में समुद्र के बीच किला है। दुश्मन उन्हें रोकना चाहते थे, लेकिन शिवाजी महाराज ने असंभव को संभव करके दिखा दिया। प्रतापगढ़ के किले में अफजल खान पर जीत मिली।राजस्थान का चित्तौड़गढ़ का किला, आमेर किला, जैसलमेर का किला विश्व प्रसिद्ध है। कर्नाटक का गुलबर्गा का किला भी बहुत बड़ा है। चित्रदुर्ग के किले की विशालता भी आपको कौतूहल से भर देती है।

### शुभांशु ने पूरे देश को गौरवान्वित किया

अभी हाल ही में शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी की बहुत चर्चा हुई। जैसे ही शुभांशु धरती पर उतरे तो पूरा देश खुशी और गर्व से भर गया। मुझे याद है कि जब चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग हुई तो देश में विज्ञान को लेकर अलग माहौल बना। अब छोटे-छोटे बच्चे अंतरिज्ञ विज्ञान में रुचि ले रहे हैं। आपने इंस्पायर मानक अभियान का नाम सुना होगा। यह बच्चों में इनोवेशन को बढ़ावा देने का अभियान है।

### स्पेस सेक्टर में 200 बच्चे शामिल

पीएम ने कहा कि 'देश में स्पेस स्टार्ट-अप तेजी से बढ़ रहे हैं। पांच साल पहले देश में 50 से भी कम स्टार्टअप थे। आज सिर्फ स्पेस सेक्टर में ही ये 200 से ज्यादा हो गए हैं। अगले महीने 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे है।

### युवाओं का विज्ञान और गणित में बढ़ा रुझान

'21वीं सदी में भारत में विज्ञान तेजी से आगे बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड में भारत के देवेश पंकज, संदीप कुची, देबदत्त प्रियदर्शी और उज्जवल केसरी ने मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया। गणित में भी भारत अपनी जगह बना रहा है।

### स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद

महान स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि '11 अगस्त 1980 को बिहार के मुजफ्फरपुर में हर हलचल थमी हुई थी। एक 18 साल का युवा अंग्रेजों के खिलाफ अपना देश-प्रेम व्यक्त करने की कीमत चुका रहा था।

### हैंडलूम के लिए महिलाओं का बखान किया

इसके बाद पीएम मोदी ने हर साल 7 अगस्त को नेशनल हैंडलूम दिवस मनाए जाने का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी की लड़ाई में खादी ने ताकत दी। पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के पैठण की कविता धवले का जिक्र किया, जो पैठणी साड़ी बनाकर बेच रही हैं। ओडिशा के मयूरभंज में आदिवासी महिलाएं संथाली साड़ी को फिर से जीवित कर रही हैं।

**भजन -कीर्तन कर पर्यावरण के प्रति जागरूक कर रहीं महिलाएं**

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में ओडिशा के क्योंझर जिले में भजन कीर्तन के जरिए जंगलों की आग के प्रति जागरूक किए जाने पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां राधाकृष्ण संकीर्तन मंडली पर्यावरण संरक्षण का काम कर रही है।

## खबर संक्षेप

### नवादा के मंदिरों में तोड़फोड़ से तनाव

**नवादा।** बिहार के नवादा में रविवार को नगर थाना क्षेत्र के मोती बीघा सूर्य मंदिर के पास दो मंदिरों में



भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की मूर्तियों को तोड़े जाने का मामला सामने आया है। घटना ने पूरे इलाके में सनसनी मचा दी। इस घटना से क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। इसे आपसी भाईचारा बिगाड़ने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

### एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट, 5 झुलसे

**देहरादून।** के एक घर में एलपीजी सिलिंडर में हुए गैस रिसाव के बाद ब्लास्ट हो गया। इस दौरान हादसे में



5 लोग घायल हो गए। घटना महंत इंद्रेश अस्पताल के पीछे टपरी, पूर्वी पटेलनगर के एक घर में हुई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि दो व्यस्क और तीन बच्चे झुलसे हुए थे। उन्हें तुरंत दून अस्पताल भिजवाया गया, जहां इलाज किया जा रहा है।

### थप्पड़बाज मीणा को 13 दिन बाद फिर जेल

**जयपुर।** मनोहरथाना के पिपलोदी स्कूल हादसे के बाद जिला अस्पताल में हंगामा करने के आरोप



में पुलिस ने नरेश मीणा और उनके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। मीणा पर राजकार्य में बाधा पहुंचाने, अस्पताल में आपातकालीन सेवाओं को बाधित करने, चिकित्साकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और अभद्रता करने का आरोप है।

### रात का खाना खाने के बाद 60 छात्राएं बीमार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नगरकुरनूल जिले में एक सरकारी बालिका आवासीय विद्यालय की



60 से अधिक छात्राओं को रात का खाना खाने के बाद उल्टी होने की शिकायत के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि उय्यालवाड़ा स्थित आवासीय विद्यालय में शनिवार रात खाना खाने के बाद 64 छात्राएं बीमार पड़ गईं। जांच की जा रही है।

### ठाणे में पहाड़ी पर फंसे 5 किशोरों को बचाया

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक पहाड़ी पर फंसे पांच किशोरों को प्रशासन ने बचा लिया है। ये



किशोर 'ट्रेकिंग' के दौरान रास्ता भटक गए थे। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि 18 साल की उम्र के ये शनिवार करीब 3 बजे मुंब्रा बायपास के किनारे आदिवासी पाडा में दालम बंगले के पास रास्ता भटक गए थे।

## पीएम मोदी ने चोलपुरम मंदिर में राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती पर कहा

# मैं काशी का सांसद...ॐ नमः शिवाय सुनकर खड़े हो जाते हैं सारे रोंगटे

### इसी ने लोकतंत्र की जननी की परंपरा को भी आगे बढ़ाया

एजेंसी ⏭ गंगईकोंडा (तमिलनाडु)

पीएम नरेंद्र मोदी ने गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में महान चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं काशी का सांसद हूं, जब 'ॐ नमः शिवाय' सुनते हैं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। एक प्रकार से ये राज राजा की श्रद्धा भूमि है और आज इलैयाराजा ने जिस प्रकार हम सभी को शिवभक्ति में डुबो दिया, क्या अद्भुत वातावरण था। पीएम मोदी ने कहा कि इतिहासकार मानते हैं कि चोल साम्राज्य का दौर भारत के स्वर्णिम युगों में से एक था। चोल साम्राज्य ने भारत को लोकतंत्र की जननी कहने की परंपरा को भी आगे बढ़ाया। इतिहासकार लोकतंत्र के नाम पर ब्रिटेन के मैग्ना कार्टा की बात करते हैं। लेकिन कई सदियों पहले, चोल साम्राज्य में लोकतांत्रिक पद्धति से चुनाव होते थे। हम ऐसे कई राजाओं के बारे में सुनते हैं जो दूसरे स्थानों पर विजय प्राप्त करने के बाद सोना, चांदी या पशुधन लाते थे। लेकिन राजेंद्र चोल गंगाजल लेकर आए।

### चोल साम्राज्य का दौर भारत के स्वर्णिम युगों में से था एक



**भगवान बृहदेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना**

पीएम मोदी ने चोलकालीन भगवान बृहदेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। वैदिक और शैव तिरुमुराई मंत्रोच्चार के बीच उन्हें आराधना करते देखा गया। वे एक कलश साथ लाए, जिसके बारे में बताया जा रहा है है कि उसमें गंगा नदी का जल है। मंदिर के पुजारियों ने पारंपरिक तरीके से पूर्ण कुंभम के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया। वेष्टि (धोती), सफेद कमीज और गले में अंगवस्त्र पहने पीएम ने मंदिर के भीतरी गलियारे की परिक्रमा की।

### चोल प्रथम की 1000वीं जयंती समारोह में स्मृति सिक्का किया जारी

पीएम मोदी रविवार को तमिलनाडु के अरियालुर जिले में गंगैकोंडा चोलपुरम



पहुंचे। वे यहां ऐतिहासिक आदी तिरुवथिरई उत्सव के समापन समारोह में शामिल हुए, जो चोल वंश के महान सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सम्राट के सम्मान में एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। स्मारक सिक्का जारी करने का निर्णय गंगैकोंडाचोलपुरम विकास परिषद ट्रस्ट के अध्यक्ष आर. कोमागन के अनुरोध पर लिया गया। यह सिक्का राजेंद्र चोल के शासन, वास्तुकला और दक्षिण-पूर्व एशिया तक चोल प्रभाव के विस्तार जैसे योगदान को सम्मानित करने के लिए है।

### हेलीपैड से बृहदीश्वर मंदिर तक भव्य रोड शो किया

पीएम मोदी ने हेलीपैड से गंगैकोंडा चोलपुरम के बृहदीश्वर मंदिर तक एक भव्य रोड शो किया। रास्ते में भारी भीड़ ने झंडे लहराकर और नारे लगाकर उनका स्वागत किया। पूरा गांव उत्सव के रंग में रंगा था, और मंदिर शहर को फूलों, पारंपरिक बैनरों और चोल-युग के प्रतीकों से खूबसूरती से सजाया गया था।



### चोल राजाओं ने भारत को सांस्कृतिक एकता में पिरोया

पीएम ने कहा कि चोल राजाओं ने भारत को सांस्कृतिक एकता में पिरोया था। सरकार, चोल युग के उन्हीं विचारों को आगे बढ़ा रही है। काशी-तमिल संगमम और सौराष्ट्र-तमिल संगमम जैसे आयोजनों के माध्यम से हम एकता के सदियों पुराने सूत्रों को और अधिक मजबूत कर रहे हैं। राजेंद्र ने उत्तरी क्षेत्रों से पवित्र गंगा जल लाया था।

### चोल साम्राज्य विकसित भारत के लिए प्राचीन रोडमैप जैसा

पीएम ने कहा कि चोल काल में भारत ने जो आर्थिक और सैन्य ऊंचाइयां हासिल की, वे प्रेरक हैं। राजाओं की दूरदर्शिता पर कहा कि राजराजा चोल ने एक शक्तिशाली नौसेना का निर्माण किया, जिसे राजेंद्र चोल ने और मजबूत किया। चोल साम्राज्य विकसित भारत के लिए एक प्राचीन रोडमैप की तरह है। यह हमें बताता है कि अगर हमें 'विकसित भारत' बनाना है, तो हमें अपनी नौसेना, रक्षा बलों को मजबूत करना होगा और नए अवसरों की तलाश करनी होगी।

## एनएएलएसए के सम्मेलन में बोले सीजेआई

# ज्ञान के बिना हक किसी काम के नहीं, जागरुकता बढ़ाएं



एजेंसी ⏭ श्रीनगर

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने रविवार को कहा कि ज्ञान के बिना अधिकार किसी काम के नहीं हैं। उन्होंने नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के महत्व पर जोर दिया। सीजेआई ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) के उत्तरी क्षेत्र क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि अतीत की विसंगतियों को दूर करने और कश्मीर को उसके पुराने स्वरूप में लौटाने की जरूरत है, जहां सभी समुदाय सद्भाव के साथ रहते थे। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों और वकीलों को मिलकर देश के अंतिम नागरिक के लिए न्याय सुनिश्चित करना होगा। नालसा इसी दिशा में काम करता है। हम नालसा के काम को देश के दूरदराज के इलाकों तक ले जाने की कोशिश कर रहे हैं-चाहे वह लद्दाख हो, पूर्वोत्तर हो या राजस्थान। कश्मीर की पिछले 35 वर्षों की स्थिति का स्पष्ट संदर्भ देते हुए सीजेआई ने कहा कि कुछ विसंगतियां रही हैं।

### इससे कश्मीर के पुनर्निर्माण में मदद मिलेगी

सीजेआई ने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह कार्यक्रम उस पारंपरिक कश्मीर के पुनर्निर्माण में मदद करेगा, जहां सभी समुदाय-हिंदू, मुस्लिम और सिख-एक साथ रहते थे। उन्होंने कहा कि देश के संविधान के जरिये हमने खुद से राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक स्तर पर न्याय का वादा किया है। हमारा दायित्व है कि हम न्याय को उसकी सच्ची भावना के अनुरूप लागू करें। कानूनी बिरादरी को संविधान के सच्चे मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए। जहां बाबासाहेब बीआर आंबेडकर 'एक व्यक्ति, एक वोट' के माध्यम से राजनीतिक न्याय ले आए, वहीं संविधान के सृजक ने सामाजिक विभाजन और एक खंड से दूसरे खंड में जाने में कठिनाई के बारे में बात की थी।

### मुझे ऐसा लगा मानो गृहनगर आ गया

सीजेआई ने कहा कि मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं अपने गृहनगर आ गया हूं। मुझ पर बरस रहे प्यार और स्नेह के लिए मैं आपका आभारी हूं। मैं जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के सभी हिस्सों में घूम चुका हूं। यहां की सूफी परंपरा भारत के संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देती है। सभी धर्मों के लोग यहां दरगाहों, मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों पर आते हैं। लद्दाख, कश्मीर और जम्मू के बार के प्रतिनिधियों की ओर से उठाए गए मुद्दों पर कहा कि हालांकि उनके पास इन पर विचार करने का अधिकार नहीं है।

## चौहान ने 'दिशा समिति' में की समीक्षा

# नशामुक्ति, बीज-खाद कालाबाजारी नकली खाद व आवास पर की चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को विदिशा संसदीय क्षेत्र का दौरा कर रायसेन में 'जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा)' की बैठक की। बैठक में नशामुक्ति, खाद कालाबाजारी, नकली खाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लखपति दीदियों, जल संरचना, ऊर्जा विभाग के कामकाज की प्रगति सहित अन्य जनकल्याण विषयों पर गहन चर्चा हुई।

### 'नकली खाद बेचना महापाप, दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें'

केंद्रीय मंत्री चौहान ने जिले में कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान योजनावार जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि, खाद की कालाबाजारी या नकली खाद बेचकर किसानों के साथ महापाप करने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने जिले में मूंग उपार्जन कार्य की भी जानकारी ली तथा उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। चौहान ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कहा कि रायसेन जिले को विकास और जनकल्याण के मामले में मॉडल बनाएं।

### पीएम आवास की किस्त समय पर जारी हो

चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आवास प्लस के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि योजना का क्रियान्वयन इस प्रकार हो कि हितग्राहियों को समय पर किश्त की राशि जारी हो। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और कार्य समय पर पूरे हो इसके लिए जिला स्तर पर सघन मॉनीटरिंग की जाए। वर्ष 2024-25 में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में कुल 27 हजार 981 आवास स्वीकृत किए गए जिनमें से 4 हजार 825 पूर्ण हो गए हैं और 23 हजार 156 प्रगतिरत हैं।

### हर गांव मुख्य मार्ग से जोड़ा जाए

केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नवनिर्मित और निर्माणाधीन सड़कों के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में प्रत्येक गांव को मुख्य सड़कों से जोड़ा जाए। जिले में 2024-25 में 276.236 किमी लंबाई की 30 सड़कें स्वीकृत की गई जिनमें से 28 सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इसी प्रकार योजना के तहत स्वीकृत किए गए 13 पुलों में से 09 पुलों का कार्य पूर्ण हो गया है। बैठक में एनएचएआई के कार्यों की भी समीक्षा की गई।

### कृषि विभाग को खेतों में जाकर फसलों का निरीक्षण करने के निर्देश

चौहान ने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषि विभाग का अमला खेतों का भ्रमण करें और फसल में रोग की समस्या होने पर किसानों को उचित कीटनाशक के प्रयोग की जानकारी दें। कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से किसानों को खेती की उन्नत और नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी जाए। रबी फसल हेतु तैयारियां करने के भी निर्देश दिए। जिले की बासमती धान विदेशों में रिजेक्ट किए जाने की जानकारी संज्ञान में लाने पर कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया किसानों को बताएं कि कुछ कीटनाशक विदेशों में प्रतिबंधित हैं।

### जांच में सहायता को प्रौद्योगिकी का उपयोग करना चाहिए: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जांच एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे जांच में सहायता के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का हर संभव प्रयास करें, क्योंकि इससे जांच की पारदर्शिता निश्चित रूप से बढ़ेगी और निष्पक्षता सुनिश्चित होगी। न्यायमूर्ति रविंद्र डुडेजा ने हेरोइन की जब्ती से संबंधित मामले में एक आवेदन पर फैसला करते हुए यह टिप्पणी की। न्यायाधीश ने 24 जुलाई को दिए आदेश में आरोपी रवि प्रकाश को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि यह कोई अनजान बात नहीं है कि 2023 में जब उसे गिरफ्तार किया गया था, तब वीडियोग्राफी या फोटोग्राफी के उपकरण उपलब्ध नहीं थे।

## सभी को एसटीएफ ने धर दबोचा

# हैदराबाद में रेव पार्टी की योजना बनाने के आरोप में 9 गिरफ्तार, मादक पदार्थ जब्त

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

तेलंगाना के हैदराबाद स्थित एक सर्विस अपार्टमेंट में रेव पार्टी आयोजित करने की कथित योजना बना रहे 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आबकारी विभाग के अधिकारी ने बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार प, आबकारी राज्य कार्यबल (एसटीएफ) की टीम ने कोंडापुर क्षेत्र में मार्ग पर पार्टी करने से पहले ही पकड़ लिया। आंध्र प्रदेश के अन्य आरोपियों एवं मादक पदार्थ तस्करों के साथ मिलकर प्रस्तावित पार्टी के लिए एक सर्विस अपार्टमेंट बुक किया था। एक ने 'डार्कनेट' (गुप्त वेबसाइट या ऑनलाइन नेटवर्क) से मादक पदार्थ खरीदा था।



### 2.080 किलोग्राम सूखा गांजा 50 ग्राम ओजी कुश बरामद

आबकारी एसटीएफ ने आरोपियों के कब्जे से 2.080 किलोग्राम सूखा गांजा, 50 ग्राम ओजी कुश (हाईब्रिड गांजा), अन्य मादक पदार्थ सहित अन्य चीजें जब्त की जो रेव पार्टी के लिए था। इसके अलावा 6वाहन भी जब्त किए हैं। इस मामले में 11 लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। 2 अन्य फरार हैं।

### उधर, पुणे में रेव पार्टी पर छापा

**पूर्व मंत्री खडसे के दामाद समेत 7 हिरासत में**



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में पुलिस ने एक रेव पार्टी पर छापा मारकर भारी मात्रा में ड्रग्स, हुक्का और शराब बरामद की। पुलिस ने7 लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खड़से के दामाद प्रांजल खेवलकर भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि एक फ्लैट पर रविवार की सुबह छापेमारी की गई।

**खराडी इलाके में सूचना के आधार पर मारा छापा**

पुलिस ने बताया कि उन्हें पुणे के खराडी इलाके में रेव पार्टी होने की सूचना मिली थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने छापेमारी की। छापे के दौरान गांजा, शराब और हुक्का बरामद किए गए।

## सुप्रीम कोर्ट में ईसी के दावे पर एडीआर ने उठाए सवाल

# मृतक भी बिहार में भर रहे 'सर' का फॉर्म

### एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने अनियमितता के आरोप लगाए




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (सर) को लेकर याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग पर कई आरोप लगाए हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और आरजेडी ने आरोप लगाया है कि सर में अनियमितताएं पाई गई है। याचिकाकर्ता ने कहा कि बीएलओ खुद गणना फॉर्म पर हस्ताक्षर करते पाए गए। मृत लोगों को फार्म भरते हुए दिखाया गया और जिन लोगों ने फार्म नहीं भरे थे, उन्हें यह संदेश दिया गया कि उनके फार्म पूरे हो गए हैं। एडीआर ने कहा कि मृत व्यक्तियों के भी फॉर्म जमा किए गए हैं।

सर को लेकर देशभर में तकरार लड़ाई आरपार

### प्रक्रिया में कोई अनियमितता नहीं : चुनाव आयोग



चुनाव आयोग के इस दावे का विरोध करते हुए कि इस प्रक्रिया में कोई अनियमितता नहीं हुई है। याचिकाकर्ताओं ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट को कहा कि चुनाव आयोग के आंकड़े कोई मायने नहीं रखते, क्योंकि अधिकांश फॉर्म बिना दस्तावेजों के जमा किए गए थे।

**बीएलओ उनके घर या मोहल्ले में नहीं आए**

सुप्रीम कोर्ट को दिए जवाब में आरजेडी ने कहा कि मीडिया रिपोर्टों में ऐसे अनगिनत उदाहरण दिए गए हैं जहां मतदाताओं ने शिकायत की है कि बीएलओ उनके घर या मोहल्ले में नहीं आए। बीएलओ फॉर्म पर मतदाताओं के जाली हस्ताक्षर करके उन्हें अपलोड करते भी पाए गए।

### मृत व्यक्तियों के भी फॉर्म जमा किए : आरजेडी

आरजेडी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की ओर समय पर लक्ष्य को पूरा करने के लिए मतदाताओं की जानकारी या सहमति के बिना बीएलओ की ओर से बड़े पैमाने पर गणना फॉर्म अपलोड किए जा रहे हैं। कई मतदाताओं ने बताया है कि उनके फॉर्म ऑनलाइन जमा कर दिए गए हैं, जबकि उन्होंने कभी किसी बीएलओ से मुलाकात नहीं की और न ही किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए।

# टीसीएस करने जा रहा 12,000 कर्मचारियों की छंटनी, एआई बनी बड़ी वजह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की दिग्गज आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) छंटनी करने जा रही है। कंपनी अपने पूरे वर्क फोर्स का 2 प्रतिशत (करीब 12000) कर्मचारियों को निकाल सकती है। टीसीएस की तरफ से यह छंटनी अगले साल की जा सकती है।


- टेक्नोलॉजी की वजह से हो रहे बदलाव के लिए कंपनी अपने को कर रही तैयार

टेक्नोलॉजी की वजह से हो रहे बदलाव में अपने आपको तत्पर और भविष्य के लिए तैयार रहने के लिए यह प्रयास हो रहे हैं। 'एआई और ऑपरेटिंग मॉडल में नई टेक्नोलॉजी की तरफ शिफ्ट कर रहे हैं। हम काम करने के अपने तरीक को बदल रहे हैं। हमें अपने आपको तत्पर रखना होगा।' उन्होंने कहा कि हम बड़े स्तर पर एआई का प्रयोग कर रहे हैं। साथ ही हम स्किल्स का मूल्यांकन भी कर रहे हैं जिनकी हमें भविष्य में जरूरत पड़ेगी।

## कंपनी पूरे वर्क फोर्स के दो प्रतिशत कर्मचारियों को निकाल सकती है

### छह लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत

*टीसीएस में जून के अंत तक 6,13,000 कर्मचारी थे। इस हिसाब से देखें तो 2 प्रतिशत करीब 12000 कर्मचारियों के बराबर होगा। बता दें, के. कृतिवासन ने कहा, 'यह एक कठिन फैसला है। लेकिन मजबूत टीसीएस के लिए हमें यह फैसला लेना होगा।' टीसीएस ने अभी कुछ हफ्ते पहले ही कर्मचारियों की बेंच नीति में बदलाव किया था। नए नियम के तहत कर्मचारियों को कम से कम 225 दिन बिल योग्य रखने होंगे। वहीं, बेंच समय 35 दिन से कम रखना होगा।*




### नई पॉलिसी

नई पॉलिसी के तहत कर्मचारियों को एक साल में कम से कम 225 बिलेबल डेज मेंटेन करने होंगे। इसका मतलब है कि उन्हें कम से कम 225 बिजनेस डेज ऐसे प्रोजेक्ट पर रहना होगा, जिससे कंपनी को रेवेन्यू मिलेगा।साथ ही बेंच पर रहने की अवधि अब 35 दिन तक सीमित रहेगी। प्रोजेक्ट से दूरी के टाइम को बेंच होल्डिंग टाइम कहा जाता है।

### सीईओ ने अब तक का सबसे कठिन फैसला बताया

के. कृतिवासन कहते हैं, 'हमने अपने सहयोगियों के करियर ग्रोथ में बड़ा निवेश किया है। लेकिन फिर भी हम पा रहे हैं कि कई भूमिकाओं की जरूरत भविष्य में नहीं पड़ेगी। ग्लोबल वर्कफोर्स के 2 प्रतिशत हिस्से पर इसका असर पड़ेगा। बतौर सीईओ यह मेरे लिए अब तक का सबसे कठिन फैसला होगा।' बता दें, के. कृतिवासन ने कहा कि मिडिल और सीनियर लेवल के कर्मचारियों पर इस फैसले का असर पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### मांग से तेल-तिलहन की कीमतों में आया सुधार

**नई दिल्ली।** त्योहारों का मौसम नजदीक आने के बीच मांग सुधरने के कारण घरेलू तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के दाम मामूली सुधार दर्शाते बंद हुए। मूंगफली तेल के भाव पूर्व सप्ताह के बंद स्तर पर स्थिर बने रहे।




### बाजार पूंजीकरण में रिलायंस को सबसे ज्यादा नुकसान

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2.22 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 294.64 अंक या 0.36 प्रतिशत नीचे आया।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## भारत ने एफटीए के तहत कई ब्रिटिश वस्तुओं पर शुल्क रियायतें दी

# भारत ने ब्रिटेन के पेस्ट्री, पालतू पशुओं के भोजन व सौंदर्य प्रसाधन पर शुल्क में राहत की पेशकश की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने हाल ही में हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत पेस्ट्री, पालतू पशुओं के भोजन, सौंदर्य प्रसाधन और माइक्रोवेव ओवन सहित कई ब्रिटिश वस्तुओं पर शुल्क में रियायतें दी हैं, जबकि घरेलू हितों की रक्षा के लिए संवेदनशील क्षेत्रों को इससे बाहर रखा है।

पिछले बृहस्पतिवार को हस्ताक्षरित व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) केक, प्रोटीन कॉन्संट्रेट, पशुओं के भोजन, साबुन, शेविंग क्रीम, डिटर्जेंट, और एयर कंडीशनर (एसी) व वाशिंग मशीन जैसे घरेलू उपकरणों जैसे ब्रिटिश उत्पादों तक शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करता है।

### ब्रिटिश कंपनियों से प्रतिस्पर्धा के लिए पर्याप्त समय

हालांकि, ये रियायतें विभिन्न क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से दी जा रही हैं ताकि भारतीय उद्योग को ब्रिटिश कंपनियों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार होने का पर्याप्त समय मिल सके।यह समझौता लगभग एक वर्ष में लागू होगा क्योंकि इसके लिए ब्रिटिश संसद की मंजूरी आवश्यक है।

घरेलू हितों की रक्षा के लिए संवेदनशील क्षेत्रों को बाहर रखा > भारत को ब्रिटिश उत्पादों तक शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करता है > ये रियायतें विभिन्न क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से दी जा रही हैं >


### कच्चे माल में चरणबद्ध रियायतें शामिल

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, "इस समझौते में विभिन्न क्षेत्रों- चॉकलेट और उपभोक्ता उपकरणों से लेकर औद्योगिक कच्चे माल तक में चरणबद्ध रियायतें शामिल हैं, जबकि रणनीतिक रूप से चाय, कॉफी और सोने जैसी संवेदनशील वस्तुओं को इससे बाहर रखा गया है। भारत कॉफी और चाय पर 110 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाता है।

### पेस्ट्री, केक पर लगता है 33 फीसदी कर

पेस्ट्री, केक और प्रोटीन कॉन्संट्रेट जैसे स्नैक आइटम, जिन पर क्रमशः 33 प्रतिशत और 44 प्रतिशत कर लगता है, 10 साल की अवधि में शुल्क-मुक्त हो जाएंगे। प्रसंस्कृत खाद्य श्रेणी में, पालतू जानवरों के भोजन, जिन पर वर्तमान में 22 प्रतिशत कर लगता है, को सात वर्षों के भीतर पूर्ण शुल्क समाप्ति का लाभ मिलेगा।





### 90 फीसदी वस्तुओं पर आयात शुल्क समाप्त होगा

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के विश्लेषण के अनुसार, भारत ने ब्रिटेन से आयातित लगभग 90 प्रतिशत वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करने या समाप्त करने की प्रतिबद्धता जताई है।

### शुल्क को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की योजना

इन वस्तुओं को सीईटीए के तहत किसी भी शुल्क राहत से बाहर रखा गया है, जो घरेलू किसानों और खाद्य प्रसंस्करणकर्ताओं की सुरक्षा के भारत के प्रयासों को दर्शाता है। शुल्क को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की योजना अलग-अलग समय-सीमाओं में बनाई गई है। उदाहरण के लिए, चॉकलेट, जिस पर वर्तमान में 33 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है, पर अगले सात वर्षों में समान वार्षिक कटौती के साथ यह शुल्क शून्य हो जाएगा।

### रासायनिक निर्यात को बढ़ावा मिलेगा

*केमेक्सिल ने रविवार को कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) देश के रासायनिक निर्यात और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने में मदद करेगा। इस समझौते से रसायन क्षेत्र की कई उत्पाद श्रेणियों को ब्रिटेन में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। रसायन निर्यातकों के संगठन केमेक्सिल ने कहा कि व्यापार समझौते के तहत रसायन क्षेत्रों की 1,000 से अधिक शुल्क लाइन या उत्पाद श्रेणियों को ब्रिटेन के बाजार में शून्य शुल्क पहुंच दी गई है।*

## सोना बीते 6 साल में 200 प्रतिशत उछला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोने की कीमत में हाल के दिनों में बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। पिछले छह वर्षों में अगर देखों तो इस पीली धातु की कीमतों में 200 प्रतिशत का उछाल आया है। साल 2019 के मई के महीने में जहां प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 30,000 रुपये थी। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अब ये 2025 के जून में बढ़कर एक लाख रुपये के भी पार कर चुकी है। सोने ने इस साल भी जबरदस्त रिटर्न दिया है। दरअसल, एमसीएक्स पर सोने का भाव 2019 के मई में प्रति 10 ग्राम 32,000 रुपए था जो इस समय बढ़कर प्रति 10 ग्राम 97,800 रुपए हो चुका है। यानी छह साल के दौरान 200 प्रतिशत का निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है। इन छह वर्षों में सोने ने अन्य निवेश विकल्पों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। इस साल एमसीएक्स पर सोना करीब 30 प्रतिशत का शानदार रिटर्न दिया है। जबकि अगर चांदी की बात करें तो उसकी कीमत भी 35 प्रतिशत ऊपर गई है। दूसरी ओर, निफ्टी 50 इंडेक्स जहां इस साल 4.65 प्रतिशत तो वहीं बीएसई सेंसेक्स 3.75 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। जबकि एचडीएफसी बैंक के शेयर 12.50 प्रतिशत और रिलायंस के शेयर ने 14 प्रतिशत से ज्यादा का मुनाफा दिया है।

### सोने में उछाल के कारण

दरअसल, सोने की कीमतों में इस उछाल की बड़ी वजह कोरोना महामारी से लेकर भूराजनीतिक तनाव, मौद्रिक नीतियों में ढिलाई और वैश्विक वित्तीय बाजार में अनिश्चितता की स्थिति रही है। अगले पांच वर्षों में सोने की कीमत एक लाख पैंतीस हजार से लेकर एक लाख चालीस हजार प्रति 10 ग्राम के बीच जा सकती है। दूसरी ओर एक रिपोर्ट में बाजार के जानकार के हवाले से बताया गया है कि अगले पांच वर्षों के दौरान सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिल सकती है। इस रिपोर्ट में बताया गया कि अगर यही रफ्तार बनी रही तो अगले पांच वर्षों के दौरान सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम 2,25,000 रुपए पर पहुंच सकती है।

## माइंडस्पेस रीट ने मैक सॉफ्टटेक में किया 100 प्रतिशत अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट माइंडस्पेस बिजनेस पार्क्स रीट ने 512 करोड़ रुपये में मैक सॉफ्टटेक प्राइवेट लि. (एमएसटीपीएल) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण की घोषणा की है। कंपनी ने एक बयान में यह कहा। मैक सॉफ्टटेक की हैदराबाद में 'क्यू सिटी' के नाम से 8.1 लाख वर्ग फुट की वाणिज्यिक संपत्ति है। इस अधिग्रहण के साथ माइंडस्पेस बिजनेस पार्क्स रीट (एमरीट) हैदराबाद के वित्तीय जिले में प्रवेश कर गयी है। के रहेजा कॉर्प समूह प्रायोजित एमरीट के पास देश के चार प्रमुख कार्यालय बाजारों...मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), पुणे, हैदराबाद और चेन्नई में उच्च-गुणवत्ता वाले ग्रेड ए कार्यालय हैं। कंपनी का यह रणनीतिक अधिग्रहण माइंडस्पेस रीट का अपने पोर्टफोलियो पार्क्स के बाहर पहला तृतीय पक्ष परिसंपत्ति का अधिग्रहण है।

## अमेरिकी बाजार से उत्पाद वापस मंगा रही तीन भारतीय कंपनियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू दवा कंपनियां सन फार्मा, ल्यूपिन और डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज विनिर्माण संबंधी समस्याओं और उत्पाद मिश्रण के कारण अमेरिकी बाजार से अपनी दवाएं वापस ले रही हैं। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने यह जानकारी दी है। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन की नवीनतम प्रवर्तन रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई की सन फार्मास्युटिकल



इंडस्ट्रीज अमेरिका में एक जेनेरिक दवा की 5,448 बोतलें वापस मंगा रही है।प्रिंसटन स्थित सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज इंक लिस्डेक्सामफेटामाइन डाइमेसिलेट कैप्सूल (60 मिलीग्राम) के प्रभावित लॉट को वापस मंगा रही है। इसने कहा कि दवा कंपनी ने इस साल 16 जून को अमेरिका में इस दवा के लिए वापसी प्रक्रिया शुरू की है। मुंबई की एक अन्य दवा निर्माता कंपनी ल्यूपिन उच्च रक्तचाप के इलाज में इस्तेमाल होने वाली एक जेनेरिक संयोजन दवा की 58,968 बोतलें वापस मंगा रही है।


### अब क्यूआर कोड के साथ बिकेगी कोल्हापुरी चप्पल


**कोल्हापुर।** भारत के सबसे प्रतिष्ठित पारंपरिक शिल्प में से एक कोल्हापुरी चप्पल, न केवल घरेलू फैशन जगत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी नए सिरे से लोकप्रिय हो रही है। एक इतालवी ब्रांड प्राडा पर इस चप्पल के दुरुपयोग का आरोप लगा है। अपनी जटिल कारीगरी और सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध और भौगोलिक संकेतक (जीआई) के दर्जे वाली यह हस्तनिर्मित चमड़े की सैंडल को अब क्यूआर कोड के रूप में सुरक्षा और प्रामाणिकता की एक अतिरिक्त परत के साथ उपलब्ध है। इसका श्रेय हालिया प्रौद्योगिकी और कानूनी नवोन्मेषण को जाता है। महाराष्ट्र के चमड़ा उद्योग विकास निगम (लिडकॉम) के अधिकारियों ने बताया कि इस कदम का उद्देश्य नकली कोल्हापुरी चप्पल की बिक्री पर रोक लगाना, प्रत्येक उत्पाद के पीछे कारीगर की पहचान को दर्शाना।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में देवेश और देबदत्ता की उपलब्धि को सराहा

# इंटरनेशनल कैमेस्ट्री ओलम्पियाड में एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट देवेश पंकज ने गोल्ड और देबदत्ता ने जीता था सिल्वर मैडल

**कोटा।** कॅरियर और केयर सिटी कोटा के विद्यार्थी अपनी उपलब्धियों से देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। भारतीय प्रतिभाओं के इस प्रदर्शन को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सराहा है। रविवार को प्रसारित हुए मन की बात के 124वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देवेश पंकज भैया व देबदत्ता प्रियदर्शी की उपलब्धि को सराहा है। ये दोनों एलन के क्लासरूम स्टूडेंट हैं। कैमेस्ट्री ओलम्पियाड का फाइनल यूएई में हुआ, जिसमें 4 स्टूडेंट्स ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था, इसमें दो एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट्स थे। देवेश पंकज भैया ने गोल्ड मैडल तथा देबदत्ता प्रियदर्शी ने सिल्वर मैडल जीता। देवेश ने कक्षा 12 के साथ तथा देबदत्ता ने






कक्षा 10 के साथ परीक्षा देते हुए यह उपलब्धि हासिल की।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले हमारे छात्रों ने इंटरनेशनल कैमेस्ट्री ओलम्पियाड में मैडल जीते हैं। इसमें देवेश पंकज, संदीप कुची, देबदत्ता प्रियदर्शी और उज्जवल केसरी ने भारत का नाम रोशन किया है। इसमें इसके साथ ही आस्ट्रेलिया में हुए इंटरनेशनल मैथेमेटिकल ओलम्पियाड में भी भारत ने अपनी पहचान को और मजबूत किया है। इंटरनेशनल मैथेमेटिकल ओलम्पियाड 3 गोल्ड, 2 सिल्वर व एक ब्रोंज मैडल हासिल किया है। उल्लेखनीय है कि देवेश पंकज भैया पिछले सात वर्षों से एलन कोटा का क्लासरूम स्टूडेंट हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के ओलम्पियाड में देश की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। यही कारण है कि हर वर्ष एलन स्टूडेंट्स इंटरनेशनल ओलम्पियाड में बेहतर प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं।

### पतंजलि योगपीठ में दो दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर हुआ संपन्न

**हरिद्वार।** पतंजलि वेलनेस और उद्धार जैफरीज नागपुर के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि योगपीठ में शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर 26 एवं 27 जुलाई क्रो पतंजलि वेलनेस में लगाया गया। हरिद्वार क्री ओर से दिव्यांगजन के सशक्तिकरण क्रो लेकर आयोजित दो दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आज सफलता पूर्वक समापन हुआ। इस जनसेवा शिविर में 250 से अधिक दिव्यांग लाभार्थियों को कृत्रिम हाथ, पैर, कैलिपर, बैसाखी आदि सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए गए। शिविर की सफलता क्रो देखते हुए यह तय किया गया कि शिविर क्रो हर तीन से चार माह के अंतराल में लगाया जायेगा। इस पुनीत अवसर पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज एवं संयुक्त महासचिव आचार्य बालकृष्ण जी महाराज स्वयं उपस्थित रहे। दोनों ने लाभार्थियों को उपकरण प्रदान किए और आत्मनिर्भरता की राह पर उनका उत्साहवर्धन किया।स्वामी रामदेव जी ने कहा कि ₹ये दिव्यांग नहीं, दिव्य आत्माएँ हैं। इन्हें सहानुभूति नहीं, सशक्तिकरण चाहिए।₹आचार्य बालकृष्ण जी ने भी शिविर में उपस्थित होकर दिव्यांगजनों के साथ संवाद किया और कहा कि ₹पतंजलि का उद्देश्य केवल आयुर्वेदिक स्वास्थ्य ही नहीं, अपितु प्रत्येक मानव को आत्मनिर्भर बनाना है, यही हमारी राष्ट्र सेवा है।₹ इस सेवा यज्ञ का आयोजन भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, उद्धार सेवा समिति, अनुभवी चिकित्सकों, दक्ष टेक्नीशियनों, तथा पतंजलि सेवा विभाग के सेवाभावी कार्यकर्ताओं के सहयोग से संपन्न हुआ।

## राशिफल

**मेष:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष:** कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क:** अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक:** आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु:** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर:** वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ:** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## फेड के फैसले और तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में अगले हफ्ते काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। जानकारों का मानना है कि कई बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे, फेडरल रिजर्व के ब्याज पर फैसले और विदेश पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की कारोबारी गतिविधियों पर इस हफ्ते बाजार की दिशा तय हो सकती है। इसके साथ ही, मासिक वाहन बिक्री के जारी किए जाने वाले आंकड़े, व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणा और वैश्विक बाजार के रुझानों की भी भारतीय बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। बाजार का फोकस एक अगस्त से लागू होने वाले अमेरिकी टैरिफ की समय-सीमा और थाइलैंड-कंबोडिया के बीच भूराजनीतिक तनाव पर भी होगी। गौरतलब है कि एक अगस्त को भारत समेत दर्जनों ऐसे देश हैं, जिनके ऊपर अमेरिकी प्रशासन की तरफ से जवाब शुल्क पर लगी रोक की अवधि खत्म हो रही है। ब्रोकिंग फर्म रेलिगेयर लिमिटेड के सीनियर वाइस चीफ अजित मिश्रा का कहना है कि नए महीने की शुरुआत कई अहम आर्थिक आंकड़ों के साथ होगी।

## शब्द पहेली - 5941




**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

### शब्द पहेली- 5940 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | हा | भा | र | त | | प | र | वा | ना |
| त | न | | स्क | | मा | हि | र | | र | ग |
| न | | त | र | क | श | | ख | र | | वा |
| ब | न्ध | क | | | बी | वी | | न | ज | र |
| द | | दी | | दा | न | | फां | | ल | |
| न | ज | र | बं | द | | न | सी | ब | वा | ला |
| | रु | | दी | | म | न | | च | | प |
| श | री | र | | जं | हा | | | प | गा | र |
| रा | | न | म | | सा | ग | वा | न | | वा |
| फ | ल | | स | ज | ग | | च | | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | | र | द्द | क | र | ना | |



# थर्ड सब जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप का समापन


हिसार। मुख्य अतिथि सांसद जयप्रकाश को स्मृति चिन्ह देते हरियाणा बॉक्सिंग संघ के पदाधिकारी।


हिसार। प्रतियोगिता में पंच लड़ाते खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि


हिसार। खिलाड़ियों को विजेता घोषित करते कोच। फोटो: हरिभूमि



- विजेताओं को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदकों से नवाजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में चल रही चार दिवसीय तीसरी सब जूनियर बॉयज़ एंड गर्ल्स हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 का रविवार को समापन हो गया। इस मौके पर हिसार से सांसद जयप्रकाश मुख्य अतिथि मौजूद रहे।

सांसद जेपी ने विजयी हुए खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में आयोजित तीसरी सब जूनियर गर्ल्स हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में 15 भार वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बाल मुक्केबाज़ों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों से नवाज़ा गया। इस मौके पर ओलंपियन अर्जुन अवॉर्डी जितेन्द्र सिंह और अर्जुन अवॉर्डी मनोज कुमार विशिष्ट अथिति रहे। इसके साथ ही हिसार बॉक्सिंग एसोसिएशन के प्रधान भगत सिंह हरियाणा बॉक्सिंग संघ के डायरेक्टर एडमिन ओमवीर हुड्डा, कंपीटीशन चेयरमैन अजमेर सिंह, उपप्रधान एडवोकेट मनोज कुश, उपप्रधान सुभाष, ऑर्गनाइजर विकास लोहान, नरेश वालिया, सुनील राणा, अनिल नैन, विकास इंदौरा, मेवा सिंह सहित कई अन्य कोच व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की प्रेरणा देते आयोजन: मेजर सत्याल

*हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रधान मेजर रिटायर्ड सतपाल सिंधु ने सभी आयोजकों को प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा बॉक्सिंग संघ द्वारा समय-समय पर कराई जाने वाली प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर देती हैं। ऐसे आयोजन न सिर्फ खेल संस्कृति को बढ़ावा देते हैं, बल्कि खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की प्रेरणा भी देते हैं।*



### हार व जीत खेल का हिस्सा: जयप्रकाश

*समापन अवसर पर सांसद जेपी ने कहा कि हार और जीत खेल का हिस्सा हैं। असली जीत तब होती है जब आप हर पंच के साथ हौसले को मजबूत करते हैं। मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ही आपके सबसे बड़े हथियार हैं। सपनों को सच करने का वक्त अब है, रिंग में उतरो और जीत को गले लगाओ।*

### अनुशासन, मेहनत और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की दिशा दिखाते आयोजन: पानू

हरियाणा बॉक्सिंग संघ के महासचिव रविन्द्र पान्नू ने बताया कि हरियाणा में बॉक्सिंग की परंपरा को सशक्त बनाने के लिए समय-समय पर होने वाली चैंपियनशिप अहम भूमिका निभाती हैं। ये आयोजन युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करते हैं और उन्हें अनुशासन, मेहनत और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की दिशा दिखाते हैं।

### प्रतियोगिताओं का नियमित आयोजन खिलाड़ियों के लिए अभ्यास का मंच बना: कुश

यूथ बॉक्सिंग एसोसिएशन के उप प्रधान मनोज कुश ने कहा कि प्रतियोगिताओं का नियमित आयोजन खिलाड़ियों के लिए अभ्यास का मंच बनता है। इससे उनमें आत्मविश्वास, तकनीक और प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। हरियाणा बॉक्सिंग संघ की यह पहल राज्य के खिलाड़ियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती है।

### इन खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड

▶▶| गोल्ड पदक की स्टेट चैंपियन कोमल, राजू, गरिमा, तमन्ना, गुंजन, मानसी, प्रांशी, आशु, तन्वी, सुरभि, जीविका, सुमन रानी, वंशिका आदि रहीं।

### इन्होंने जीता सिल्वर

▶▶| सिल्वर पदक की अक्षिता, दीक्षा, भूमिका, अमिती रविश, हिमांशी, यंशिका, प्रियंका, माहि पूनिया, खुशी, आरजू, सृष्टि, सामिक्शा, मानवी हकदार रही।

### इनको मिला कांस्य पदक

▶▶| खिलाड़ी नेहा, कनिका, किरण, खुशी, तन्वी, वाशु, मिस्टी रावल, कनिका, सोनिका, सृष्टि, लकी, काजल, मोनिका, सुहाना, नविता, नव्या, हिमाक्षी, कनिका, जूली, नुरानिया, श्रेया, मानवी, सान्वी मलिक, परिवेशा नैण, आशीमा बागड़ी, समिक्षा आदि ने कांस्य पदक जीते।

## खबर संक्षेप



### स्कॉटिश ओपन: 48वें स्थान पर पहुंची दीक्षा

**नॉर्थ आयशर (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर 2025 आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर के बाद 11 स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 48वें स्थान पर हैं। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो बार की विजेता 24 साल की दीक्षा ने तीसरे दौर में दो बर्डी और एक बोगी से एक अंडर 71 का स्कोर बनाया। वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से 59वें स्थान पर थीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही दो अन्य भारतीय प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक इससे पहले कट हासिल करने में नाकाम रहीं।

### जम्मू कश्मीर के खिलाड़ी जीत सकते हैं ओलंपिक में पदक: बिलकिस



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल बिलकिस मीर का मानना है कि बर्फ से ढकी ढलानें, ग्लेशियर से निकलने वाली नदियां और खिलाड़ियों की नई पीढ़ी को देखते हुए शीतकालीन खेलों और जलक्रीड़ा में राज्य के खिलाड़ियों के पास देश के लिए ओलंपिक पदक जीतने की क्षमता है। पेरिस ओलंपिक (2024) में जूरी सदस्य के रूप में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली भारतीय महिला मीर ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर और देश को पोडियम के शीर्ष स्थान पर देखना चाहती हैं और इस दिशा में अपने प्रयास जारी रखेंगी। जल क्रीड़ा खिलाड़ी मीर ने कहा, 'मेरा सपना है कि जम्मू-कश्मीर और देश को वैश्विक मंच पर शीर्ष स्थान पर देखूं। जम्मू-कश्मीर में ओलंपिक में जलक्रीड़ा और शीतकालीन खेलों में भारत का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने की क्षमता है क्योंकि हमारे पास प्राकृतिक संसाधन होने के साथ-साथ आवश्यक प्रतिभा भी है, जिसे बस निखारने की आवश्यकता है।'

### सीनियर ओपन: भारतीय खिलाड़ियों की तालिका में शीर्ष पर अटवाल

**सनिंगडेल (ब्रिटेन)।** अर्जुन अटवाल आईएसपीएस हांडा सीनियर ओपन गोल्फ के तीसरे दौर में 1-अंडर 69 का स्कोर करने के बाद संयुक्त 29वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों में तालिका में शीर्ष पर है। सीनियर्स टूर पर अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहे अटवाल ने शुरुआती दो दौर में 67 और 72 के कार्ड खेले थे। 54 होल के खेल के बाद उनका कुल स्कोर दो अंडर का है।




**चौथा टेस्ट: शुभमन ने सीरीज में 700 से ज्यादा रन ठोके**

# जडेजा-सुंदर की शानदार पारियों से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथा टेस्ट ड्रॉ कराया

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

वाशिंगटन सुंदर और रविंद्र जडेजा अपनी नाबाद शतकीय पारियों के दौरान दो से अधिक सत्र तक बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में रविवार को यहां पांचवें दिन भारत को हार के कगार से वापसी कराकर ऐतिहासिक ड्रॉ हासिल करने में सफल रहे। पांच मैचों की इस करीबी श्रृंखला में इंग्लैंड अब भी 2-1 से आगे है लेकिन तीन दिन (31 जुलाई) के बाद से शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट में अब भारत के पास श्रृंखला को बराबर करने का मौका होगा। पहली पारी में 311 रन से पिछड़ने के बाद भारत ने दूसरी पारी में बिना कोई रन बनाये दो विकेट गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद बल्लेबाजों ने मजबूत दृढ़ संकल्प दिखाया और अनुकूल परिणाम हासिल किया। मैच में भारत की वापसी का श्रेय कप्तान शुभमन गिल (238 गेंदों में 103 रन) और लोकेश राहुल (230 गेंदों में 90 रन) के बीच तीसरे विकेट के लिए हुई 188 रन की साझेदारी के साथ जडेजा (185 गेंदों में 107 रन नाबाद) और सुंदर (206 गेंदों में 101 रन नाबाद) के प्रयासों को जाता है। जडेजा और सुंदर ने पांचवें विकेट के लिए 203 रन की अटूट साझेदारी कर इंग्लैंड को मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। दोनों ने शतक जड़ने के साथ इंग्लैंड के गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों को थकाने में भी योगदान दिया। मैच के आखिरी घंटे का खेल शुरू होते समय इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स मैच खत्म करना चाहते थे, लेकिन सुंदर और जडेजा के शतक के करीब होने के कारण भारत ने खेल जारी रखने का फैसला किया।



### विदेशी सरजमीं पर दो भारतीय बल्लेबाजों ने बनाए 500 रन से अधिक



टेस्ट इतिहास में ऐसा दूसरी बार हुआ, जब विदेशी सरजमीं पर एक ही टेस्ट सीरीज में दो भारतीय बल्लेबाजों ने 500+ रन बनाए। इंग्लैंड के विरुद्ध इस टेस्ट सीरीज में शुभमन गिल ने चार मुकाबलों की आठ पारियों में 99.57 की औसत के साथ 697 रन बनाए हैं। वहीं, दूसरी तरफ केएल राहुल चार मुकाबलों की आठ पारियों में 72.57 की औसत के साथ 508 रन जोड़े हैं।

पहली बार यह कारनामा भारतीय बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज की सरजमीं पर 1970-71 में खेली गई टेस्ट सीरीज में किया था। सुनील गावस्कर ने उस सीरीज में 774 रन बनाए थे, जबकि दिलीप सरदेसाई ने 642 रन जोड़े।

### कप्तान के रूप में एक टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक शतक

वहीं शुभमन गिल अब कप्तान के रूप में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले संयुक्त रूप से विश्व के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। गिल से पहले सर डॉन ब्रैडमैन भारत के खिलाफ कप्तानी करते हुए चार शतक लगा चुके हैं। वहीं भारत के सुनील गावस्कर ने कप्तान रहते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में चार शतक ठोक दिए थे।

- 4 – सर डॉन ब्रैडमैन बनाम भारत, 1947/48 (घरेलू)
- 4 – सुनील गावस्कर बनाम वेस्टइंडीज, 1978/79 (घरेलू)
- 4 – शुभमन गिल बनाम इंग्लैंड, 2025 (विदेशी)**

### गावस्कर-कोहली क्लब में शामिल हुए गिल

इसके साथ ही शुभमन गिल ने किसी भारतीय बल्लेबाज की ओर से एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है। इंग्लैंड के खिलाफ जारी सीरीज में गिल ने चौथा शतक जड़ा है। भारत के लिए एक टेस्ट में सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से सुनील गावस्कर और विराट कोहली के नाम है। गावस्कर ने दो बार वेस्टइंडीज के खिलाफ एक सीरीज में चार शतक लगाए हैं। वहीं विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चार सेंचुरी ठोकी थीं।

**एक टेस्ट सीरीज में भारत के लिए सर्वाधिक शतक**

- 4 – सुनील गावस्कर बनाम वेस्टइंडीज़, 1971 (विदेश में)
- 4 – सुनील गावस्कर बनाम वेस्टइंडीज़, 1978/79 (घरेलू)
- 4 – विराट कोहली बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2014/15 (विदेश में)
- 4 – शुभमन गिल बनाम इंग्लैंड, 2025 (विदेश में)**

## पहले गेम में हम्पी और दिव्या के बीच भिड़ंत, 1-1 पर ड्रॉ

**बातुमी (जॉर्जिया)।** फिडे महिला वर्ल्ड कप 2025 का फाइनल दिव्या और हम्पी के बीच 26 जुलाई से शुरू हुआ। फाइनल में दो क्लासिकल गेम होंगे पहले गेम 26 को खेला गया, जो कि ड्रॉ रहा। वहीं अब दूसरा गेम रविवार को खेला जा रहा है। बता दें कि, क्लासिकल फॉर्मेट में हर खिलाड़ी को पहले 40 चालों के लिए 90 मिनट मिलेंगे।

### दिव्या का बेहतरीन प्रदर्शन



दिव्या देशमुख और दिग्गज कोनेरू हम्पी के बीच फिडे महिला वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। इस दौरान शनिवार को फाइनल के पहले गेम में दिव्या ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हम्पी को बराबरी पर

### हम्पी ने बनाया दबाव



वहीं ये मुकाबला भी अगर बराबरी पर खत्म होगा तो विजेता का निर्धारण करने के लिए कम अवधि के गेम खेले जाएंगे। शुरुआती गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला लेकिन दोनों अपने मौकों को भुनाने में सफल नहीं हुए।

## फाइनल में पहुंची लेलाह फर्नांडिज और अन्ना कालिन्सकाया

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

लेलाह फर्नांडिज हार्ड कोर्ट टेनिस प्रतियोगिता डीसी ओपन के फाइनल में सत्र का पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने उतरेंगी जबकि अन्ना कालिन्सकाया की नजरें करियर के पहले खिताब पर होंगी। अमेरिकी ओपन 2021 की उप विजेता फर्नांडिज ने 12 ऐस लगाते हुए सेमीफाइनल में 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना को तीन घंटे और 16 मिनट में 6-7, 7-6, 7-6 से हराया। कालिन्सकाया ने हालांकि फर्नांडिज से आधे से भी कम समय में ऐमा राडुकानु को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में जगह बनाने वाली फर्नांडिज और कालिन्सकाया दोनों गैरवरीय खिलाड़ी हैं।



### मनोर फाइनल में

पुरुष एकल में सातवें वरीय एलेक्स डि मनोर ने कोरेंटिन मोटेट को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अब उनकी भिड़ंत स्पेन के 12वें वरीय एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगी। फोकिना ने सेमीफाइनल में चौथे वरीय बेन शेल्टन को 6-2, 7-5 से हराया।

**विश्व विश्वविद्यालय खेल: भारत ने स्पर्धा में जीते दो स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक**

# अंकिता ने 3 हजार मीटर स्टीपलचेज में जीता रजत पदक

एजेंसी ▶▶| राइन रूहर (जर्मनी)

भारत की स्टीपलचेज एथलीट अंकिता ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों के अंतिम दिन 9:31.99 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ 3000 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीता। रविवार को कई भारतीय एथलीट ट्रैक स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। 23 वर्षीय अंकिता ने अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 9:39.00 सेकेंड से लगभग सात सेकेंड कम समय में रजत पदक जीता। वह फिनलैंड की इलोना मारिया मोनोनेन (9:31.86 सेकेंड) के मिली सेकेंड से पीछे रहीं। जर्मनी की अदिया बुड्डे ने 9:33.34 सेकेंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता।



### भारतीय पैदल चाल एथलीटों का प्रदर्शन निराशाजनक

रिले स्पर्धाओं में भारत पारंपरिक रूप से मजबूत है, जो पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर और चार गुणा 100 मीटर तथा महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले स्पर्धाओं में पदकों की संख्या को और बेहतर करने की कोशिश करेगा। भारतीय पैदल चाल एथलीटों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। कोई भी पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष 10 में भी जगह नहीं बना पाया। हालांकि कुछ ने व्यक्तिगत या सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला।

### अंकिता ने हीट 1 में हासिल किया था शीर्ष स्थान हासिल

अंकिता ने 9:54.79 सेकंड का समय निकालकर हीट 1 में शीर्ष स्थान हासिल किया था और फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। सुबह के सत्र में अंकिता के पदक जीतने के साथ भारत ने इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में अपने पदकों की संख्या दो स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदकों तक पहुंचा दी है। भारतीय महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने 3:35.08 सेकेंड से सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला, लेकिन यह पदक के लिए पर्याप्त नहीं था।

### तीरंदाज साहिल जाधव को स्वर्ण त्रिकूद में चित्रावेल ने जीता रजत

साहिल जाधव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले परनीत कौर महिला कंपाउंड के रोमांचक फाइनल में दक्षिण कोरिया की मून यीउन के खिलाफ दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रही और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इन दोनों के अलावा भारत ने कंपाउंड तीरंदाजों ने मिश्रित टीम स्वर्ण, पुरुषों की टीम रजत, महिलाओं की टीम कांस्य के साथ रिकर्व तीरंदाजों के निराशाजनक प्रदर्शन की काफी हद तक भरपाई भी कर दी। वहीं भारत के 24 वर्षीय एथलीट प्रवीण चित्रावेल ने अपने दूसरे प्रयास में 16.66 मीटर की शानदार छलांग लगाकर त्रिकूद में रजत पदक जीता। भुवनेश्वर ऑस्ट्रेलिया के कॉनर मर्फी से पीछे रहा, जिन्होंने 16.77 मीटर की इस सत्र की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई।

## विश्व तैराकी चैंपियनशिप में आर्यन-लिखित का सफर खत्म

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

भारतीय तैराक आर्यन नेहरा विश्व एक्वाटिक्स चैंपियनशिप में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गए जबकि एसपी लिखित भी अपनी स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। पुरुषों के 400 मीटर फ्रीस्टाइल वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे नेहरा चार मिनट 00.39 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट (शुरुआती दौर की रेस) में सातवें और कुल मिलाकर 37वें स्थान पर रहे। शीर्ष आठ तैराक फाइनल में पहुंचे।

ऑस्ट्रेलिया के सैमुअल शॉर्ट ने तीन मिनट 42.07 सेकेंड के सबसे कम समय के साथ हीट में शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरी ओर लिखित ने पुरुषों की 100 मीटर



ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा में एक मिनट 1.99 सेकेंड का समय लेकर कुल मिलाकर 40वां स्थान हासिल किया। शीर्ष 16 तैराकों ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। तुर्की के नुसरत अल्लाहवर्दी एक मिनट 1.11 सेकेंड के समय के साथ हीट में सबसे तेज तैराक रहे।

# युद्ध केवल हथियारों से नहीं जीते जाते, लॉजिस्टिक्स जैसे अदृश्य योद्धा की होती है जरूरत

## रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे के कारण भी बताए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के पीछे की असली वजह का खुलासा किया है। राजनाथ सिंह ने कहा है 'ऑपरेशन सिंदूर' केवल हथियारों की वजह से नहीं, बल्कि रसद (लॉजिस्टिक्स) की वजह से सफल हुआ। उन्होंने यह बात गति शक्ति विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में कही। यह विश्वविद्यालय रेलवे मंत्रालय के अंतर्गत आता है और लॉजिस्टिक्स पर ध्यान केंद्रित करता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने वाला यह ऑपरेशन दिखाता है कि कैसे कई एजेंसियों के तालमेल से सही समय पर सही जगह पर सामग्री पहुंची। राजनाथ सिंह ने लॉजिस्टिक्स को एक रणनीतिक संपत्ति बताया और कहा कि यह आधुनिक युद्ध का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

समारोह में बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय लॉजिस्टिक्स को दिया। उन्होंने कहा कि युद्ध केवल हथियारों से नहीं जीते जाते, बल्कि समय पर सामग्री पहुंचाने से जीते जाते हैं। उन्होंने कहा, जीत और हार लॉजिस्टिक्स से तय होती है, पूरी दुनिया ने इसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखा।

तालमेल से सही समय पर सही जगह पहुंची सामग्री

ऑपरेशन सिंदूर में दिखी लॉजिस्टिक्स की ताकत



### रक्षा मंत्री ने समझाया लॉजिस्टिक्स का मतलब

*राजनाथ सिंह ने सेना, नौसेना और वायु सेना के उदाहरणों का हवाला देते हुए बताया कि लॉजिस्टिक्स का मतलब अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग-अलग होता है। उन्होंने कहा, सेना के लिए, इसका मतलब है हथियारों, ईंधन, राशन और दवाओं को दूरदराज के इलाकों तक पहुंचाना। नौसेना के लिए, इसका मतलब है जहाजों तक स्पेयर पार्ट्स और उपकरण पहुंचाना। वायु सेना के लिए, निर्बाध जमीनी समर्थन और ईंधन की आपूर्ति महत्वपूर्ण है। उन्होंने चेतावनी दी कि समय पर लॉजिस्टिक्स के बिना उन्नत तकनीक भी बेकार है। उन्होंने कहा, जरा सोचिए, अगर हमारे पास उन्नत मिसाइल सिस्टम हैं, लेकिन उन्हें लॉन्च करने के लिए जरूरी इलेक्ट्रॉनिक्स समय पर नहीं पहुंचते हैं, तो वह तकनीक किसी काम की नहीं है।*

**मौन नायक लॉजिस्टिक्स काफी कमाल का भी है**

अपने भाषण के अंत में रक्षा मंत्री ने कहा, देश की सुरक्षा केवल सीमाओं पर लड़ते जवान नहीं करते, बल्कि वह हर हाथ करता है जो पीछे से उनकी जरूरतों को समय पर पहुंचाता है। यही असली राष्ट्रसेवा है। लॉजिस्टिक्स हमारे देश का मौन नायक है- अनदेखा, अनकहा, लेकिन अत्यंत शक्तिशाली। उनका मानना है कि गति शक्ति विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों को भारत को एक वैश्विक लॉजिस्टिक पॉवर हाउस बनाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे खुद को केवल 'डिग्रीधारी' न समझें, बल्कि राष्ट्र के 'डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर' का अभिन्न हिस्सा मानें।

### तीनों सेनाओं के लिए अलग-अलग जरूरतें

रक्षा मंत्री ने अपने भाषण में लॉजिस्टिक्स के व्यापक अर्थ को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा, थल सेना के लिए लॉजिस्टिक्स का मतलब है हथियारों, राशन, ईंधन और दवाओं को दुर्गम और सीमावर्ती इलाकों तक पहुंचाना। नौसेना के लिए समुद्र में तैनात जहाजों तक स्पेयर पार्ट्स और तकनीकी सहायता भेजना। और वायुसेना के लिए बेस स्टेशन पर हर वक्त उपलब्ध ग्राउंड सपोर्ट, फ्यूलिंग यूनिट्स, टेलीमेट्री सिस्टम और अन्य हार्डवेयर को सक्रिय रखना।

### भविष्य में एआई की बड़ी भूमिका

राजनाथ सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि आने वाले समय में जब युद्ध और अधिक नेटवर्क-सेंट्रिक, स्वचालित और बहु-आयामी होंगे, तब लॉजिस्टिक्स की भूमिका और भी निर्णायक होगी। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक्स अब केवल ट्रांसपोर्ट और सप्लाई तक सीमित नहीं रहा। यह डेटा ट्रैकिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), उपग्रह संचार, और रीयल-टाइम डिस्पैचिंग जैसी टेक्नोलॉजी से भी जुड़ चुका है।

## खबर संक्षेप

### पहली बार नेवी डे परेड रद्द पुतिन ने भी बनाई दूरी

**मॉस्को।** रूस ने 27 जुलाई को हर साल मनाई जाने वाली अपनी पारंपरिक और प्रतिष्ठित नौसेना



परेड को रद्द कर दिया। 'नेवी डे' के मौके पर सेंट पीटर्सबर्ग में होने वाली इस परेड को सुरक्षा कारणों के चलते पहली बार रद्द किया गया है। खास बात ये रही कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी इस बार परेड में शामिल नहीं हुए। उन्होंने सिर्फ एक वीडियो संदेश के ज़रिए संबोधित किया। दरअसल, एक दिन पहले यूक्रेन ने कई रूसी शहरों पर 100 से अधिक ड्रोन हमले किए।

### इजराइल ने गाजा में पहली बार मदद पहुंचाई

**तेलअवीव।** इजराइल ने हमास के खिलाफ जंग के बाद रविवार को



पहली बार गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाई है। आईडीएफ ने आटा, चीनी, दवाई और डिब्बाबंद खाना गाजा में हवाई मार्ग से पहुंचाया। यह कदम अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर उठाया गया। वहीं, इजराइल ने गाजा के कुछ हिस्सों में सीजफायर और संयुक्त राष्ट्र के लिए सुरक्षित रास्ते बनाने का भी ऐलान किया ताकि वहां की जनता को मदद पहुंचाया जा सके।

## एफटीए के चलते कई देश भारत से व्यापार करने के इच्छुक

# 20 दिन में 1,000 बैठकें, कार्यशालाएं होंगी व्यापार समझौते पर जागरूक करेगी सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। अब सरकार देशभर में हितधारकों के साथ बैठक कर लोगों को इस समझौते के बारे में जागरूक करेगी। सरकार अगले 20 दिनों में देश भर में हितधारकों के साथ बैठकें करेगी, कार्यशालाओं, जागरूकता अभियानों और फीडबैक सत्रों सहित 1,000 आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस कवायद का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि व्यापार समझौते के अधिकतम लाभ देश के लोगों को मिल सकें। भारत ने ब्रिटेन की चॉकलेट, बिस्किट और सौंदर्य प्रसाधनों सहित विभिन्न उपभोक्ता वस्तुओं के लिए अपना बाजार खोल दिया है। वहीं भारत के कपड़ा, फर्नीचर, जूते, रत्न और आभूषण, खेल के सामान और खिलौनों जैसे उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में पहुंच मिलेगी। इसके अलावा, ब्रिटेन में कार्यरत टीसीएस और इंफोसिस जैसी भारतीय कंपनियों को भारत से आने वाले कर्मचारियों के लिए तीन साल तक सामाजिक सुरक्षा अंशदान नहीं करना होगा। समझौते के तहत, ब्रिटेन की स्कॉच व्हिस्की पर भारत में शुल्क 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा और 2035 तक इसे और घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया जाएगा। भारत, ऑटोमोबाइल पर भी आयात शुल्क को पांच वर्षों में घटाकर 10 प्रतिशत कर देगा, जो वर्तमान में 110 प्रतिशत दर है।

*99% भारतीय सामान ब्रिटेन में शुल्क-मुक्त हो जाएगा*

*अमेरिका न्यूजीलैंड ओमान, चिली पेरू और यूरोपीय संघ के साथ बातचीत शुरू*

*भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे*



### व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य

व्यापार समझौते के लाभों के बारे में जानकारी देने के लिए सरकार की विभिन्न टीमें विभिन्न राज्यों का भी दौरा करेंगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व्यापार समझौते पर चमड़ा और टेक्सटाइल सेक्टर के लोगों के साथ बैठक करेंगे। व्यापार समझौता लागू होने के बाद 99 प्रतिशत भारतीय सामान ब्रिटेन में शुल्क-मुक्त हो जाएगा। इससे कार, सौंदर्य प्रसाधन और व्हिस्की जैसे ब्रिटिश उत्पादों पर भारत में भी शुल्क कम हो जाएगा। इस समझौते का उद्देश्य 2030 तक दोनों देशों के बीच 56 अरब अमेरिकी डॉलर के व्यापार को दोगुना करना है।

### घरेलू ऑटोमोटिव क्षेत्र का रखा गया है ध्यान

*भारत ने व्यापार समझौते के तहत, घरेलू ऑटोमोटिव उद्योग का भी ख्याल रखा है और विशेष रूप से मध्यम और छोटी कारों और कम कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहनों की रक्षा करते हुए, ब्रिटिश ऑटो निर्यातकों को केवल बड़े पेट्रोल और डीजल वाहनों और महंगे इलेक्ट्रिक वाहनों पर ही शुल्क में रियायतें प्रदान की हैं। समुद्री उत्पाद (सी फूड), जिन पर वर्तमान में 4.2 प्रतिशत से 8.5 प्रतिशत के बीच कर लगता है, इस समझौते के लागू होने के बाद शुल्क-मुक्त हो जाएंगे। व्यापार समझौते से भारत के टेक्सटाइल क्षेत्र को बड़ा फायदा होगा, जिसकी अब ब्रिटेन के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच होगी। इससे ब्रिटेन के बाजार में भारतीय उत्पादों की कीमत कम होगी और भारतीय टेक्सटाइल उत्पादों को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है।*

### जल्द मिलेगी कामयाबी

### ओमान और यूरोपीय संघ के कई देश भारत से व्यापार को तैयार, चल रही बातचीत

*केंद्रीय वाणिज्य एवं व्यापार मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कई देशों के साथ व्यापार संबंधों को बेहतर बनाने के लिए चर्चा चल रही है। भारत ने ब्रिटेन के साथ एक ऐतिहासिक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे दोनों देशों के लिए अरबों डॉलर के अवसर खुलेंगे। पीयूष गोयल ने मीडिया से बात करते हुए कहा, न्यूजीलैंड, ओमान, चिली, पेरू और यूरोपीय संघ के साथ बहुत अच्छी बातचीत चल रही है। द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ भी अच्छी बातचीत चल रही है। वाणिज्य मंत्री ने जोर देकर कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इन सभी वार्ताओं के सकारात्मक परिणाम निकलेंगे। गोयल ने पिछले हफ्ते कहा था कि भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) आधिकारिक तौर पर 1 अक्टूबर से लागू होगा, जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इस बीच अमेरिका के साथ बातचीत जारी है। भारत और अमेरिका की टीमों ने वाशिंगटन डीसी में प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूरी कर ली है।*

## हेरोइन के पीछे था लश्कर-ए-तैयबा

# पाक से जुड़े नार्को-टेरर नेटवर्क का हुआ पर्दाफाश



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू और पंजाब में पिछले साल अगस्त में पकड़ी गई 46 किलो हेरोइन की खेप के मामले में स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) ने पहली चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस केस में पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा बड़ा खुलासा हुआ है। इस केस की शुरुआत 9 अगस्त 2023 को हुई थी, जब पंजाब के तरनतारन निवासी सर्ताज सिंह को जम्मू के बस स्टैंड इलाके से 33.580 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था।

यह गिरफ्तारी खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी। जांच के दौरान दूसरा आरोपी अमृतपाल सिंह उर्फ फौजी सामने आया, जो घटनास्थल से एक और खेप के साथ भाग निकला था, लेकिन बाद में पंजाब पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसके पास से 12.626 किलो हेरोइन और बरामद हुई। मामले के अंतरराष्ट्रीय स्तर के आतंकी कनेक्शन सामने आने के बाद इसे एसआईए जम्मू को सौंप दिया गया।

### एसआईए ने दाखिल की चार्जशीट

*एसआईए ने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। जांच में यह सामने आया है कि अमृतपाल सिंह का सीधा संपर्क पाकिस्तान में बैठे एक लश्कर-ए-तैयबा के हैंडलर से था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह एक नार्को-टेररिज्म का मामला है। एक अधिकारी ने बताया कि इस केस में तकनीकी, वैज्ञानिक और मानवीय सूचनाओं का प्रयोग करके ठोस सबूत इकट्ठा किए गए हैं, जिनके आधार पर आरोपियों पर एनडीपीएस और यूएपीए के गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।*

## अमृतसर में आईएसआई से जुड़ा तस्कर गिरोह पकड़ा

# 5 गिरफ्तार, एके असॉल्ट राइफल 2 पिस्टल और 7.5 लाख बरामद

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। अमृतसर रूरल पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों की मदद से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े एक तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह भारत में हथियार और ड्रग्स भेजने के काम में शामिल था। पुलिस ने इस कार्रवाई में 5 लोगों को गिरफ्तार किया है।

इनके पास से काफी मात्रा में हथियार, गोलियां और नकदी बरामद की गई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि इनका सीधा संपर्क पाकिस्तान में बैठे आईएसआई




एजेंटों से था। पकड़ी गई खेप नव उर्फ नव पंडोरी को सौंपी जानी थी, जो कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया का नजदीकी साथी माना जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह नेटवर्क आतंकवाद और गैंगस्टर गिरोहों के गठजोड़ का हिस्सा है।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पुलिस प्रदेश में आतंकवाद, संगठित अपराध और तस्करी जैसे अपराधों को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस ने यह भी कहा कि राज्य में शांति, सुरक्षा और सद्भाव बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी। आरोपियों से जब्त इम्पोर्टेड हथियार बरामद हुए हैं जिसमें एक एके सैगा 308 असॉल्ट राइफल (2 मैगजीन सहित),दो ग्लॉक 9एमएम पिस्तौल (4 मैगजीन सहित), एके राइफल के 90 जिंदा कारतूस, 9एमएम के 10 जिंदा कारतूस, 7.50 लाख की ड्रग मनी, एक कार और तीन मोबाइल फोन शामिल हैं।

## दुकानों में लगा दी आग

# पूर्वी कांगो में विद्रोहियों ने किया हमला, 21 लोगों को मार डाला

एजेंसी ▶▶ कोमांडा

पूर्वी कांगो में रविवार को एक इस्लामिक स्टेट समर्थित विद्रोही समूह अलाइड डेमोक्रेटिक फ़ोर्स (एडीएफ) की ओर से किए गए हमले में कम से कम 21 लोग मारे गए। अधिकारियों के अनुसार, ये हमले कोमांडा शहर के एक कैथोलिक चर्च परिसर में हुए। हमलावरों ने रात के वक्त चर्च और आसपास की कई दुकानों व घरों में आग भी लगा दी। कांगो के कोमांडा शहर के नागरिक समाज समन्वयक डियूडोने डुरानथाबो ने स्थानीय मीडिया से बात करते हुए बताया




कुछ शव जले हुए पाए गए और कई घरों में आग लगी है। फिलहाल, तलाशी अभियान जारी है। कांगो सेना ने इस हमले में मारे गए लोगों की संख्या को लेकर एक कम आंकड़ा दिया। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जूल्स न्गोंगो ने कहा कि हमला करीब 10 लोगों की मौत का कारण बना।

## करीब 2 लाख लोग हुए विस्थापित

# थाइलैंड और कंबोडिया के बीच जंग जारी, 33 की मौत

एजेंसी ▶▶ बैंकाक

शिव मंदिर को लेकर थाइलैंड और कंबोडिया का संघर्ष शनिवार-रविवार को तीसरे चौथे दिन भी जारी रहा। दोनों ओर से हो रही फायरिंग और गोलाबारी में अभी तक 33 लोग मारे गए हैं और करीब 1,70,000 लोग विस्थापित हुए हैं। संघर्ष रोकने के लिए दोनों पक्षों पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ता जा रहा है। बुधवार को प्रसात ता मोआन थोम मंदिर के नजदीक लैंडमाइन विस्फोट से थाइलैंड के पांच सैनिकों के घायल होने के बाद दोनों देशों के बीच तनाव एकाएक बढ़ गया था और उसकी परिणति गुरुवार सुबह



लड़ाई छिड़ने से हुई। दोनों देशों की 817 किलोमीटर लंबी सीमा पर दर्जन भर जगह लड़ाई छिड़ी हुई है। कंबोडिया ने शनिवार की लड़ाई में अपने 12 लोगों के मारे जाने की जानकारी दी है। इन्हें मिलाकर तीन दिनों की लड़ाई में वहां मरे लोगों की कुल संख्या 13 हो गई है। जबकि थाइलैंड में 20 लोग मारे गए हैं जिनमें ज्यादातर नागरिक हैं।

दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अमेरिका और चीन ने संघर्षविराम के लिए दोनों देशों पर दबाव बढ़ा दिया है। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय की प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल माली सोचेता ने कहा है कि लड़ाई के बीच कंबोडिया के कोह कोंग प्रांत के नजदीक समुद्र में थाई नौसेना के चार युद्धपोत लंगर डाले हुए हैं और चार अन्य वहां आ रहे हैं। कंबोडिया में करीब 38 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। जबकि थाइलैंड की सेना ने कंबोडिया के आरोपों को गलत बताते हुए प्रतिद्वंद्वी देश पर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया है।

## विमान के पहियों में आग लगी, मची चीख पुकार

# बच्चों को गोद में चपेटा और जान बचाकर भागे विमान के यात्री

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के डेनवर एयरपोर्ट पर मियामी जा रहे अमेरिकन एयरलाइंस के विमान के पहियों में आग लग गई। टेकऑफ से पहले लैंडिंग गियर में आग के कारण 173 यात्रियों को इमरजेंसी स्लाइड से बाहर निकाला गया। घटना का वीडियो वायरल हो गया है। एक यात्री के बच्चे से ज्यादा सामान बचाने की कोशिश पर भी विवाद हुआ है। अमेरिका के डेनवर एयरपोर्ट पर शनिवार को एक बड़ा विमान हादसा बाल-बाल टल गया। अमेरिकन एयरलाइंस की मियामी जाने वाली फ्लाइट एए-3023 के लैंडिंग गियर में आग लग गई। इस घटना ने रनवे पर अफरा-तफरी मचा दी। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें दिख रहा है कि किस तरह यात्री जान बचाकर विमान से बाहर भाग रहे हैं और चारों ओर धुआं फैला है। विमान में 173 यात्री और 6 क्रू मेंबर सहित 179 लोग सवार थे। यह घटना दोपहर 2:45 बजे (स्थानीय समय) के आसपास हुई जब बोइंग 737 मैक्स 8 विमान टेकऑफ की तैयारी कर रहा था। उसी दौरान लैंडिंग गियर में तकनीकी खराबी के कारण धुआं उठने लगा और कुछ ही देर में उसमें आग लग गई। डेनवर एयरपोर्ट प्रशासन और फायर डिपार्टमेंट की टीम को तुरंत अलर्ट किया गया। मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि यात्री घबराए हुए विमान की इमरजेंसी स्लाइड से नीचे फिसलते हुए बाहर आ रहे हैं। इस दौरान चारों ओर धुआं फैला हुआ था। एक यात्री की हरकत पर विशेष रूप से चर्चा हो रही है जो आग की इस स्थिति में एक हाथ में बच्चा और दूसरे में सामान लेकर फिसलता दिखा। वह गिर भी गया और सोशल मीडिया पर उसकी आलोचना हो रही है कि उसने सामान को बच्चे से ज्यादा प्राथमिकता दी।

वीडियो में दिखी दहशत, सभी को बाहर निकलने की थी जल्दी

एक यात्री बच्चों की परवाह किए बगैर सामान बचाने लगा, विवाद



### एक व्यक्ति जख्मी

*डेनवर एयरपोर्ट और अमेरिकन एयरलाइंस की ओर से जारी बयान के मुताबिक, इस घटना में एक व्यक्ति को मामूली चोट आई है जिसे गेट पर प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल ले जाया गया। वहीं, पांच अन्य यात्रियों की मौके पर जांच की गई लेकिन उन्हें अस्पताल नहीं भेजा गया। सभी यात्रियों को बस के जरिए टर्मिनल तक पहुंचाया गया।*

### एफएए ने शुरू की हादसे की जांच

फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने इस पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। आग लगने के बाद कुछ समय के लिए डेनवर एयरपोर्ट के रनवे पर अन्य उड़ानें भी रोक दी गई थीं। हालांकि, आग बुझाने और यात्रियों को निकालने के बाद स्थिति को सामान्य किया गया।

**मेंटेनेंस बना हादसे की वजह**

एयरलाइंस के अनुसार, विमान को पहले ही मेंटेनेंस समस्या की चेतावनी मिली थी, जो टायर से जुड़ा था। उड़ान से पहले यह तकनीकी गड़बड़ी गंभीर साबित हुई। आग लगने के बाद विमान को सेवा से हटा दिया गया है और इसकी जांच शुरू कर दी गई है। एयरलाइंस ने अपने बयान में यात्रियों से माफी मांगी और कर्मचारियों की तत्परता की सराहना की।

## चेंजिंग रूम में वीडियो बनाते पकड़ा युवक

# तुर्की दूतावास से कोई कनेक्शन होने की बढ़ी आशंका,जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ तेलअवीव

इजराइल के तेल अवीव से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे क्षेत्र को हिला दिया है। इजरायली पुलिस ने 29 वर्षीय विदेशी नागरिक को उस समय गिरफ्तार किया जब वो बीच पर स्थित महिलाओं के चेंजिंग रूम में घुसकर नाबालिग लड़कियों की छिपकर वीडियो बना रहा था। इस मामले में आरोपी के तुर्की दूतावास से संबंध होने का संदेह जताया जा रहा है।

पुलिस को 100 इमरजेंसी हेल्पलाइन पर मिली कॉल के बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को बीच के पास ही पकड़ लिया गया। यह मामला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी



संवेदनशील हो गया है, क्योंकि आरोपी विदेशी मिशन से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, रविवार को हेल्पलाइन पर आई एक कॉल में शिकायत की गई कि एक व्यक्ति महिलाओं के चेंजिंग रूम में घुसकर वहां मौजूद नाबालिग लड़कियों की वीडियो रिकॉर्डिंग कर रहा है। तेल अवीव सेंट्रल स्टेशन और स्पेशल पेट्रोल यूनिट की टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109